स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

लखनऊ, शनिवार
30 मई, 2026
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष 14
सं. 2083 वि.
वर्ष 79, अंक - 277 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर * *
मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net

ऋषभ पंत ने छोड़ी लखनऊ सुपर जाएंट्स की कप्तानी



## मोदी नीट मामले में खुद निगरानी कर रहे : सरकार

### एनटीए ने सुप्रीम कोर्ट में बताया- पेपर लीक के बाद बड़े लेवल पर सुरक्षा सुधार किए




**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को नीट-यूजी पेपर लीक मामले से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई की। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद जांच की निगरानी कर रहे हैं। जस्टिस नरसिम्हा ने शिक्षा मंत्रालय से नीट-यूजी परीक्षाओं की जांच की प्रक्रिया और निष्कर्ष का ब्यौरा मांगा है। एनटीए ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा देकर बताया कि उसने नीट-यूजी पेपर लीक के बाद बड़े लेवल पर सुरक्षा सुधार किए हैं।

एनटीए ने सुप्रीम कोर्ट को यह भी जानकारी दी कि हाई-लेवल कमेटी ऑफ एक्सपर्ट्स की कई सिफारिशों को लागू किया जा चुका है, जबकि कुछ पर तेजी से काम चल रहा है। एजेंसी के पुनर्गठन के तहत एनटीए में 16 नए वरिष्ठ पद बनाए गए हैं, जिनमें डायरेक्टर और जॉइंट डायरेक्टर स्तर के पद शामिल हैं। इसके अलावा दो जॉइंट सेक्रेटरी स्तर के अधिकारियों को अतिरिक्त महानिदेशक नियुक्त किया गया है। इनमें एक अधिकारी तकनीकी संचालन की निगरानी करेंगे, जबकि दूसरे परीक्षा सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालेंगे। मार्च 2026 में एक सचिव स्तर के अधिकारी को एनटीए का महानिदेशक भी नियुक्त किया गया था। नीट पेपर लीक मामले में फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन (एफएआईएमए), यूनाइटेड डॉक्टर्स फ्रंट (यूडीएफ) और अन्य ने एनटीए के कामकाज को कोर्ट में चैलेंज किया है। इससे पहले 25 मई को सुनवाई हुई थी। तब कोर्ट ने एनटीए को फटकार लगाई थी। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की बेंच ने एनटीए को फटकारते हुए कहा था कि यह दुखद की बात है कि आपने (एनटीए) ने पहले हुए पेपर लीक मामले से कोई सबक नहीं लिया। बेंच ने कहा था कि साल 2024 में भी पेपर लीक का मामला कोर्ट तक पहुंचा था। तब एक कमेटी बनाई गई थी, जिसने कई सिफारिशें दीं, जिन्हें स्वीकार भी किया गया था। एनटीए 28 मई तक हलफनामा दाखिल करे और बताए कि 2024 में दिए गए निर्देशों और मॉनिटरिंग कमेटी की सिफारिशों पर क्या कदम उठाए गए। कोर्ट ने मौजूदा मामले में केंद्र सरकार और सीबीआई से भी जवाब मांगा था।

### टीईटी पास करने की समय सीमा बढ़ी

सुप्रीम कोर्ट ने देशभर के हजारों शिक्षकों को राहत देते हुए टीईटी पास करने की डेडलाइन एक सालके लिए बाधा दी है। अब शिक्षकों को 31 अगस्त 2028 तक टीईटी परीक्षा पास करनी होगी। पहले यह समयसीमा 31 अगस्त 2027 थी।यह फैसला उन शिक्षकों के लिए राहत भरा है जिन्होंने अभी तक परीक्षा पास नहीं की है। कोर्ट के इस निर्णय से विशेष रूप से उन राज्यों में तनाव कम होने की उम्मीद है जहां बड़ी संख्या में शिक्षक टीईटी की अनिवार्यता पूरी नहीं कर पाए थे। शिक्षकों की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि 2009 से पहले नियुक्त शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से छूट देने की मांग को खारिज कर दिया गया है। कोर्ट ने शिक्षकों से अपील की कि वे केवल अपनी नौकरी बचाने तक सीमित न रहें।

## हमीरपुर में निर्माणाधीन पुल का स्लैब गिरा, छह की मौत



**हमीरपुर।** यूपी के हमीरपुर में बेतवा नदी पर बन रहे निर्माणाधीन पुल का स्लैब शुक्रवार देर रात 2 बजे गिर गया। हादसे में 6 मजदूरों की मौत हो गई। स्टेट डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स (एसडीआरएफ) ने मलबे में फंसे 3

- अधिकारी बोले- आंधी-बारिश के चलते हादसा
- तीन मजदूरों को बचाया गया
- सहायक अभियंता निलंबित

मजदूरों को निकाला। साढ़े 7 घंटे तक रेस्क्यू ऑपरेशन चला। उत्तर प्रदेश ब्रिज कॉरपोरेशन के एमडी धर्मवीर सिंह ने बताया कि आंधी-बारिश के कारण स्लैब गिरा और नीचे सो रहे मजदूर दब गए। हादसे के बाद सहायक अभियंता गजेंद्र कुमार चौधरी को निलंबित कर दिया गया है। डीपीएम दिलीप कुमार पर विभागीय कार्रवाई शुरू की जा रही है। मौसम विभाग के मुताबिक, हमीरपुर में देर रात 70-80 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चली थी। हादसा शहर से 25 किमी. दूर ललपुरा इलाके में हुआ। मृतकों में 4 बांदा और 2 हमीरपुर के रहने वाले थे। एसडीआरएफ के अधिकारियों ने बताया कि रात ढाई बजे से शुरू हुआ रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा हो चुका है। उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम पुल का निर्माण करवा रहा है। इसकी लागत 90 करोड़ रुपए है। 700 मीटर लंबा दो लेन का ब्रिज मोराकांड से कुरारा गांव के बीच बनाया जा रहा है। इसका निर्माण मार्च 2024 में शुरू हुआ था। दिसंबर 2026 तक इसे पूरा किया जाना है। यूपी ब्रिज कारपोरेशन के एमडी धर्मवीर सिंह ने बताया- मामले में प्रथम दृष्ट्या सहायक अभियंता गजेंद्र कुमार चौधरी को निलंबित किया है। डीपीएम दिलीप कुमार के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि मामले में विभागीय जांच के लिए कमेटी गठित की है। जांच कमेटी में संयुक्त प्रबंध निदेशक, मुख्य परियोजना प्रबंधक (डिजाइन) और मुख्य परियोजना प्रबंधक, कानपुर शामिल हैं।

**सुरक्षित फैसलों में देरी पर सुप्रीम कोर्ट सख्त**

## 'तीन महीने में निर्णय दे सभी हाईकोर्ट'

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षित मामलों में फैसले सुनाने में होने वाली देरी पर कड़ा रुख अपनाते हुए देश के सभी हाईकोर्टों के लिए विस्तृत और बाध्यकारी दिशा-निर्देश जारी किए हैं। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया है कि जिन मामलों में फैसला सुरक्षित रख लिया जाता है, उनमें यथासंभव तीन महीने के भीतर निर्णय सुनाया जाना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने कहा कि व्यक्तिगत स्वतंत्रता से जुड़े मामलों, विशेषकर नियमित जमानत और अग्रिम जमानत याचिकाओं में विशेष तत्परता बरती जानी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के अनुसार, जमानत याचिकाओं पर आदेश उसी दिन सुनाया और अपलोड किया जाना चाहिए। यदि फैसला सुरक्षित रखा जाता है तो उसे अगले दिन सुनाना अनिवार्य होगा। शीर्ष अदालत ने यह फैसला झारखंड हाईकोर्ट में लंबित कुछ आपराधिक अपीलों की सुनवाई के दौरान दिया। याचिकाकर्ताओं ने आरोप लगाया था कि उनकी अपीलों पर सुनवाई पूरी होने के बावजूद दो से तीन साल तक फैसला नहीं सुनाया गया, जिससे उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन हुआ।

### अदालत की 10 बड़ी बातें

आरक्षित मामलों में कारणयुक्त फैसला तीन महीने के भीतर सुनाने का प्रयास किया जाए। जमानत और अग्रिम जमानत से जुड़े मामलों को प्राथमिकता दी जाए। जमानत याचिकाओं पर आदेश उसी दिन या अधिकतम अगले दिन सुनाया जाए। जमानत मिलने पर आदेश तुरंत जेल प्रशासन को भेजा जाए ताकि रिहाई में देरी न हो। खुले न्यायालय में सुनाए गए फैसलों को 24 घंटे के भीतर वेबसाइट पर अपलोड किया जाए। यदि केवल ऑपरेटिव आदेश सुनाया गया है तो विस्तृत फैसला 15 दिनों के भीतर अपलोड करना होगा। तीन महीने तक फैसला नहीं आने पर मामला मुख्य न्यायाधीश के संज्ञान में लाया जाएगा। तीन महीने और अतिरिक्त एक माह की देरी होने पर पक्षकार मामले को दूसरी पीठ को सौंपने की मांग कर सकेंगे। हाईकोर्ट की वेबसाइट पर आरक्षित फैसलों की स्थिति और तारीखें सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करनी होंगी।

## सिद्धारमैया ने सीएम पद छोड़ा खरगे और राहुल से मिले

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के एक दिन बाद ही सिद्धारमैया शुक्रवार को दिल्ली पहुंचे।

- बेटे को मंत्री पद सहित कई मांगें रखीं
- डीके शिवकुमार होंगे अगले सीएम



यहां उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात की। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस बैठक में सिद्धारमैया ने हाईकमान के सामने अपनी कई मांगें रखीं, जिनमें बेटे यतींद्र सिद्धारमैया के लिए नए मंत्रिमंडल में अहम मंत्रालय की मांग भी शामिल बताई जा रही है। उधर, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया का इस्तीफा मंजूर कर लिया गया है। एजेंसी के मुताबिक पार्टी सूत्रों ने कहा है कि डीके अगले हफ्ते नए मंत्रियों के साथ शपथ ले सकते हैं। सरकार में सामाजिक और क्षेत्रीय संतुलन बनाए रखने के लिए 4 डिप्टी सीएम भी बनाए जा सकते हैं।

### पश्चिम बंगाल में 11 होल्डिंग सेंटर स्थापित

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार ने अवैध घुसपैठियों की पहचान और कार्रवाई के लिए राज्यभर में 11 होल्डिंग सेंटर स्थापित किए हैं। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, इन केंद्रों में फिलहाल 335 संदिग्ध लोगों को रखा गया है। अधिकारियों ने बताया कि ये सभी कार्रवाई राज्य की डिटेक्ट, डिलीट और डिपोर्ट नीति के तहत की जा रही है, जिसका उद्देश्य अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों की पहचान कर उन्हें वापस भेजना है। उत्तर 24 परगना जिले का बसीरहाट क्षेत्र, जो बांग्लादेश सीमा से सटा हुआ है, यहां सबसे अधिक संदिग्ध लोगों की पहचान हुई है। अधिकारियों के मुताबिक, यहां बांग्लादेशी नागरिकों और रोहिंग्या समुदाय के लोगों के होने की आशंका जताई जा रही है। ये होल्डिंग सेंटर अलग-अलग पुलिस जिलों और प्रशासनिक जिलों में संचालित किए जा रहे हैं। इनमें बरुईपुर, सुंदरबन, बसीरहाट, बोंगांव, बरासत, मुर्शिदाबाद, जंगीपुर और कृष्णानगर शामिल हैं। इसके अलावा मालदा, कूचबिहार और दक्षिण दिनाजपुर जिलों में भी ऐसे केंद्र बनाए गए हैं।

## मौसम का मिजाज बदला आंधी-बारिश का अलर्ट

**प्रमुख मौसम अलर्ट**

| राज्य/क्षेत्र | मौसम स्थिति |
| --- | --- |
| बिहार | 100 किमी प्रति घंटा तक तूफानी हवा |
| पश्चिम बंगाल | भारी बारिश और तेज आंधी |
| उत्तर प्रदेश | धूल भरी आंधी और बारिश |
| राजस्थान | ओलावृष्टि और तेज हवाएं |
| केरल | भारी बारिश का अलर्ट |
| दिल्ली-एनसीआर | बारिश के आसार |

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मौसम ने अचानक करवट ली है और कई जिलों में आंधी, तेज हवाओं, बारिश और आकाशीय बिजली का खतरा बढ़ गया है. मौसम विभाग ने खासकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ और आसपास के इलाकों के लिए 80 से 90 किलोमीटर प्रति घंटे की र से हवाएं चलने की चेतावनी जारी की है। इसके साथ ही कई जिलों में गरज-चमक, ओलावृष्टि और भारी बारिश की भी संभावना जताई गई है। की जा रही है। और की रफ्तार आई हैं, जिसके बाद प्रशासन अलर्ट पर है है और लोगों से सतर्क रहने की अपील। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, उत्तर-पश्चिम भारत के अधिकांश हिस्सों में चल रही हीटवेव अब थम गई है। वहीं मौसम विभाग ने बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में तेज आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया है। बिहार में 80 से 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तूफानी हवाएं चल सकती हैं। पश्चिम उत्तर प्रदेश, पंजाब और हरियाणा में भी तेज धूल भरी आंधी आने की चेतावनी दी गई है।

### केरल विधानसभा में वंदे मातरम पर विवाद

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में नई विधानसभा में काम के पहले दिन पर वंदे मातरम के गायन को लेकर एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूडीएफ सरकार और राज्यपाल के कार्यालय (लोक भवन) के बीच यह पहला सीधा टकराव माना जा रहा है। राज्यपाल के नीतिगत संबोधन से पहले यह घटना सामने आई। केरल पुलिस बैंड ने वंदे मातरम का केवल शुरुआती हिस्सा बजाया। लोक भवन ने गुरुवार को पूर्वाभ्यास के दौरान पूरा राष्ट्रगीत बजाने का निर्देश दिया था।

## यूपी-महाराष्ट्र समेत चार राज्यों में एनआईए की छापेमारी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने एक बड़े आतंकी नेटवर्क के खिलाफ देशभर में व्यापक कार्रवाई शुरू की है। एजेंसी उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार और महाराष्ट्र में कुल 12 स्थानों पर एक साथ छापेमारी कर रही है। यह कार्रवाई उस मामले से जुड़ी है जिसमें पाकिस्तान से जुड़े एक ऑपरेटिव जसवीर चौधरी और उसके भारतीय सहयोगियों पर ड्रोन के जरिए हथियार, गोला-बारूद और आईईडी की बड़ी खेप भारत में भेजने का आरोप है। एनआईए की टीमें यूपी में 5, राजस्थान में 2, बिहार में 2 और महाराष्ट्र में 3 स्थानों पर तलाशी

**ड्रोन हथियार तस्करी नेटवर्क पर शिकंजा**




अभियान चला रही हैं। इस दौरान डिजिटल उपकरण, दस्तावेज और संदिग्ध सामग्री की जांच की जा रही है। जांच एजेंसियों के अनुसार, यह नेटवर्क भारत-पाकिस्तान सीमा के जरिए ड्रोन का इस्तेमाल कर हथियार और विस्फोटक सामग्री की तस्करी कर रहा था। इन हथियारों का उद्देश्य पंजाब, दिल्ली और देश के अन्य हिस्सों में बड़े हमलों को अंजाम देना बताया जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि इस साजिश का मकसद आम नागरिकों की जान-माल को नुकसान पहुंचाना और देश में दहशत फैलाना था। इसी बीच एनआईए ने हरियाणा के सिरसा महिला थाना ग्रेनेड हमले मामले में भी बड़ी कार्रवाई की है। एजेंसी ने इस केस में दो पाकिस्तानी नागरिकों समेत नौ आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है।

### भारत में घुसपैठ पर बड़ा एक्शन प्लान

**इंदौर।** देश में घुसपैठ के कारण हो रहे जनसांख्यिकीय बदलाव को लेकर गठित उच्च स्तरीय समिति के अध्यक्ष और पूर्व सुप्रीम कोर्ट जज जस्टिस प्रकाश प्रभाकर नावलेकर ने इसे एक गंभीर और बड़ी चुनौती बताया है। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर समिति केंद्र सरकार को और सख्त कानून लागू करने की सिफारिश कर सकती है। जस्टिस नावलेकर ने कहा कि अवैध घुसपैठ केवल सीमावर्ती क्षेत्रों तक सीमित समस्या नहीं है, बल्कि इसका असर अब शहरी इलाकों, औद्योगिक क्षेत्रों और सामाजिक-आर्थिक रूप से संवेदनशील हिस्सों तक फैल रहा है।

## जून में सिर्फ 90प्रतिशत बारिश का अनुमान

**नई दिल्ली।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने शुक्रवार को दक्षिण-पश्चिम मानसून सीजन के लिए अपना दूसरा दीर्घकालिक पूर्वानुमान जारी कर दिया है। मौसम विभाग ने देश के कई महत्वपूर्ण हिस्सों में सामान्य से कम बारिश होने की आशंका जताई है। इसके साथ ही जून की शुरुआत से ही कई राज्यों में भीषण लू का प्रकोप देखने को मिल सकता है। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए

- यूपी-बिहार समेत 8 राज्यों में टूटेंगे गर्मी के सारे रिकॉर्ड आईएमडी ने बढ़ाई टेंशन

मौसम विज्ञान के महानिदेशक डॉ. मृत्युंजय महापात्र ने बताया कि जून से सितंबर के दौरान पूरे देश में दीर्घकालिक औसत की 90 प्रतिशत बारिश होने की उम्मीद है, जिसमें 4 प्रतिशत का उतार-चढ़ाव हो सकता है।

आईएमडी के क्षेत्रीय पूर्वानुमान के अनुसार, इस मानसून सीजन में देश के अलग-अलग हिस्सों में बारिश का मिजाज कुछ ऐसा रहेगा कि यहां सामान्य बारिश होने की उम्मीद है, जो एलपीए का 94 से 106 प्रतिशत तक हो सकती है।

जून के महीने को लेकर डॉ. महापात्र ने कहा कि देश के अधिकांश हिस्सों में मानसून की शुरुआत धीमी रहेगी और बारिश सामान्य से कम रहने की आशंका है। हालांकि, उत्तर-पश्चिम भारत, उत्तर-पूर्व भारत और दक्षिणी प्रायद्वीप के कुछ चुनिंदा इलाकों में सामान्य या उससे अधिक बारिश देखी जा सकती है।

मौसम विभाग ने जून के दौरान देश के अधिकांश हिस्सों में तापमान सामान्य से अधिक रहने का अनुमान जताया है। अधिकतम तापमान के साथ-साथ रात का न्यूनतम तापमान भी सामान्य से ऊपर बना रहेगा।

आईएमडी ने चेतावनी दी है कि जून के महीने में उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, बिहार, ओडिशा, छत्तीसगढ़, गुजरात और आंध्र प्रदेश समेत कई राज्यों में सामान्य से अधिक दिनों तक लू चलेगी। वही, महाराष्ट्र, तेलंगाना और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में भी लू की गतिविधियां बढ़ने की संभावना है।

### महाराष्ट्र : जहरीली शराब पीने से 13 की मौत

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे में जहरीली शराब पीने से कम से कम 13 लोगों की मौत होने की दर्दनाक घटना सामने आई है। यह मामला पुणे के हडपसर इलाके का है। घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। प्रशासन और पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इलाके के चार लोगों का इलाज चल रहा है और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। पिंपरी-चिंचवड पुलिस ने योगेश वानखेड़े नाम के एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया है, जिसे पहले पुणे राज्य उत्पाद शुल्क विभाग ने हिरासत में लिया था। आरोप है कि उसी ने दोनों स्थानों पर शराब की आपूर्ति की थी। पुणे पुलिस अधिकारियों के अनुसार आगे की जांच जारी है। पुणे से पांच मौतों की सूचना मिली है, जिनमें से तीन काले पाडल में और दो हडपसर में हुई हैं।

### कनाडा पुलिस को लारेंस गैंग की चुनौती

**ओटावा।** कनाडा में चल रही जबरन वसूली और हिंसक वारदातों के पीछे सक्रिय लॉरेंस गैंग के सिंडिकेट ने ब्रिटिश कोलंबिया पुलिस को सीधे चुनौती देते हुए एक लेटर भेजा है। लेटर में गैंग की ओर से दावा किया गया है कि कनाडा में उनके 1000 से अधिक 'फुट सोल्जर्स' या ग्राउंड स्तर के शूटर सक्रिय हैं। लेटर सामने आने के बाद कनाडा के सुरक्षा तंत्र और वहां रह रहे दक्षिण एशियाई समुदाय, खासकर भारतीय और पंजाबी मूल के व्यापारियों में दहशत का माहौल है। कनाडाई मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जबरन वसूली मामलों के एक प्रमुख जांचकर्ता और एडमॉन्टन पुलिस सेवा के जासूस ने इमिग्रेशन एंड रिफ्यूजी बोर्ड के सामने गवाही देते हुए बताया कि ब्रिटिश कोलंबिया के एबॉट्सफोर्ड पुलिस स्टेशन में पिछले साल 13 अगस्त 2025 को यह पत्र पहुंचा था।

### जून में सिंगापुर जाएंगे लालू प्रसाद यादव

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव जल्द ही सिंगापुर के लिए रवाना होंगे। यह दौरा पूरी तरह चिकित्सकीय बताया जा रहा है। दिसंबर 2022 में सिंगापुर के माउंट एलिजाबेथ अस्पताल में उनका किडनी ट्रांसप्लांट हुआ था। इसके बाद से डॉक्टरों की सलाह पर वे समय-समय पर नियमित जांच के लिए सिंगापुर जाते रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, इस बार भी उनकी यात्रा जून के पहले सप्ताह में प्रस्तावित है। दिल्ली की अदालत और रांची की सीबीआई विशेष अदालत से विदेश यात्रा की मंजूरी मिलने के बाद उनका पासपोर्ट रिलीज कर दिया गया है। चारा घोटाले के विभिन्न मामलों में सजायाफ्ता लालू यादव फिलहाल मेडिकल जमानत पर हैं।

**रिपोर्ट** आरबीआई ने वित्तीय वर्ष 27 के लिए 6.9 प्रतिशत जीडीपी ग्रोथ का जताया अनुमान

## तनाव के बीच भी मजबूत रहेगी भारतीय अर्थव्यवस्था

**नई दिल्ली।** पश्चिमी एशिया में चल रहे संघर्ष और बढ़ते ग्लोबल तनाव के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था अपनी मजबूती बनाए रखने के लिए तैयार है। भारतीय रिजर्व बैंक ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट 2025-26 में कहा है कि मजबूत घरेलू बुनियादी ढांचे के दम पर भारत आर्थिक विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ता रहेगा। आरबीआई ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की रियल जीडीपी ग्रोथ 6.9 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, कॉरपोरेट और बैंकिंग सेक्टर की स्वस्थ बैलेंस शीट और सरकार द्वारा लगातार पूंजीगत व्यय पर दिया जा रहा जोर इस मजबूत विकास यात्रा को सपोर्ट करेगा। बीते वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान भारत 7.6 प्रतिशत की अनुमानित जीडीपी वृद्धि के साथ सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहा, जो इससे पिछले वर्ष के 7.1 प्रतिशत के मुकाबले बेहतर है।

केंद्रीय बैंक ने चेतावनी दी है कि पश्चिमी एशिया विवाद 2026 में ग्लोबल विकास दर के लिए सबसे बड़ी रुकावट बनकर उभरा है, जिससे व्यापार और वित्तीय बाजारों के लिए जोखिम पैदा हो रहा है। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और सप्लाई चेन में रुकावटों से महंगाई का दबाव बढ़ सकता है। वित्त वर्ष 2026-27 के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित महंगाई दर 4.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो 2025-26 के 2.1 प्रतिशत के मुकाबले काफी अधिक है। आरबीआई के अनुसार, ग्लोबल ईंधन और कमोडिटी की कीमतों में उछाल जैसे कारक महंगाई के लिए जोखिम बढ़ा सकते हैं। साथ ही, इन भू-राजनीतिक जोखिमों के कारण इनपुट और मजदूरी की लागत बढ़ने के साथ-साथ विनिमय दर में भी उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है।

राजकोषीय मोर्चे पर केंद्र सरकार के लगातार प्रयास सफल होते दिख रहे हैं। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए सकल राजकोषीय घाटा जीडीपी का 4.4 प्रतिशत रहा, जो सरकार के 4.5 प्रतिशत के मीडियम-टर्म लक्ष्य से नीचे है। सरकार ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए राजकोषीय घाटे का लक्ष्य जीडीपी का 4.3 प्रतिशत रखा है, जो हाल के वर्षों में किए गए राजकोषीय मजबूतीकरण के निरंतर प्रयासों को दर्शाता है। लगातार बदल रहे महंगाई के जोखिमों को देखते हुए भविष्य में मौद्रिक नीति को लेकर आरबीआई सावधानी भरा रुख अपना सकता है। महंगाई में तेज गिरावट के कारण 2025-26 के दौरान मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी (एमपीसी) ने पॉलिसी रेपो रेट में 100 बेसिस पॉइंट्स की कटौती की थी। हालांकि, अप्रैल 2026 में एमपीसी ने बढ़े हुए भू-राजनीतिक जोखिमों के बीच विकास और महंगाई के परिदृश्य को देखते हुए सर्वसम्मति से रेपो रेट को 5.25 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने का फैसला किया और अपना 'न्यूट्रल' रुख बरकरार रखा। भले ही पश्चिम एशिया विवाद के लंबे खिंचने के कुछ जोखिम बने हुए हैं, लेकिन भारत के मजबूत मैक्रोइकॉनॉमिक फंडामेंटल्स अर्थव्यवस्था को सहारा देंगे। आने वाले समय में दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों के लिए बार-बार आने वाले सप्लाई झटकों और भू-राजनीतिक अस्थिरता के बीच विकास दर की चिंताओं और महंगाई नियंत्रण में संतुलन बनाना एक बड़ी चुनौती होगी। हालांकि, अनिश्चित वैश्विक माहौल के बावजूद मजबूत घरेलू मांग भारत के लिए एक प्रमुख ग्रोथ ड्राइवर बनी रहेगी।



## संक्षिप्त ख़बरें

### प्रशिक्षित कैडेटों को मिला प्रमाण पत्र

**बस्ती।** एपीएन पीजी कालेज परिसर में 15 यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी गोरखपुर के तत्वावधान में प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन हुआ। समारोह का उद्देश्य कैडेट्स को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन, अनुशासन एवं प्रशिक्षण उपलब्धियों के लिए सम्मानित करना था। समारोह में विभिन्न प्रशिक्षण शिविरों, सामाजिक गतिविधियों एवं एनसीसी कार्यक्रमों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कैडेट्स को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर बटालियन की तरफ से नायब सूबेदार गिरवर दयाल, सीनियर जीसीआई सीमा राय और नायक पुष्पेंद्र शर्मा उपस्थित रहें। प्राचार्य प्रोफेसर अभय प्रताप सिंह ने कहा कि एनसीसी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम का संचालन लेफ्टिनेंट डॉ सौम्या पाल ने किया।

### पशुओं को नहीं खिलाना चाहिए दूषित भोज्य पदार्थ

**बस्ती।** पशुओं को बचा हुआ दूषित भोज्य पदार्थ खिलाना हानिकारक होता है। किसी उत्सव आदि में बचा हुआ खाना गाय, भैंस को नहीं खिलाना चाहिए। इस बात की जानकारी डिप्टी सीवीओ भानपुर डॉ बलराम चौरसिया ने खैरा में आयोजित पशुपालक गोष्ठी में दी। कहा कि पशुओं का पाचन तंत्र भूसा, घास के साथ कच्चा पीसा दाना या पशु आहार तो हजम करने की क्षमता रखता है पर घर पर बचा हुआ पूड़ी, सब्जी आदि खाना नहीं हजम होने से पशु की स्थिति खराब हो जाती है। एक्यूट रूमिनल एसिडोसिस होने से पशु सुस्त पड़ जाते हैं। इस अवसर पर पशु स्वास्थ्य की जांच कर पशु स्वास्थ्य वर्धक औषधि का नि शुल्क वितरण किया गया। मौके पर प्रसिद्ध कुमार सिंह,राजेश, उमाकांत, हरिश्चंद्र,सुमेर सिंह व राहुल मौजूद रहे।

### डॉ. उत्तरा बनीं डिप्टी डायरेक्टर

**सलेमगढ़, कुशीनगर।** तमकुहीराज तहसील क्षेत्र में सलेमगढ़ स्टेट के स्वर्गीय वीरेंद्र सिंह एवं श्रीमती विभा सिंह की सुपुत्री डॉ. उत्तरा सिंह को भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली में डिप्टी डायरेक्टर के पद पर नियुक्त किया गया है। उनकी इस महत्वपूर्ण उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी और गौरव का माहौल है। जानकारी हो कि वर्तमान में डॉ. उत्तरा सिंह इलाहाबाद विश्वविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। उच्च शिक्षा एवं सामाजिक विज्ञान शोध के क्षेत्र में उनकी सक्रिय भागीदारी लंबे समय से रही है। उनकी इस सफलता पर तमकुहीराज के लोकप्रिय विधायक डॉ. असीम कुमार राय, पूर्व विधायक पं. नंदकिशोर मिश्रा, पुर्व राज्य मंत्री डा पीके राय, धीरेन्द्र राय उर्फ राजू राय, जिला पंचायत सदस्य हरेंद्र मिश्रा, वरिष्ठ पत्रकार एवं प्रधान रजनी राय, पत्रकार सुरेन्द्र नाथ द्विवेदी, अशोक द्विवेदी, अनुप राय, अभिप्रियम ग्रुप के चेयरमैन अभिषेक मिश्रा, सपा नेता प्रेमचंद यादव, संजय कुमार पटेल उर्फ राजू, समाजसेवी मुकुल कुमार मिश्रा, अवधेश राय सहित तमाम गणमान्य लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### सीडीओ ने किया चौपाल का निरीक्षण दिया निर्देश

**सिन्दुरियां, महराजगंज।** विकास खण्ड मिठौरा क्षेत्र के ग्रामसभा पकड़ियार बुजुर्ग में शुक्रवार को आयोजित ग्राम चौपाल का सीडीओ महेंद्र सिंह ने निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओ का त्वरित निस्तारण कराने का निर्देश दिया। उन्होंने ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर 20 समस्याओं में से मौके पर 8 समस्याओ का निस्तारण कराया। ग्राम चौपाल में पेंशन, आवास, शौचालय, राशन वितरण और कृषि योजनाओं से जुड़े मामलों का मौके पर ही संज्ञान लिया और चौपाल में लगे स्टालों का जायजा कृषि, पशुपालन, स्वास्थ्य, बाल विकास, और समाज कल्याण जैसे विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण किया। ग्रामसभा स्थित अन्नपूर्णा भवन का निरीक्षण कर राशन के स्टॉक आदि की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर दरस चौधरी, खंड विकास अधिकारी राहुल सागर, ग्राम सचिव सत्यम चौधरी, आशुतोष यादव, पंचायत सहायक सीमा सहित, आशा, आंगनबाड़ी सहित ग्राम सभा के ग्रामीण उपस्थित रहे।

### वैध कागजात न दिखाने पर ट्रैक्टर ट्राली सीज

**सिन्दुरियां।** पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन पर थाना सिन्दुरिया पुलिस द्वारा अवैध खनन के विरूद्ध कार्यवाही की गयी है । साथ ही वैध कागजात न दिखाने पर मिट्टी लदी एक ट्रैक्टर - ट्राली को सीज कर दिया गया। इस दौरान सिन्दुरिया थानाध्यक्ष विशाल कुमार शुक्ला ने बताया कि उनके नेतृत्व में उप-निरीक्षक मिथलेश कुमार, हे.का मनीष सिंह, का. कृष्ण कुमार मौर्य, हे.का. बृजेश यादव, का सत्यप्रकाश एवं का. विशाल भारती की टीम गुरुवार की देर रात को क्षेत्र में गश्त और भ्रमण पर थी । इसी दौरान थाना क्षेत्र के ग्रामसभा पतरेंगवा के पास मिट्टी लदी एक न्यू हॉलैंड ट्रैक्टर - ट्राली आता हुआ दिखाई दिया, जिसे पुलिस टीम द्वारा रोककर जांच किया गया। मट्टी परिवहन से जुड़े वैध प्रपत्र की मांग की गयी। चालक द्वारा कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया जा सका। पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए वाहन को सीज किया गया।

### युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**पटहेरवा।** थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में पटहेरवा पुलिस ने एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता की मां ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी 14 वर्षीय पुत्री 18 मई को दिन में करीब 12.30 बजे घर से बिना बताए कहीं चली गई। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल सका। बाद में जानकारी मिली कि गांव डेलिअहवां निवासी अंकित यादव पुत्र मीजू यादव उनकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है।

## तेज रफ्तार ट्रक ने युवक को रौंदा, मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**परसरामपुर, बस्ती।** थाना क्षेत्र के परसा परसरामपुर मार्ग पर शुक्रवार की सुबह गिट्टी लदे तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्रक ने सवारी का इंतजार कर रहे 19 वर्षीय युवक को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया और गांव में मातम पसरा हुआ है।

सूत्रों के मुताबिक थाना क्षेत्र के घूरनपुर निवासी रवि कुमार पुत्र कनिकराम उम्र लगभग 19 वर्ष शुक्रवार सुबह करीब दस बजे अपने परिजन के साथ परसरामपुर बाजार धान का बीज लेने जा रहा था। बताया जाता है कि परसा लकड़मंडी मार्ग स्थित भटीनिया पुरवा के पास किसी आवश्यक कार्य के कारण उसके साथ आए परिजन वापस घर लौटने लगे। इसी दौरान रवि ने सवारी वाहन से बाजार जाने की बात कही और सड़क किनारे खड़ा होकर वाहन का इंतजार करने लगा।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तभी सामने से तेज गति में आ रहा गिट्टी लदा ट्रक अचानक अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे खड़े रवि को रौंद दिया। हादसा इतना भयावह था कि युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सड़क पर खून से लथपथ बेटे का शव देखकर परिजनों की चीख-पुकार से पूरा माहौल गमगीन हो उठा। हादसे की सूचना मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। देखते ही देखते घटनास्थल पर हजारों की संख्या में ग्रामीणों और क्षेत्रीय लोगों की भीड़ जुट गई। मां-बाप और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। हर किसी की आंखें नम हो उठीं। गांव के लोग यही कहते नजर आए कि सुबह घर से हंसते हुए निकला रवि अब कभी वापस नहीं लौटेगा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## दुकान पर गिरी बिजली सामान जलकर राख

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** उजारनाथ चौराहे पर शुक्रवार को तेज गर्जना के साथ हुई बारिश के दौरान एक दुकान पर आकाशीय बिजली गिरने से अफरा-तफरी मच गई। चौराहे पर स्थित बाबा ट्रेडिंग की दुकान पर अचानक बिजली गिरने से तेज आवाज हुई जिससे आसपास के लोग दहशत में आ गए। घटना के समय दुकान के अंदर मौजूद लोग किसी तरह बाहर निकलकर सुरक्षित हुए। बिजली गिरने के बाद दुकान में धुआं भर गया तथा इलेक्ट्रॉनिक सामान जलने लगा।

स्थानीय लोगों ने तत्काल बिजली आपूर्ति बंद कर आग को फैलने से रोका। घटना में दुकान मालिक को हजारों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। सूचना मिलने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और घटना की जानकारी ली। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

## वाहन चालकों पर लगा जुर्माना

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**श्यामदेउरवां।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के परतावल चौक पर यातायात पुलिस ने गुरुवार देर रात परतावल के प्रमुख चौराहों और तिराहों पर ड्रिंक एंड ड्राइव के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान ब्रेथ एनालाइजर जांच में चार वाहन चालक नशे की हालत में वाहन चलाते पाए गए, जिन पर दस-दस हजार रुपये का चालान किया गया। चेकिंग के दौरान लगभग 50 वाहन चालकों की ब्रेथ एनालाइजर से जांच की गई। नशे में ड्राइविंग के अलावा, पुलिस ने हेलमेट न पहनने, तीन सवारी बैठाने, सीट बेल्ट का उपयोग न करने और मॉडिफाइड साइलेंसर लगाने जैसे अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के भी चालान किए। अभियान के दौरान वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक भी किया गया। इस अभियान में यातायात प्रभारी अरुणेंद्र प्रताप सिंह के साथ उपनिरीक्षक अंजनी कुमार, कॉन्स्टेबल घनश्याम यादव, संतोष कुमार और दुर्गेश यादव सहित दुर्घटनाओं को रोकने वाली टीम मौजूद रही।



## हाटा में दो जगह गिरी आकाशीय बिजली

**हाटा , कुशीनगर।** हाटा तहसील क्षेत्र के शुक्रवार भोर से ही मौसम का मिजाज बिगड़ा रहा। तेज रफ्तार आंधी के साथ हुई बारिश और गरज - चमक के बीच दो अलग-अलग जगहों पर आकाशीय बिजली गिरने से अफरा-तफरी मच गई। आंधी-बारिश के कारण क्षेत्र की बिजली आपूर्ति भी घंटों प्रभावित रही। गनीमत रही कि दोनों घटनाओं में कोई जन हानि नहीं हुई। हाटा कोतवाली क्षेत्र के गांव पैकौली में स्थित एक निजी कंपनी के मोबाइल टावर पर तेज आवाज के साथ आकाशीय बिजली गिरी। बिजली गिरने से टावर के उपकरणों को नुकसान पहुंचने की आशंका बनी हुई है। तेज धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग दहशत में आ गए। वहीं अहिरौली थाना क्षेत्र के ग्राम भैंसही निवासी भाजपा मोतीचक मंडल अध्यक्ष चंद्रपाल कन्नौजिया के घर के पास बने टीन शेड पर भी आकाशीय बिजली गिरी। गनीमत रही कि मकान सुरक्षित बच गया, लेकिन टीन शेड क्षतिग्रस्त हो गया।

## वित्तीय योजनाओं की प्रगति की हुई समीक्षा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**महराजगंज।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी की उपस्थिति में जिला स्तरीय साख समिति की विशेष बैठक आयोजित की गई।

समीक्षा के दौरान बताया गया कि जनपद का ऋण-जमा अनुपात मार्च 2026 में बढ़कर 69.58 प्रतिशत हो गया है, जो भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित 60 प्रतिशत के मानक से अधिक है। इस उपलब्धि पर जिलाधिकारी ने बैंकर्स एवं संबंधित विभागों की सराहना की।

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनपद द्वारा शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किए जाने का उल्लेख करते हुए लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण एवं समयबद्ध ऋण वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत विभिन्न बैंकों में लंबित





प्रकरणों पर मुख्य विकास अधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी संबंधित बैंक शाखाओं को लंबित आवेदनों का त्वरित निस्तारण एवं स्वीकृत ऋणों का शीघ्र वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना की समीक्षा के दौरान पात्र लाभार्थियों के लंबित आवेदनों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करते हुए शीघ्र ऋण स्वीकृति एवं वितरण के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त स्वयं सहायता समूहों के खाते खोलने तथा क्रेडिट लिंकेज की प्रगति में तेजी लाने पर भी विशेष जोर दिया गया।

बैठक में नाबार्ड द्वारा वित्तीय वर्ष 2027-28 की संभाव्यता युक्त ऋण योजना तैयार किए जाने हेतु संबंधित विभागों एवं बैंकों से आवश्यक आंकड़े एवं सहयोग उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया। अंत में जिलाधिकारी ने सभी बैंकर्स एवं विभागीय अधिकारियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने तथा वित्तीय समावेशन की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी एवं जनोन्मुखी बनाने के निर्देश दिए।

बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक भूपेंद्र मिश्रा, भारतीय रिजर्व बैंक के सहायक महाप्रबंधक सुधीर पाण्डेय, नाबार्ड की जिला विकास प्रबंधक दीपा पंत, उपायुक्त उद्योग धीरज सिंह, जिला उद्यान अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बैंकर्स उपस्थित रहे।

## एसपी के हस्ताक्षेप पर दर्ज हुआ मुकदमा

**श्यामदेउरवां।** श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र में रास्ते से हटने को कहने पर एक युवक और उसके साथी पर हमला किया गया। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर दो नामजद और दो अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। यह घटना बीते 21 मई की रात करीब 8.30 बजे श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के महुअवा महुई नहर पुल के पास हुई। पीड़ित विष्णु पुत्र शंभू अपने साथी कमालुद्दीन पुत्र जलालुद्दीन के साथ बाइक से अपने ट्रैक्टर में तेल डालने जा रहे थे। तहरीर के अनुसार, पुल पर बबलू सिंह पुत्र अज्ञात, परमेश्वर पुत्र रामबहाल उर्फ गोलू सिंह और दो अज्ञात व्यक्ति शराब पी रहे थे और रास्ता रोके हुए थे। जब विष्णु और कमालुद्दीन ने उनसे रास्ते से हटने को कहा, तो वह हमलावर हो गये। घटना के बाद पीड़ित विष्णु ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत पत्र दिया। एसपी के आदेश पर बबलू सिंह, परमेश्वर और दो अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## भाजपा नेता ने पत्रकार को दी धमकी

### डीएम कार्यालय ज्ञापन देने पहुंचे पत्रकार संगठनों को डीएम ने किया वापस, आक्रोशित पत्रकारों ने किया प्रदर्शन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**बस्ती।** शिवनगर तुर्कहिया मोहल्ला निवासी मान्यता प्राप्त पत्रकार विपिन बिहारी त्रिपाठी और उनके परिवार को गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता महेश शुक्ला ने धमकी दी है। घटना से नाराज पत्रकारों ने ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग किया है।

जानकारी के अनुसार विपिन बिहारी त्रिपाठी ने अपनी बैनामाशुदा जमीन पर मकान का मलबा गिरा रखा था, जिसे देखकर भाजपा नेता महेश आग बबूला हो गए और उनके दरवाजे पर चढ़कर अपने समर्थकों के साथ गाली गलौज और मारपीट की। घटना का वीडियो भी वायरल है जिसमे भाजपा नेता को गालियां व जान से मारने की धमकी देते हुए सुना जा सकता है। ज्ञापन मे मांग की गई है कि सम्बन्धित प्रकरण में जांच



कराकर महेश शुक्ला के खिलाफ सुसंगत धाराओं में आपराधिक मुकदमा पंजीकृत कराकर न्यायोचित कार्यवाही करने की मांग की गई है।

ज्ञापन देने कलेक्ट्रेट पहुंचे पत्रकारों का ज्ञापन लेने से जिलाधिकारी ने मना कर दिया, कहा कमिश्नर को जाकर ज्ञापन दे दीजिए। यह दूसरा मामला था जब पत्रकारों का ज्ञापन लेने से जिलाधिकारी ने इनकार कर दिया। नाराज पत्रकारों ने कलेक्ट्रेट पर प्रशासन के विरोध में नारेबाजी की, और वहां से कमिश्नर कार्यालय कूच कर दिया। असि. कमिश्नर एवं एसपी ने मामले की गंभीरता को समझते हुए कार्यवाही का भरोसा दिलाया है। नेशनल प्रेस क्लब ने डीएम के इस कृत्य की निंदा की है, और दबाव मे कार्य करने का आरोप लगाया है।

उक्त अवसर पर जिलाध्यक्ष संतोष सिंह, संरक्षक अशोक श्रीवास्तव, नीरज श्रीवास्तव, सोहन सिंह, धनंजय श्रीवास्तव, सतीश श्रीवास्तव, विपिन बिहारी त्रिपाठी, विवेक कुमार त्रिपाठी, मो कासिफ, जितेन्द्र यादव, वसीम अहमद, विवेक कुमार गुप्ता, जितेन्द्र श्रीवास्तव, रत्नेन्द्र पांडेय, अभिषेक कुमार गौतम, रियाज अहमद, अवधेश कुमार सोनकर, कमलेश सिंह, जमीर अहमद, पारसनाथ मौर्या, राजकुमार शुक्ला, इमरान अहमद अंसारी, अब्दुल कलाम, शम्भूनाथ गुप्ता, मो टीपू, मेहताब आलम, मो कलीम, मो रिजवान, रहमान, अमृतलाल, मनोज कुमार यादव आदि उपस्थित रहे।

## अलग-अलग मामलों में दो अभियुक्त गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**नगर बाजार, बस्ती।** पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह के अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए एक जिला बदर आरोपी को गिरफ्तार किया है, वहीं अपहरण के एक मामले में पीड़िता को सकुशल बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है।

पहली कार्रवाई में थाना नगर पुलिस ने जिला बदर घोषित अभियुक्त विमलेश पुत्र त्रिलोकी निवासी ग्राम कुसमौर, थाना नगर को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार अभियुक्त जिला बदर आदेश के बावजूद जनपद की सीमा में मौजूद था। 28 मई 2026 को शाम करीब 5.30 बजे बेलाड़ी पुल के पास से उसे गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना नगर में धारा 10 गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार विमलेश के विरुद्ध हत्या समेत अन्य गंभीर धाराओं में पूर्व से भी मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायालय भेज दिया गया।

दूसरी कार्रवाई में थाना नगर पुलिस ने अपहरण से जुड़े एक मामले में पीड़िता को सकुशल बरामद करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक थाना नगर में 30 अप्रैल 2026 को धारा 137(2) एवं 87 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की विवेचना के दौरान पुलिस टीम ने पीड़िता को बरामद कर लिया और आरोपी रिंकू पुत्र बलराम निवासी नया पुरवा (उमरा), थाना सिंघाई, जनपद लखीमपुर खीरी को 28 मई 2026 की रात उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर उसे भी न्यायालय भेज दिया गया।

## पीएम के नेतृत्व में देश ने किया चौमुखी विकास : शंकुतला

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कुशीनगर।** मोदी सरकार के विश्वास, विकास एवं जनकल्याण के 12 साल पूरा होने पर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर जिला कार्यशाला आयोजित की गयी। इस कार्यशाला मे बतौर मुख्य अतिथि जिला प्रभारी प्रदेश मंत्री श्रीमती शकुंतला चौहान ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व मे देश ने चौमुखी गौरवपूर्ण सतत विकास किया है। जिले मे 5 जून से 21 जून तक विविध कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे।

शकुंतला चौहान ने कहा कि देश मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मे सभी योजनाओं का एक मात्र उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों का जीवन स्तर मे सुधार को केंद्र मे रख कर कार्यक्रमों का सफल संचालन करना है। प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल के 12 वर्षो मे देश ने अंतर्राष्ट्रीय फलक से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर नित नए प्रतिमान गढ़े है। श्रीमती चौहान ने कहा कि आगामी जून महीने मे दिनांक 5 जून से 21 जून के बीच जिले मे कुल 9 तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। दिनाँक 5 जून को एक पेड़ माँ के नाम अभियान मे मण्डल स्तर स्तर पर प्रत्येक मण्डल मे सभी जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारियों द्वारा वृक्ष लगाये जायेंगे। अगले कार्यक्रम मे पार्टी कार्यालय पर प्रेस वार्ता, 14 से 16 जून तक जन कल्याण कारी शिविर ब्लॉक स्तर पर आयोजित किए जायेंगे। कार्यक्रम के अगले क्रम मे जिले स्तर पर एक दिवसीय विकसित भारत सम्मेलन, प्रदर्शनी, प्राकृतिक खेती कार्यशाला भी आयोजित किया जायेगा।

कुशीनगर सांसद विजय दूबे ने कहा कि 70 वर्षो से जो लोग केंद्र सरकार की योजनाओं से वंचित, उपेक्षित थे उन्हें केंद्र मे रखकर महिलाओं के लिए उज्जवला योजना, जनधन योजना, स्वंय सहायता समूह,बेटी



बचाओ बेटी पढ़ाओ आदि तथा किसानों के लिए किसान सम्मान निधि, बेरोजगार युवाओं के लिए अपना उद्यम स्टार्ट करने के लिए मुद्रा लोन योजना, सुदूर दुर्लभ क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति सहित अनेकोनेक कल्याणकारी योजनाएं देश के विकसित भारत संकल्प यात्रा मे सहभागी सिद्ध हो रही है। इस कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष दुर्गेश राय ने कहा कि पार्टी द्वारा दिए गए सभी कार्यक्रम बहुत ही महत्वपूर्ण होते है। अंत मे सभी के प्रति उन्होंने आभार प्रकट किया।कार्यक्रम का संचालन जिला के महामंत्री राम गोपाल गुप्ता ने किया।

इस कार्यशाला मे मुख्य रूप से पडरौना विधायक मनीष जायसवाल, हाटा विधायक मोहन वर्मा रामकोला विधायक विनय गोंड, खड्डा विधायक विवेकानंद पांडे, पूर्व जिला अध्यक्ष जगदंबा सिंह, नंदकिशोर मिश्रा,लल्लन मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख अर्चना प्रदीप सिंह, रंजना पासवान कुशीनगर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल, रामकोला नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सतीश चौधरी, जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह,मीनू जिंदल जिला महामंत्री विवेकानंद शुक्ला, जिला मंत्री ज्ञान विक्रम सिंह, विश्व रंजन आनन्द,धनंजय राय जिला मीडिया प्रभारी अमित राय,किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष अजय राय, पूर्व महामंत्री सुदर्शन पाल, बबुनन्दन सिंह, मण्डल अध्यक्ष भुवनेश्वर त्रिपाठी, विजय सोनी, रूपम सिंह आदि उपस्थित रहे।

## फसलों के लिए नहरों में छोड़ा गया पानी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**महराजगंज।** खरीफ सीजन में किसानों को समय से सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल के प्रयासों से जनपद की नहरों में पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध करा दिया गया है। 25 मई 2026 से नहरों का संचालन भी शुरू कर दिया गया है, जिससे धान एवं अन्य खरीफ फसलों की सिंचाई में किसानों को बड़ी राहत मिलेगी।

अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड प्रथम विनोद कुमार वर्मा ने बताया कि वर्तमान में मधुबनी शाखा, महाराजगंज रजवाहा सहित लगभग 50 नहरों में जल प्रवाह सुचारु रूप से संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शेष नहरों में भी चरणबद्ध तरीके से शीघ्र जल प्रवाह प्रारंभ कराया जा रहा है, ताकि जनपद के सभी क्षेत्रों तक सिंचाई का लाभ पहुंच सके।

जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि आगामी तीन से चार दिनों के भीतर जनपद की सभी नहरों के टेल तक पानी पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही नहरों की नियमित मॉनिटरिंग करने और किसी भी स्तर पर जलापूर्ति बाधित न होने देने के निर्देश दिए गए हैं।



उन्होंने कहा कि किसानों की सुविधा शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और सिंचाई व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने के लिए पूरी गंभीरता से कार्य किया जाए। नहरों में पानी आने से किसानों की डीजल पर निर्भरता भी कम होगी।





# बड़े से लेकर लघु उद्यमियों तक का ख्याल रख रही सरकार

## सरकार की प्रोत्साहन परक नीतियों से गीडा बन रहा इंडस्ट्रीज का हब, योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद हुआ करीब पंद्रह हजार करोड़ रुपये का निवेश

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोरखपुर।** बीते नौ वर्षों से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) इंडस्ट्रीज का हब बनकर उभरा है। उद्योगों के लिए सरकार की प्रोत्साहनपरक नीतियों, उद्यम और उद्यमियों की सुरक्षा की गारंटी के चलते इन नौ सालों में गीडा में करीब पंद्रह हजार करोड़ रुपये का निवेश और इसके जरिये करीब पचास हजार युवाओं को रोजगार संभव हुआ है। योगी सरकार ने गीडा को न केवल बड़े निवेशकों के लिए उनकी पसंद का गंतव्य बनाया बल्कि उनके समानांतर ही लघु और मध्यम उद्यमियों की भी सुधि ली। एमएसएमई यूनिट्स के लिए जरूरत के हिसाब से औद्योगिक भूखंड की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के साथ ही गीडा में प्लग एंड प्ले मॉडल का एमएसएमई फ्लैटेड फैक्ट्री



कॉम्प्लेक्स का निर्माण इसका प्रमाण है।

लॉ एंड ऑर्डर, कनेक्टिविटी और इन्वेस्टर्स फ्रेंडली पॉलिसी से गीडा में औद्योगिक विकास का नया ईको सिस्टम तैयार हुआ है। उद्यमियों के पलायन की प्रवृति से छुटकारा पाकर यह क्षेत्र उद्योगों की कतार वाले प्रमुख क्षेत्रों में शामिल हो गया है। पिछले कुछ वर्षों में गीडा क्षेत्र में केयान इंडस्ट्रीज ने 1200 करोड़ रुपये, पेप्सिको की फ्रेंचाइजी वरुण ब्रेवरेज ने 1100 करोड़, अंकुर उद्योग ने 500 करोड़, इंडिया ऑटोव्हील्स ने 400 करोड़, एसडी इंटरनेशनल ने 300 करोड़, सीपी मिल्क एंड फूड्स (ज्ञान डेयरी) ने 118 करोड़, तत्वा प्लास्टिक्स ने 105 करोड़ और कपिला कृषि उद्योग ने 100 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इसके साथ ही बड़ी यूनिट के रूप में कोका कोला के प्लांट का भूमि पूजन हो चुका है। इसके लिए गीडा सेक्टर 27 में 40 एकड़ भूमि का आवंटन किया है। पहले चरण में यहां 800 करोड़ रुपये के निवेश से प्लांट लगाया जा रहा है। यही नहीं, प्रदेश का पहला प्लास्टिक पार्क भी गोरखपुर के गीडा में ही विकसित किया गया है।

योगी सरकार ने एमएसएमई यूनिट्स, विशेषकर रेडीमेड गारमेंट, आईटी, फार्मा सेक्टर के लिए प्लग एंड प्ले मॉडल पर फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स को भी धरातल पर उतारा है। गीडा की मुख्य कार्यपालक अधिकारी अनुज मलिक बताती हैं कि 80 एमएसएमई यूनिट्स के लिए गीडा के सेक्टर 13 में यूपी का दूसरा फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स 42.50 करोड़ रुपये की लागत से बनकर तैयार है। जल्द ही इसके आवंटन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

एमएसएमई यूनिट्स के लिए सबसे बड़ी चुनौती इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने की होती है। फ्लैटेड फैक्ट्री इसका समाधान कर देगी। यहां सभी बुनियादी सुविधाएं तैयार हैं और आवंटन के बाद उद्यमी सीधे काम कर सकेंगे। अनुमान है कि गीडा के फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स के क्रियाशील होने के बाद करीब एक हजार लोगों को रोजगार सुलभ होगा।

# गोरखपुर-छपरा रेल मार्ग पर गिरा पेड़

## ट्रेनों का संचालन प्रभावित, परिवर्तित मार्ग से चलीं कई ट्रेनें

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**चौरीचौरा, गोरखपुर।** शुक्रवार की सुबह आयी तेज आंधी के कारण गोरखपुर-छपरा रेल ट्रैक पर एक पेड़ के गिर जाने से इलेक्ट्रिक ट्रेनों को बिजली देने के लिए लगा ओवरहेड इक्विपमेंट (ओएचई) मास्ट टूट गया। जिस रूट के डाउन लाइन पर गौरी बाजार के आउटर पर सुबह 5 बजे से खड़ी रही। यह गाड़ी दोपहर एक बजे रवाना हुई। रेल ट्रैक पर गिरे पेड़ को दिन में 11 बजे तक हटाकर इस लाइन पर डीजल इंजन वाली ट्रेनों को चलाना शुरू किया गया। डाउन लाइन पर इलेक्ट्रिक इंजन वाले ट्रेनों का संचलन शुरू



ट्रेनों का संचलन प्रभावित हुआ। देर शाम 5 बजे ओएचई लगने के बाद इस रूट के डाउन लाइन पर इलेक्ट्रिक ट्रेनों का संचलन शुरू हो सका। इस दौरान ट्रेन से यात्रा करने वाले यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

शुक्रवार की सुबह लगभग 5 बजे आयी तेज आंधी के कारण गोरखपु-छपरा रेल मार्ग पर चौरीचौरा और गौरी बाजार के बीच गेट संख्या 142बीए के पास रेल ट्रैक पर पेड़ गिर जाने से इलेक्ट्रिक रेल इंजन को बिजली पहुंचाने वाला ओएचई पोल तार सहित टूट गया। रेल ट्रैक पर पेड़ गिरने और ओएचई टूट जाने से इस रूट पर रेल संचलन बाधित हो गया। जिससे इस रूट पर चल रही गरीब रथ सरदारनगर स्टेशन पर तीन घंटे से अधिक समय तक और जनसेवा एक्सप्रेस चौरीचौरा और करने के लिए रेलवे कर्मियों ने काफी मेहनत किया और शाम 5 बजे ओएचई को ठीक कर दिया। ओएचई ठीक होने के बाद शाम 5.50 पर इस लाइन पर इलेक्ट्रिक इंजन वाली गाड़ियों का संचलन शुरू हो सका। इस दौरान कई गाड़ियों का रूट परिवर्तित करके चलाया गया। जबकि कुछ ट्रेनों में इलेक्ट्रिक इंजन की जगह डीजल इंजन लगाकर पास कराया गया और आगे जाकर इलेक्ट्रिक इंजन से जोड़कर ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया गया। परिवर्तित रूट से चलने वाली गाड़ियों में वैशाली भी शामिल है। वैशाली को वाया कप्तानगंज चलाया गया। रेल ट्रैक पर पेड़ गिरने से जगह जगह खड़ी हुई ट्रेनों के यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। जिसमें पानी की समस्या सबसे अधिक दिखी।

# दिनदहाड़े नगदी व जेवरात चोरी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**चौरीचौरा, गोरखपुर।** चौरीचौरा थानाक्षेत्र के चौरी बदुरहिया में शुक्रवार को दिन में लगभग एक बजे से तीन बजे के बीच अज्ञात चोर ने घर के दरवाजे का कुंडी काटकर घर के अंदर आलमारी में रखा डेढ़ लाख रुपये नगद और लगभग 15 लाख रुपए कीमत का जेवर चुरा लिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची चौरीचौरा पुलिस मामले की जांच कर रही है।

चौरी गांव के बदुरहिया टोला निवासी श्रवण गुप्ता पुत्र स्व. बदरी गुप्ता बदुरहिया चौराहे पर गल्ला का कारोबार करते हैं। घर पर उनकी पत्नी रहती हैं। श्रवण गुप्ता के मुताबिक घर पर उन्होंने तीन लाख रुपया नगद रखा था और पत्नी रितु के जेवर के साथ उनकी मां और देवरिया जिले के रुद्रपुर थानाक्षेत्र के कनइल निवासिनी मुन्नी देवी पत्नी शिवधारी का जेवर भी घर पर अलमारी में रखा था। शुक्रवार को दोपहर 12 बजे के बाद उनकी पत्नी रितु घर में ताला लगाकर किसी काम से बाजार चली गई थीं। दिन में तीन बजे जब वह बाजार से लौटी तो देखा कि घर के दरवाजे का कुंडी कटा हुआ है। घर के अंदर जाकर देखा तो रितु के पैरों तले जमीन खिसक गई। घर के अंदर रखे आलमारी को तोड़कर उसमें रखा नगद रुपया और सारा जेवरात गायब था। बाजार से लौटने से पहले ही किसी अज्ञात चोर ने उनके घर के कुंडी को काटकर घर के अंदर रखा तीन लाख रुपया रुपया और लगभग 15 लाख रुपए कीमत का जेवर चुरा लिया। बताया जाता है कि चोरी के बाद घर के पास उस तीन लाख रुपए में से लगभग डेढ़ लाख रुपए गिर गया था। श्रवण गुप्ता ने इसकी सूचना डायल 112 को देने के साथ चौरीचौरा पुलिस को दिया। पुलिस दिनदहाड़े हुई इस चोरी से सकते में आ गई। पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर घटना के संबंध में जानकारी एकत्र कर रही है।

# डीआईजी व कमिश्नर ने की बैठक, दिये निर्देश

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोरखपुर।** मण्डलायुक्त गोरखपुर द्वारा शुक्रवार को गोरखपुर जनपद में चल रहे निर्माण कार्यो हेतु मिट्टी खनन एवं उसके सुरक्षित परिवहन को लेकर एक विस्तृत बैठक की गई।

बैठक में पुलिस उप महानिरीक्षक एस चन्नप्पा जिलाधिकारी गोरखपुर दीपक मीणा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ एसपी सिटी निमिष पाटिल एसपी ट्रैफिक अमित श्रीवास्तव संभागीय परिवहन अधिकारी, आरएम रोडवेज, खनन अधिकारी सहित कार्यदायी संस्थाओं के प्रमुख उपस्थित रहे। पुलिस कप्तान द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में मिट्टी परिवहन कर रहे डम्परों की ओवर स्पीडिंग तथा बिना मिट्टी को ढके ले जाने से दुर्घटनायें घटित हो रही है। एन0एच0ए0आई द्वारा बिना जानकारी के एक लेन मरम्मत के नाम पर बन्द कर दूसरे लेन से ही सभी आने-जाने वाली गाड़ियों को निकाला जा रहा था तथा मौके पर कोई साइनेज या डायवर्जन का बोर्ड भी समुचित तरीके से नहीं लगाया



गया था, जिसके कारण दो ट्रकों की आमने सामने भीड़त होने से भीषण दुर्घटना हुई। इसके लिये एनएचएआई की लापरवाही सामने आई है। जनपद में कार्यदायी संस्थाओं के लिये मिट्टी खनन कर रहे ठेकेदार मनमर्जी से खनन कर रहे तथा आधी मिट्टी कार्यदायी संस्था को देकर शेष मिट्टी को बेच दे रहे हैं। इसके कारण भी घटनायें घटित हो रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद के सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि प्रतिदिन रात्रि में मिट्टी परिवहन कर रहे डम्परों की विशेष चेकिंग करें तथा जिनके पेपर वैध न हो उन्हें सीज करें।

जिलाधिकारी गोरखपुर द्वारा खनन अधिकारी से अपेक्षा की गयी जिन ठेकेदारों को खनन का पट्टा दिया गया है, उन खनन स्थलों का वे स्वंय निरीक्षण कर लें तथा यह सुनिश्चित करायें कि निर्धारित मात्रा से अधिक खनन न होने पाये। डी0आई0जी0 एस0 चन्नप्पा द्वारा कहा गया कि ऐसी शिकायतें मिल रही है कि जो लोग रोजी रोजगार हेतु परिवार सहित गांव से चले गये हैं, उनके खेत में अवैध तरीके से मिट्टी खोद कर उसे गढढा बना दिया जा रहा है, ऐसी शिकायतों की सख्त जांच कर अवैध खनन करने वाले व्यक्ति के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया जाये। मण्डलायुक्त अनिल ढींगरा द्वारा निर्देशित किया गया कि सरकारी कार्य हेतु मिट्टी खनन के लिये प्राइवेट व्यक्तियों को खनन का पट्टा न देकर कार्यदायी संस्थाओं को खनन का पट्टा दिया जाये तथा वे अपने कार्यस्थल के लिये आवश्यकतानुसार ही मिट्टी का खनन/परिवहन करायें। इससे अवैध खनन तथा मिट्टी चोरी छिपे बेचने की समस्या समाप्त होगी।

# प्रधानों ने सीएम का जताया आभार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**सहजनवां।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा ग्राम प्रधानों को छः माह के लिए प्रशासक बनाए जाने से खुश पिपरौली ब्लॉक के दो दर्जन से अधिक प्रधानों और लगभग एक दर्जन क्षेत्र पंचायत सदस्यों द्वारा शुक्रवार को ग्रामीण विधायक विपिन सिंह से मिलकर सीएम के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

प्रधान संघ के अध्यक्ष और बेतऊवां ऊर्फ चनऊ के ग्राम प्रधान उमेश निषाद ने कहा कि सीएम द्वारा प्रधानों को दिए गए इस अभूतपूर्व सम्मान के लिए पूरा प्रधान संघ आभारी है। प्रधान को ही प्रशासक नियुक्त किये जाने से गांवों में चल रही विकास संबंधी योजनाएं और जनहित कार्य को गति मिलेगी साथ ही पारदर्शिता भी बनी रहेगी। आगे उमेश निषाद ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी गांव के विकास और गांव के सरकार के प्रति हमेशा संवेदनशील रहते है।गांवों में विकास में बाधा उत्पन्न न



होने पाए इसलिए प्रधानों को ही प्रशासक बनाए। इसके बाद प्रधानों द्वारा भाजपा के नए महानगर अध्यक्ष रमेश प्रसाद गुप्ता को स्मृति चिन्ह देकर बधाई दी गई।

इस दौरान अमित पांडेय प्रधान भिलोरा, राजीव रंजन सिंह, शैलेन्द्र प्रताप सिंह प्रधान भगवानपुर, चंद्रशेखर सिंह, मिथिलेश निषाद प्रधान हरैया, विजय यादव, काली प्रसाद सिंह प्रधान छपिया, पारस नाथ निषाद प्रधान तालनवर, राजू निषाद प्रधान पेवनपुर सहित दर्जनों प्रधान उपस्थित रहे।

# रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**बड़हलगंज।** बड़हलगंज कोतवाली क्षेत्र के खैरवा तुलसीपुर गांव में रास्ते के विवाद को लेकर पट्टीदारों के दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। एक पक्ष से सुखधाम सहानी पुत्र रमेश सहानी निवासी खैरवा तुलसीपुर ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उन्होंने अपने पट्टीदारों को पहले से ही अपनी निजी भूमि से चार फुट रास्ता दे रखा है। आरोप है कि विपक्षी दोबारा उनके दरवाजे और सहन से अतिरिक्त रास्ता मांगने लगे। इसी बात को लेकर 22 मई 2026 को दिन में करीब 1¬25 बजे विवाद बढ़ गया। आरोप है कि राजवंश सहानी, दिनेश सहानी, ब्रजेश सहानी तथा इन्द्रसती समेत अन्य लोग घर में घुस आए और गाली-गलौज करते हुए डंडे, ईंट व लोहे की रॉड से हमला कर दिया। घटना में सुखधाम सहानी के सिर और कंधे पर चोटें आईं, जबकि उनकी माता सुमंती देवी और पत्नी नीतू देवी भी घायल हो गईं।

वहीं दूसरे पक्ष से राजवंशी निषाद पुत्र स्व. शिवबचन निषाद निवासी मुहालजलकर खैरवा ने भी थाना बड़हलगंज में तहरीर देकर आरोप लगाया कि वह रास्ते के विवाद को लेकर सुलह-समझौते की बात कर रहे थे, तभी विपक्षी पक्ष उग्र हो गया और विशाल निषाद, उत्तम निषाद, सुखधाम निषाद, रमेश निषाद समेत अन्य लोगों ने लाठी-डंडे और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। मारपीट में राजवंशी निषाद, उनके पुत्र बृजेश निषाद, पत्नी राधिका देवी तथा पुत्रियां इन्द्रमती और फूलमती घायल हो गईं। उन्होंने आरोप लगाया कि घटना में उनका हाथ टूट गया, जबकि पुत्री इन्द्रमती के सिर में गंभीर चोट आई है।

# दो पक्षों में मारपीट, मुकदमा दर्ज

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोला।** गोला थाना क्षेत्र के ग्राम बाथ बुजुर्ग में जमीन के मुकदमे और पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पहले पक्ष के जितेन्द्र सिंह पुत्र स्व. राजनरायण सिंह निवासी बाथ बुजुर्ग ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि रात करीब 8 बजे गांव के राहुल सिंह, पियूष सिंह, बैजनाथ सिंह, अमरनाथ सिंह, अशोक सिंह उर्फ बब्लू, ऋषिकेश सिंह तथा राजनीश सिंह उनके दरवाजे पर पहुंचे और जमीन के चल रहे मुकदमे में सुलह करने का दबाव बनाने लगे। विरोध करने पर आरोपितों ने गाली-गलौज करते हुए लाठी, डंडा व पाइप से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गए। बीच-बचाव करने पहुंचे उनके चचेरे भाई अरविंद सिंह व रायवेंद्र सिंह को भी मारपीट कर घायल कर दिया गया।

वहीं दूसरे पक्ष के अमरनाथ सिंह पुत्र राजपति सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि रात में ही वह गोरखपुर जा रहे थे, तभी गांव के पास पहले से घात लगाए बैठे अरविंद सिंह उर्फ गोलू, जितेन्द्र सिंह, रायवेंद्र सिंह, राजेश राय, अंकित राय, रविन्द्र सिंह, रणजीत सिंह, वंदना तथा कार्तिकेय सिंह ने उन्हें और उनके बड़े भाई बैजनाथ सिंह को रोक लिया। सभी ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की, मोबाइल फोन तोड़ दिया तथा चार पहिया वाहन संख्या यूपी 53 एफक्यू 8237 का शीशा तोड़कर वाहन क्षतिग्रस्त कर दिया। जाते समय जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। दोनों पक्षों के घायलों का उपचार कराया गया। मामले में गोला पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर बीएनएस की विभिन्न धाराओं में कुल 16 नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी प्रहलाद सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। तथा जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### युवक पर किया हमला

**सहजनवां, गोरखपुर।** गीडा थाना क्षेत्र के हरदिया निवासी सत्यपाल यादव पुत्र स्व हरी प्रसाद यादव बुधवार को रात्रि में 10 बजे घर पर सो रहा था। उसी दौरान गांव का एक मनबढ़ शराब के नशे में दरवाजे पर चढ़ कर माता पिता को गाली गुप्ता दे रहा था। जिसका विरोध किया तो मनबढ़ ने वैशाखी से हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित को तहरीर पर पुलिस ने आरोपी जितेंद्र मिश्र उर्फ जेटल मिश्र के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### पंपसेट चलाने को लेकर हुई मारपीट, केस दर्ज

**कौड़ीराम।** गगहा क्षेत्र के बलुआ बुजुर्ग गांव में बिना पूछे पंपसेट चलाने को लेकर हुए विवाद में मारपीट हो गई, जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़िता ने मामले में पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। बांसगांव थाना क्षेत्र के धस्का गांव निवासी द्रौपदी देवी पत्नी नंदू निषाद ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि गगहा क्षेत्र के बलुआ बुजुर्ग स्थित उसके खेत में निजी बोरिंग और पंपसेट लगा हुआ है। आरोप है कि गांव का ही दीपचंद साहनी पुत्र सुरेश साहनी बिना अनुमति उसके पंपसेट से खेत की सिंचाई करने लगा। द्रौपदी देवी के विरोध करने पर आरोपी आगबबूला हो गया और डंडे से हमला कर दिया। शोर सुनकर बीच-बचाव करने पहुंचे द्रौपदी देवी के पुत्र मनोज साहनी पर भी धारदार हथियार से हमला कर दिया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

# ईद-उल-अजहा पर अता हुई नमाज

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोला।** उपनगर गोला के ईदगाह सहित क्षेत्र के विभिन्न ईदगाहों पर गुरुवार की सुबह ईद-उल-अजहा (बकरीद) की नमाज अकीदत और शांतिपूर्ण माहौल में अदा की गई। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी। उपनगर के कई हिन्दू समाज के लोगों ने भी ईदगाह पहुंचकर मुस्लिम भाइयों को इस पवित्र पर्व की शुभकामनाएं दीं, जिससे आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द की मिसाल देखने को मिली। ईदगाह के इमाम हाफिज शफीक रिजवी ने बताया कि ईद-उल-अजहा को बकरीद भी कहा जाता है। यह इस्लाम धर्म का प्रमुख और पवित्र त्योहार है, जो पैगंबर इब्राहिम द्वारा अल्लाह की राह में दिए गए सर्वोच्च बलिदान की याद में मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि इस पर्व का संदेश त्याग, समर्पण और अल्लाह के प्रति अटूट विश्वास है। उन्होंने कहा कि इस्लामिक मान्यताओं के अनुसार पैगंबर इब्राहिम को अल्लाह ने उनकी सबसे प्रिय वस्तु की कुर्बानी देने का आदेश दिया था। इब्राहिम अपने पुत्र



इस्माइल की कुर्बानी देने के लिए तैयार हो गए थे, लेकिन उनकी निष्ठा से प्रसन्न होकर अल्लाह ने इस्माइल को जीवनदान दिया और उनकी जगह एक बकरे की कुर्बानी स्वीकार की। इसी परंपरा के तहत आज भी आर्थिक रूप से सक्षम मुस्लिम समुदाय के लोग बकरे, भेड़, गाय अथवा ऊंट की कुर्बानी देते हैं। इमाम ने बताया कि कुर्बानी के गोश्त को तीन बराबर हिस्सों में बांटा जाता है। एक हिस्सा अपने परिवार के लिए, दूसरा रिश्तेदारों और दोस्तों के लिए तथा तीसरा हिस्सा गरीबों और जरूरतमंदों में वितरित किया जाता है। उन्होंने कहा कि बकरीद का पर्व समाज में प्रेम, त्याग और जरूरतमंदों की मदद का संदेश देता है।

बकरीद के अवसर पर लोगों ने नए कपड़े पहने, घरों में मीठे पकवान बनाए तथा बच्चों को ईदी दी गई। नमाज के बाद ईदगाह परिसर में लोगों ने एक-दूसरे को 'ईद मुबारक' कहकर बधाई दी।

उपनगर के ईदगाह में आयोजित नमाज में ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष गरीब अली, जुनैद आलम परवेज, जावेद, अशरफ, शाहरुख, फारूख, मुन्ना हाशमी एवं जुनैद अहमद सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# यूपी में ईंधन की हो रही हैं निर्बाध आपूर्ति

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोरखपुर।** तेल विपणन कंपनियों इंडियनऑयल, बीपीसीएल और एचपीसीएल की ओर से उपभोक्ताओं और आम जनता को आश्वस्त किया जाता है कि राज्य में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की कोई कमी नहीं है। वर्तमान में कुछ चुनिंदा पेट्रोल पंपों पर देखी जा रही स्थिति पूरी तरह से स्थानीय और अस्थायी है, जो कि कुछ क्षेत्रों में स्थानीय मांग-आपूर्ति के असंतुलन और बिक्री के बदलते पैटर्न के कारण पैदा हुई है।

वर्तमान में चल रहे फसलों की कटाई के सीजन के कारण डीजल की मांग में मौसमी बढ़ोतरी हुई है। कुछ निजी पेट्रोल पंपों पर कीमतें अपेक्षाकृत अधिक होने के कारण, ग्राहक अस्थायी रूप से सार्वजनिक क्षेत्र के पेट्रोल पंपों की ओर रुख कर रहे हैं।

अंतरराष्ट्रीय बाजार की कीमतों के अनुरूप इस समय थोक और संस्थागत आपूर्ति की दरें काफी अधिक हैं। इस वजह से संस्थागत और कमर्शियल खरीदार बड़ी मात्रा में सार्वजनिक क्षेत्र के पेट्रोल पंपों की ओर आकर्षित हो रहे हैं।

यह विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि 1 से 28 मई 2026 की अवधि के दौरान, पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में ईंधन की बिक्री में भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिसमें पेट्रोल की बिक्री में 7.1 प्रतिशत और डीजल की बिक्री में लगभग 7.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। मांग में इस निरंतर और अप्रत्याशित बढ़ोतरी के बावजूद, उपभोक्ताओं की जरूरतों को लगातार और सुचारू रूप से पूरा किया जा रहा है।



यह स्पष्ट किया जाता है कि आपूर्ति में देरी के ऐसे मामले प्रदेश में हमारे विशाल नेटवर्क 12,331 में से केवल बहुत कम संख्या वाले पेट्रोल पंपों तक ही सीमित हैं। अधिकांश पेट्रोल पंपों पर स्टॉक और आपूर्ति पूरी तरह से सामान्य और पर्याप्त बनी हुई है।

सभी तेल विपणन कंपनियाँ उत्तर प्रदेश में पेट्रोल-डीजल और एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक और सप्लाई बनाए हुए हैं। स्थिति पर लगातार पैनी नजर रखी जा रही है और इन कुछ स्थानीय प्रभावित क्षेत्रों में भी बिना किसी रुकावट के ईंधन की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।

हम राज्य में ईंधन की निर्बाध उपलब्धता बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं और उपभोक्ताओं से अनुरोध करते हैं कि वे किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और अनावश्यक रूप से घबराकर ईंधन की खरीदारी न करें। उपभोक्ताओं से यह भी अनुरोध है कि वे ईंधन की उपलब्धता से संबंधित सटीक जानकारी के लिए केवल अधिकृत एजेंसियों और तेल विपणन कंपनियों द्वारा जारी आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करें।

# वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का समापन एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम सम्पन्न




**बलरामपुर।** कैडेट्स के बहुआयामी व्यक्तित्व के विकास में एनसीसी का अप्रतिम योगदान है। यह भारत के युवाओं का सबसे बड़ा संगठन है। सीएटीसी यह कैडेटों को समय का पाबंद बनाता है और वे छोटी-बडी चुनौतियों में भी शांत रहकर सही निर्णय लेना सीखते हैं। यह बातें शुक्रवार को संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में कैडेटों को संबोधित करते हुए बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अरविन्द प्रताप सिंह पटवाल ने कही। उन्होंने कहा कि एनसीसी का संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर युवाओं में अनुशासन, साहस, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रप्रेम जैसे गुणों को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह आवासीय शिविर कैडेटों को अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकालकर मानसिक दृढ़ता और सामूहिक जीवन जीने की कला सिखाता है। इस दौरान कमांडिंग ऑफिसर कर्नल पटवाल ने ड्रिल,फायरिंग, लिखित परीक्षा, वॉलीबॉल,बैडमिंटन, भाषण, क्विज व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेटों को मेडल प्रदानकर सम्मानित किया गया।

## महाराजा सुहेलदेव स्मारक स्थल का किया निरीक्षण

**स्वतंत्र भारत बहराइच।** मा. मंत्री श्रम, सेवायोजन एवं समन्वय विभाग श्री अनिल राजभर ने मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता, डीडीओ राज कुमार, उपायुक्त सहायक श्रमायुक्त सिद्धार्थ मोदियानी, सेवा योजना अधिकारी संजय कुमार, पर्यटन सूचना अधिकारी मनीष श्रीवास्तव व अन्य अधिकारियों के साथ चित्तौरा झील के तट पर स्थित महाराजा सुहेल देव जी के नवनिर्मित स्मारक स्थल पर पहुँच कर महाराजा सुहेलदेव जी की अश्वारोही प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित किया। तत्पश्चात प्रभारी मंत्री श्री राजभर ने स्मारक स्थल एवं चित्तौरा झील की प्रसन्सा करते हुए कहा कि मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन व प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के संकल्प से यहां पर महाराजा सुहेलदेव जी के नाम पर एक भव्य स्मारक का निर्माण हुआ है। श्री राजभर ने कहा कि यहा आकर बहुत ही खुषी मिल रही है।

# सीमावर्ती क्षेत्रों में ईद-उल-अजहा की धूम



**स्वतंत्र भारत बहराइच।** जनपद बहराइच के सीमावर्ती कस्बा रुपईडीहा, बाबागंज और नानपारा सहित ग्रामीण इलाकों (मांझी, सरैया, गुरघुटटा, बंजरिया, तकिया, नरायनपुर कला, लक्ष्मणपुर मटेही) में ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पर्व रविवार को अत्यंत श्रद्धा, पारंपरिक हर्षोल्लास और आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर कस्बे की विभिन्न मस्जिदों और ऐतिहासिक ईदगाहों में हजारों मुस्लिम भाइयों ने नमाज अदा कर अल्लाह की बारगाह में सजदा किया और मुल्क की तरक्की, अमन, चैन व खुशहाली के लिए विशेष दुआएं मांगी। ?सुबह से ही पूरे क्षेत्र में त्योहार को लेकर विशेष उत्साह रहा, जहां रुपईडीहा गांव की छोटी-बड़ी मस्जिदों में सुबह 6:30 से 7:00 बजे के बीच और ऐतिहासिक ईदगाह में सुबह 8:30 बजे सामूहिक नमाज अदा की गई। वहीं बाबागंज में प्रशासन की सख्त सुरक्षा व्यवस्था के बीच आस्ताना बाबा मासूम शाह कुट्टी में सुबह 8:00 बजे हाजी इरफान ने, हाइवे ईदगाह में 7:30 बजे हाफिज अब्दुल हकीम ने, जामा मस्जिद नई बाजार में 7:30 बजे हाफिज मो0 उमर ने और पुरानी बाजार ईदगाह में 8:30 बजे हाफिज मो0 अनीस ने नमाज संपन्न कराई। नानपारा क्षेत्र में मौलाना नियाज कादरी और इमाम हाफिज बरकत ने पैगंबरे इस्लाम हजरत इब्राहिम खलीलुल्लाह और हजरत इस्माइल जबीउल्लाह की पावन जीवनी पर तकरीर करते हुए लोगों को इंसानियत, त्याग और भलाई के रास्ते पर चलने तथा गुमराही से बचने का संदेश दिया। ?नमाज मुकम्मल होने के बाद सभी स्थानों पर लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और अपने-अपने घरों को लौटकर कुर्बानी की पारंपरिक रस्म अदा की, जिसके तहत मांस का एक हिस्सा गरीबों और जरूरतमंदों में बांटा गया। दिनभर घरों में खास भारतीय व्यंजनों, पकवानों और सेंवइयों के साथ दावतों का दौर चलता रहा, जहां लोग आपसी गिले-शिकवे भुलाकर एक-दूसरे के घर बधाई देने पहुंचते रहे और इस प्रकार पूरा सीमावर्ती इलाका आपसी प्रेम, सौहार्द और सद्भावना के रंग में सराबोर नजर आया।

## खबर एक नजर

### डीएम ने किया ईवीएम एवं वीवीपैट का मासिक बाह्य निरीक्षण

**बलरामपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशन में जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ विपिन कुमार जैन ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक बाह्य निरीक्षण किया। उन्होंने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, सीलिंग व्यवस्था, अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता एवं सीसीटीवी निगरानी प्रणाली का गहन निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने वेयरहाउस परिसर में स्थापित सीसीटीवी कंट्रोल रूम का भी जायजा लिया तथा सभी कैमरों की कार्यशीलता की जांच कराई। निरीक्षण के दौरान सभी सीसीटीवी कैमरे सुचारू रूप से संचालित पाए गए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वेयरहाउस की सुरक्षा एवं निगरानी व्यवस्था में निर्धारित प्रोटोकॉल का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी संजय सहाय, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी केशव मल्होत्रा , अधिशाषी अभियंता पीडब्लूडी, अधिशाषी अभियंता आरईएस व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

### जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में सुनीं शिकायतें

**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने प्रतिदिन की तरह शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में आयोजित जनता दर्शन में फरियादियों की समस्याओं को सुना और उनकी समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान जिलाधिकारी को 12 शिकायतें प्राप्त हुई, जो विभिन्न विभागों से सम्बन्धित थी, इन शिकायतों को तत्काल निराकरण कर रिपोर्ट प्रेषित करने हेतु सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने पर अब अधिकारियों की जवाबदेही तय की जायेगी। इसलिए समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण अपने कार्यालय में समस्त कार्य दिवसों में प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक स्वयं जनसुनवाई करें एवं उनकी समस्याओं का समय सीमा के अन्दर निस्तारण कराना भी सुनिश्चित करें।

### शातिर बदमाश 6 बम के साथ गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** कंधई थाना एसएचओ आदित्य सिंह के नेतृत्व मे एसआई विवेक कुमार विनीत प्रजापति आदि ने लूट डकैती हत्या का प्रयास गैंगस्टर गौवध चोरी आर्म्स एक्ट व विस्फोटक पदार्थ अधिनियम मे दो दर्जन दर्ज मुकदमा व अंतर्जनपदीय हिस्ट्री शीटर शातिर बदमाश उस्मान 43 पुत्र जहीर उर्फ जहीरूद्दीन निवासी पूरे बजानी को मुखबिर खास की सूचना पर उत्तरास मोड़ बैरियर चौराहा से 6 जिन्दा बम के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई उपरांत जेल भेज दिया है।

### युवक ने ट्रेन के सामने लगाई छलांग,मौत

**स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।मानसिक** रूप से बीमार युवक ने ट्रेन के सामने छंलाग लगाकर आत्महत्या कर लिया।जानकारी पर परिजनों में रोना पीटना मच गया।कुंडा कोतवाली के विदासिन निवासी करम चंद्र पटेल 28 पुत्र सत्य नारायण पटेल तीन भाई एक बहन में दूसरे नंबर का भाई था,जो मानसिक रूप से बीमार था।मेहनत मजदूरी करके अपना जीवन यापन करता था तथा उसका प्रयागराज में इलाज चल रहा था।वह अविवाहित था।कभी-कभी जब वह डिप्रेशन में हो जाता था, तो वह अपना मानसिक संतुलन खो बैठता था।शुक्रवार की सुबह घर में बिना बताए निकल गया।कुंडा हरनामगंज-गढ़ी मानिकपुर रेलवे स्टेशन के बीच मानिकपुर थाना के बड़गौं गांव के सामने 10 बजे पहुंचा।रेलवे लाइन के किनारे बैठकर ट्रेन का इंतजार करने लगा।लखनऊ से प्रयागराज को जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन आते दिखाई पड़ी तो करीब आने पर दौड़कर ट्रेन के सामने छलांग लगा दिया,जिससे उसके शरीर के चिथड़े-चिथड़े हो जाने से दर्दनाक मौत हो गई।सूचना पर पहुंची मानिकपुर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर शिनाख्त करवाई,तो विदासिन गांव के करमचंद पटेल के रूप में पहचान हुई।जानकारी पर घटनास्थल पर पहुंचे परिजनों में रोना पीटना मच गया।पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा है।

### पुरानी रंजिश मे दबंगों ने बरपाया कहर,एक युवक की हालत गंभीर

**स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।** पुरानी रंजिश मे दबंगों ने घर के सारे औजार लेकर धावा बोल दिया।पुरानी रंजिश मे हुई खूनी संघर्ष मे एक युवक के सिर में गंभीर घाव हो गया।पुलिस ने सात पर केस दर्ज किया। बाघराय थाना के धनवासिया निवासी पीड़ित छोटेलाल मिश्र पुत्र स्व रमा कान्त मिश्र ने पुलिस को बताया कि 26 मई की शाम करीब आठ बजे,अमर सिंह,श्याम प्रताप सिंह,रामू यादव,विजय यादव, कल्लू,रामदुलारे व राम प्यारे उनके घर पहुंचे।सभी घातक हथियारों से लैस थे।दबंग हमलावरों ने छोटेलाल मिश्र को गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे।इसी दौरान अमर सिंह ने छोटेलाल के नाती आदर्श मिश्र के सिर पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया,जिससे आदर्श का सिर फट गया और अत्यधिक रक्तस्राव के कारण वह बेहोश होकर गिर पड़ा।शोर सुनकर छोटेलाल,उनकी पत्नी,नाती आनंद,आदर्श को बचाने के लिए घर के अंदर ले गए।लेकिन हमलावर घर में घुसकर तीनों के साथ मारपीट करने लगे और घर में रखे सामान को तोड़ फोड़ दिया।छोटेलाल मिश्र का कहना है कि आसपास के लोग इकट्ठा होने लगे तो आरोपी बंदूक लहराते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले।घायल आदर्श को उपचार के लिए सीएचसी बाघराय ले जाया गया।

# मारपीट मामले में पांच अभियुक्त गिरफ्तार



**उतरौला/बलरामपुर।** थाना गैंडास बुजुर्ग क्षेत्र में जानलेवा हमले की घटना में शामिल पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त पांच लकडी और बांस के डंडे भी बरामद किए गए हैं। 26 मई 2026 दिन मंगलवार की रात्रि लगभग 10 बजे मोहम्मद आसिफ खान पुत्र वारिस अली निवासी ग्राम अहिरौला थाना कोतवाली उतरौला ने बाइक से घूम रहा था। कि राजू मौर्या ने घूमने पर ऐतराज किया, तो मोहम्मद आसिफ खान ने धमकी देकर वहां से चला गया। 27 मई 2026 दिन बुधवार की सुबह जब राजू मौर्या पिपरा चौराहे पर चाय पीने के लिए जा ही रहे थे, तभी मोहम्मद आसिफ खान के अलावा अन्य साथियों ने रास्ते में रोककर गाली गलौज करते हुए लाठी डंडे से हमला कर दिया, बीच बचाव करने पहुंचे परिजनों को भी आरोपियों ने मारपीट कर उन्हें गम्भीर रूप से घायल कर दिया। हमले में मीना देवी और भतीजा धनराज मौर्य को गम्भीर रूप से चोटें आईं। वादी राजू मौर्या पुत्र धनी राम निवासी ग्राम अहिरौला की तहरीर पर थाना गैंडास बुजुर्ग में मुकदमा अपराध संख्या 56/2026 धारा 109, 191(2),126 (2), 115 (2), 351(3), 352 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय व क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण में गैडास बुजुर्ग के थानाध्यक्ष राजीव कुमार मिश्र के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 27 मई 2026 को मुख्य मार्ग ग्राम पिपराराम दुर्गा मन्दिर के पास से पांचों नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पांचों आरोपी मोहम्मद आसिफ खान पुत्र वारिस अली,आयु ,साजिद खान पुत्र वारिस अली, सलीम उर्फ सालिम अली पुत्र वारिस अली, वारिस अली पुत्र आबिद अली, माजिद अली पुत्र वारिस अली,निवासी ग्राम पिपराराम थाना गैंडास बुजुर्ग घटना के दौरान प्रयुक्त पांच लकडी व बांस के डंडे बरामद किया गया। आरोपियो से पूछताछ में मुख्य आरोपी मोहम्मद आशिफ खान ने बताया कि 26 मई 2026 की रात्रि लगभग 10 बजे को अहिरौला में घूमने पर राजू ने टोका और दोबारा गांव में आने से मना भी किया। इससे बेइज्जती महसूस हुई और घर पर बताने पर सभी ने राजू को सबक सिखाने की योजना भी बनाई। 27 मई 2026 की सुबह राजू मौर्या के घर के सामने पहुंचते ही सभी ने घेरकर मार पीट करना शुरू कर दी। बीच बचाव करने आए हीरा लाल मौर्य, राजू मौर्या, मीना देवी, धनराज मौर्या, सोहन लाल व आकाश मौर्य को भी घेरकर मारा पीटा।

# नगर के प्रमुख सरोवरों व पार्कों का अध्यक्ष ने किया निरीक्षण

बलरामपुर। आदर्श नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष डॉ.धीरेन्द्र प्रताप सिंह 'धीरू' ने नगर में संचालित विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर अधिकारियों एवं संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नगर के विभिन्न सरोवरों,पार्कों एवं सार्वजनिक स्थलों पर चल रहे सौंदर्यीकरण और विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया गया। अध्यक्ष प्रतिनिधि डीपी सिंह बैंस ने बताया कि डॉ.धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने झारखंडी मंदिर सरोवर,बुद्धा पार्क,चन्द्रशेखर आजाद पार्क,श्री हनुमान मंदिर स्थित रानी तालाब तथा संस्कृत पाठशाला सरोवर में चल रहे निर्माण एवं सुंदरीकरण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने,साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने तथा समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नगर के विभिन्न प्रमुख चौराहों और तिराहों पर महापुरुषों की प्रतिमाएं स्थापित किए जाने के प्रस्तावित स्थलों का भी जायजा लिया गया। अध्यक्ष ने कहा कि महापुरुषों की प्रतिमाओं के माध्यम से नगर की सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक पहचान को और मजबूत किया जाएगा,जिससे नई पीढी को प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विकास कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता का विशेष ध्यान रखा जाए तथा आमजन की सुविधाओं को प्राथमिकता दी जाए। नगर के सरोवरों और पार्कों को आकर्षक एवं व्यवस्थित बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी लालचंद मौर्य,जेई सिविल अविनाश यादव,गौरव मिश्रा,संबंधित ठेकेदार एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बच्चे भारत के सुनहरे भविष्य,बच्चों के प्रति बनें संवेदनशील



**स्वतंत्र भारत बहराइच।** देहात इंडिया के तत्वाधान में विकास खंड चित्तौरा अंतर्गत ग्राम पंचायत मसीहाबाद के पंचायत भवन में ग्राम स्तरीय बाल संरक्षण समिति बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में परिचय एवं बाल समिति गठन प्रक्रिया पर प्रधान प्रतिनिधि सलमान, ग्राम विकास अधिकारी ओम प्रकाश यादव सहित अन्य हितधारकों की अध्यक्षता में शुरुआत किया गया। बैठक में देहात टीम से अमरेश कुमार जी ने बाल संरक्षण पर पलायन एवं विवाह रजिस्टर को तैयार एवं क्यों जरूरी है पर विस्तृत चर्चा की गई।साथ ही बताया गया कि बाल यौन शोषण, मानव सभ्यता पर सबसे बड़ा कलंक है। जब किसी वयस्क या शक्तिशाली व्यक्ति द्वारा किसी मासूम बच्चे का अपनी कामुक इच्छाओं की पूर्ति या किसी भी प्रकार के व्यावसायिक लाभ (जैसे बाल पोर्नोग्राफी या देह व्यापार) के लिए इस्तेमाल किया जाता है, तो उसे बाल यौन शोषण कहते हैं। यह शोषण केवल किसी अजनबी द्वारा नहीं, बल्कि अक्सर बच्चे के किसी करीबी, रिश्तेदार, पड़ोसी या स्कूल/संस्था से जुड़े किसी परिचित द्वारा किया जाता है। डर या सामाजिक बदनामी के कारण बच्चे अक्सर इसे किसी से साझा नहीं कर पाते। इसके साथ बाल संरक्षण एवं त्वरित कार्यवाही हेतु 1098/112 शिकायत पंजीकृत कराने को लेकर चर्चा हुई विशेषतः में बताया कि शिकायतकर्ता की सभी पहचान को गुप्त रखा जाएगा।

# तमंचा सटाकर बदमाशों ने लूटे गहने



**स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।** डकैती,लूट,छिनैती,चोरी जैसे जघन्य अपराधों मे यदि पुलिस की कार्रवाई शिथिल व लचर होने से बदमाशों का मनोबल कहीं न कहीं बढ़ जाता है और पुनः किसी न किसी को निशाना बनाते है।बदमाश ने बाहर सो रही महिला का पायल पैर से खोल लिया और घर के दरवाजे पर लगी सिटकनी खोल कर अन्दर घुसा और महिला का पर्स ले लिया,जिसमे महिला ने निमंत्रण से वापस आने पर गहने उतारकर रखे थे। महिला का पति पुराने घर से वापस आया तो बदमाश ने उसके तमंचा सटा दिया और जान से मारने की धमकी दी। इसी दौरान बदमाश मोटर साइकिल से भाग गए।पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी,पुलिस ने मौका मुआयना किया लेकिन एक सप्ताह बिताने के बाद भी केस दर्ज नही किया।संग्रामगढ़ थाना के धना का पुरवा गांव निवासी अरविंद सरोज पुत्र शंकर लाल पेशे से ईंट भट्ठा से ट्रैक्टर से ईंट ढुलाई करता है।आरोप है कि 20 मई की भोर करीब साढ़े तीन बजे अरविंद सरोज उठा और दरवाजे पर सिटकिनी लगाकर ट्रैक्टर लाने पुराने घर चला गया,घर मेइसी दौरान मोटर साइकिल सवार दो व्यक्ति मे एक घर के पास पहुंचा और बाहर सो रही अरविंद की पत्नी सीमा सरोज के पैर से पायल खोल लिया उसके बाद दरवाजे की सिटकनी खोल घर के अन्दर घुसा और महिला का पर्स ले लिया,जिसमे महिला के गहने रखे थे,इसी बीच अरविंद सरोज पुराने घर से ट्रैक्टर लेकर आ गया और घर में घुसे बदमाश को पकड़ लिया,अरविंद के पकड़ते ही बदमाश ने तमंचा सटा दिया और जान से मारने की धमकी दी,डरा सहमा अरविंद चुप हो गया और बदमाश मोटर साइकिल से भाग गए।

# दो करोड़ के गांजा के साथ तीन गिरफ्तार



**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** एसपी दीपक भूकर द्वारा चलाए गए ऑपरेशन प्रहार अंतर्गत फतनपुर थाना प्रभारी मनीष त्रिपाठी मय हमराह व स्वाट टीम प्रभारी के द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए मुखबिर की सूचना पर पकड़ी बॉर्डर बैरियर के पास ट्रक को रोककर चेक किया।तलाशी के दौरान ट्रक में छिपाकर रखी गई,सात बोरियों से 2 कुंतल 21 किलो 640 ग्राम गांजा बरामद किया।मौके से ट्रक चालक सहित कुल तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।इस संबंध में थाना फतनपुर पर धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया है।मो अरबाज 25 पुत्र मो असलम निवासी ग्राम जाफरपुर थाना कंधई,शोएब मलिक 22 पुत्र स्व इस्तेखार अली निवासी ग्राम कठार मधुपुर थाना कंधई,मो वसिर 27 पुत्र मो शरीफ निवासी ग्राम मंदाह थाना कंधई को गिरफ्तार किया।अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि वे उड़ीसा से अवैध गांजा ट्रांसपोर्ट के माध्यम से अन्य सामानों के बीच छिपाकर विभिन्न स्थानों पर सप्लाई करते थे।पकड़े गए गांजे की कीमत दो करोड़ 21 लाख रुपए आंकी गई है।

### तूफान से गिरे टीन शेड के पिलर में दबने से बुजुर्ग की मौत

**स्वतंत्र भारत संवाद बाबागंज प्रतापगढ़।** महेशगंज थाना अंतर्गत नगर पंचायत हीरागंज बाजार के वार्ड 11 फतुहाबाद मे गुरुवार की रात आई तेज आंधी से टीन शेड व ईंट का पिलर गिरने से सो रही बुजुर्ग महिला फूलकली 85 पत्नी स्व अनंत राम पाल की दबने से मौत हो गई।बुजुर्ग महिला फूलकली अपने दिव्यांग बेटे तीरथ के साथ घर में अकेली रहती थी।परिवार में देखभाल करने वाला कोई नही है।घटना की सूचना पर एसडीएम वाचस्पति सिंह व लेखपाल मौके पर पहुंचे और दैवीय आपदा अंतर्गत आर्थिक सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया।पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा है।

### धर्मांतरण कराने के आरोपी दंपति को पुलिस ने भेजा जेल

**स्वतंत्र भारत संवाद जेठवारा प्रतापगढ़।** मान्धाता थाना पुलिस ने बहरिया के धर्मांतरण प्रकरण में बड़ी कार्रवाई करते हुए दो वांछित आरोपियों को जेल भेज दिया।गांव के अनपढ़ लोगों को गुमराह कर धर्म परिवर्तन कराने के दर्जन भर से अधिक आरोपियों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस फरार आरोपियों की तलाश मे थी।मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने थाना रानीगंज के ग्राम सण्डिला भिटरिया मे दबिश देकर आरोपी सुरेन्द्र कुमार 49 पुत्र भगवती प्रसाद व उनकी पत्नी रीता देवी 39 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### डीपीआरओ ने डिजिटल लाइब्रेरी का किया उद्घाटन

**स्वतंत्र भारत संवाद परियांवा प्रतापगढ़।** ब्लॉक कालाकांकर अंतर्गत ग्राम पंचायत रानीमऊ खास मे जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकांत दर्वे ने शुक्रवार को डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन किया।डिजिटल लाइब्रेरी में करीब 500 पुस्तकों मे धार्मिक ऐतिहासिक एनसीआरटी की हाईस्कूल इण्टर व प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पुस्तके ग्राम पंचायत सचिवालय मे रखी है जिसे ग्रामीण पढ़कर ज्ञानवान बनेंगे।इस दौरान एडीओ पंचायत केवला प्रसाद ग्राम पंचायत अधिकारी प्रभांशु ग्राम प्रधान राकेश साहू मंदीप गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### ज्ञानसंवर्धन पुस्तक का हुआ विमोचन

**बलरामपुर।** एमएलके पीजी कॉलेज बलरामपुर के वनस्पति विज्ञान के अवकाश प्राप्त एसोसिएट प्रोफेसर डॉ जीतेन्द्र सिंह चौहान द्वारा स्नातक/परास्नातक छात्र-छात्राओं के ज्ञानसंवर्धन के लिए लिखित पुस्तक टेक्स्टबुक ऑफ प्लांट फिजियोलॉजी का विमोचन गुरुवार को बलरामपुर राज के महाराजा जयेन्द्र प्रताप सिंह ने किया। पुस्तक के विमोचन होने पर सहयोगी शिक्षकों ,शोधार्थियों व विद्यार्थियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है



# प्रयागराज मंडल की मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के साथ हुई बैठक

**स्वतंत्र भारत प्रयागराज।** शुक्रवार को प्रयागराज मण्डल कार्यालय के संकल्प सभागार में प्रयागराज मंडल के अधिकारियों की मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के साथ बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक के अध्यक्ष मण्डल रेल प्रबन्धक/ प्रयागराज, रजनीश अग्रवाल थे । इस बैठक में अपर मण्डल रेल प्रबन्धक/सामान्य, दीपक कुमार, अपर मण्डल रेल प्रबन्धक/ इन्फ्रा, धनंजय कुमार सिंह और वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, हरिमोहन, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक/ समन्वय, शिवम शर्मा; वरिष्ठ मंडल इंजीनियर / समन्वय, मो. जावेद अख्तर, उप मुख्य यातायात प्रबन्धक/ कानपुर, अकांशु गोविल एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक की शुरूआत में अपर मण्डल रेल प्रबन्धक/सामान्य, दीपक कुमार ने सभी सदस्यों को प्लांटर देकर उनका स्वागत किया। रेल उपयोगकर्ताओं को रेलवे द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली सेवा में सुधार करने के उपायों के लिए रेलवे प्रशासन और उपयोगकर्ताओं के प्रतिनिधि - मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की रेल प्रशासन के साथ समय-समय पर बैठक आयोजित की जाती है।




रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुये मण्डल रेल प्रबन्धक/ प्रयागराज, रजनीश अग्रवाल ने कहा कि आप आम जनमानस एवं रेल यात्रियों की समस्याओं, अपेक्षाओं एवं सुझावों को हमारे समक्ष रखते हैं। आपके बहुमूल्य सुझाव यात्री सुविधाओं को और बेहतर बनाने तथा जनहित के अनुरूप विकास कार्यों को गति प्रदान करने में सदैव सहायक रहे हैं। प्रयागराज मंडल के सभी विभागों द्वारा टीम भावना के साथ किए जा रहे कार्यों के परिणामस्वरूप मंडल निरंतर नई उपलब्धियाँ प्राप्त कर रहा है। सुरक्षित, संरक्षित एवं सुगम रेल यात्रा उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। मण्डल में अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत विभिन्न प्रमुख स्टेशनों का विकास कार्य प्रगति पर है । साथ ही प्रयागराज जंक्शन एवं कानपुर सेंट्रल स्टेशनों के पुनर्विकास कार्यों के माध्यम से यात्रियों को आधुनिक एवं विश्वस्तरीय सुविधाएँ उपलब्ध कराने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है।

इस अवसर पर वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, हरिमोहन ने पीपीटी के माध्यम से सभा में उपस्थित सभी सदस्यों को मण्डल की उपलब्धियों एवं मण्डल द्वारा यात्रियों को दी जा रही सुविधाओं और कार्य योजना से अवगत कराते हुये कहा कि प्रयागराज मण्डल द्वारा 17 यात्री आरक्षण केंद्र, 27 यूटीएस कम पीआरएस एवं 126 यूटीएस के माध्यम से 21 जनपदों में रेलवे सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। प्रयागराज मण्डल में मण्डल में 10 स्टेशनों पर 29 JTBS (जनसाधारण टिकट बुकिंग सेवक) कार्यरत हैं । प्रयागराज मण्डल में 37 स्टेशनों पर 156 एटीवीएम कार्यरत हैं एवं इन मशीनों को ऑपरेट करने हेतु 4 दिव्यांगजन सहित 202 फेसिलटेटर नियुक्ति किए गए हैं । एटीवीएम पर कैश लेस ट्रांजेक्शन की भी सुविधा दफ उडअ्, के माध्यम से उपलब्ध कराई गई है । प्रयागराज मण्डल से प्रतिदिन करीब 2 लाख से अधिक यात्रियों को सेवित किया जा रहा है। प्रयागराज की औसत यात्री आय प्रतिदिन करीब 5.3 करोड़ रुपये है।

प्रयागराज मण्डल के 115 वाणिज्यिक स्टेशनों पर वाई-फाई की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। प्रयागराज मण्डल के 75 स्टेशनों पर सुरक्षा हेतु 1659 CCTV कैमरों की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। मण्डल में आची साफ सफाई के लिए के लिए बड़े स्टेशनों और ट्रेनों में पूरी तरह से मशीन से सफाई की जा रही है ।

रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के सदस्यों ने विभिन्न स्टेशनों पर गाड़ियों के ठहराव, गाड़ियों के समय में परिवर्तन, फुट ओवर ब्रिज, रोड अंडर ब्रिज, गाड़ियों में साफ-सफाई, खानपान की वस्तुओं की उपलब्धता और मूल्य, वरिष्ठ नागरिकों के लिए रियायत दर पर टिकट एवं नयी गाड़ियों को चलाने के सुझाव जैसे अनेकों विषयों पर गहन चर्चा की गयी।

मण्डल रेल प्रबन्धक/ प्रयागराज, रजनीश अग्रवाल ने मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के सदयों को आश्वासन दिया कि उनके द्वारा उठाए गए मुद्दों पर शीघ्र ही समाधान दे दिया जाएगा। मण्डल रेल प्रबन्धक, अपर मण्डल रेल प्रबन्धक और वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक ने जनता के मुद्दों से रेलवे को अवगत करने के लिए सभी को धन्यवाद दिया। इस बैठक में मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के सदस्य प्रयागराज से अजय कुमार सिन्हा, त्रिभुवननाथ पटेल, शिवशंकर केसरवानी एवं प्रमोद कुमार बंसल, कानपुर से लाइक अहमद, डॉ. स्टैनली ब्राउन, शिवकुमार सचान, जितेंद्र कुमार पाण्डेय एवं विजय पांडे, फतेहपुर से प्रदीप गर्ग, चित्रकूट से संतोष कुमार, अलीगढ़ से रामगोपाल दीक्षित एवं संजय पंडित, बुलंदशहर से राजपाल लोधी उपस्थित थे।

## फूलपुर में युवक ने ग्राइंडर मशीन से काटा अपना गला

**फूलपुर, प्रयागराज।** फूलपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार की भोर में कस्बा चौकी अंतर्गत कोहना मोहल्ले में एक युवक ने ग्राइंडर मशीन से अपना गला काटकर आत्महत्या कर ली जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोहना मोहल्ला निवासी 30 वर्षीय शाहरुख उर्फ अतीक पुत्र मोहम्मद हबीब ने देर रात शुक्रवार भोर में अपने घर में यह आत्मघाती कदम उठाया। बताया जा रहा है कि उसने ग्राइंडर मशीन को अपने गले पर रखकर चालू कर दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। परिवार के लोगों ने बताया की शाहरुख की शादी करीब 3 वर्ष पहले गुलाफशा से हुई थी। जिनका 1 साल का बेटा भी है और बीमारी चलते उसका इलाज चल रहा है पति-पत्नी के बीच पारिवारिक विवाद चल रहा था । और उनका मामला कोर्ट में विचाराधीन था युवक ने पत्नी को वापस लाने के लिए परामर्श केंद्र में भी अर्जी दी थी। उसकी पत्नी एक दिन पहले ही घर लौटी थी। घटना की सूचना मिलते ही फूलपुर पुलिस ने मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की जांच शुरू कर दी है । स्थानीय लोगों के अनुसार युवक पिछले कुछ समय से मानसिक तनाव में था।



मृतक- शाहरुख उर्फ अतीक (30) पुत्र मोहम्मद हबीब, निवासी कोहना मोहल्ला

## ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में घायल महिला सिपाही की इलाज के दौरान मौत

थरवईं थाना के सामने हुआ था दर्दनाक हादसा

पुलिस लाइन में महिला सिपाही के शव को दिया गया गॉड ऑफ ऑनर

**स्वतंत्र भारत फाफामऊ।** थरवई थाना के सामने गुरुवार रात को सीमेंट लदा ट्रैक्टर ट्राली ने महिला सिपाही के स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दिया था जिसमें स्कूटी में आग लग गई थी महिला सिपाही गंभीर रूप से घायल हो गई थी। इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। थरवई थाना में तैनात महिला सिपाही विनीता गुरुवार शाम को थाने से स्कूटी से कही जा रही थी थाने से जैसे ही स्कूटी लेकर निकली फाफामऊ सहसों मार्ग पर सहसों तरफ से ट्राली पर ओवरलोड लदा सीमेंट ट्रैक्टर ने विनीता की स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दिया टक्कर इतनी तेज थी कि स्कूटी में आग लग गई । ट्रैक्टर के नीचे स्कूटी फस गई महिला सिपाही भी आग की चपेट में आ गई और गंभीर रूप से घायल हो गई।आस पास के लोग और थाने के सभी पुलिस वाले मौके पर पहुंचे किसी तरह आग को बुझाकर महिला सिपाही को तत्काल इलाज के लिए एस आर एन अस्पताल ट्रामासेंटर प्रयागराज ले गए जहां हालत गंभीर बनी रही।महिला सिपाही की दुर्घटना की सूचना पाकर थरवईं एसीपी अरुण पराशर भी अस्पताल पहुंचे। दुर्घटना की सूचना पुलिस वाले ने महिला सिपाही के परिजन को भी दिए वह भी मौके पर पहुंचे।जहां महिला सिपाही की हालत गंभीर बनी रही देर रात इलाज के दौरान महिला सिपाही की मौत हो गई। मौत की सूचना पर थरवईं थाना के सिपाहियों में शोक की लहर दौड़ पड़ी क्यों कि विनीता अभी-अभी ट्रेनिंग करके एक माह पहले ही थरवई थाने में ज्वाइन की थी। विनीता उम्र करीब 24 साल पुत्री श्याम बिहारी निवासी तेंदुहार थाना घोरावल जिला सोनभद्र की रहने वाली थी। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम करवाकर महिला सिपाही के शव को पुलिस लाइन लाया गया जहां पर एसीपी थरवईं अरुण पाराशर ने शव पर पुष्प चक्र भेंट कर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया । सभी महिला और पुलिस सिपाहियों ने शव पर पुष्प चढ़ा कर श्रद्धांजलि अर्पित किए।मौके पर महिला सिपाही और पुलिस के जवान मौजूद रहे गार्ड ऑफ अनार के बाद महिला सिपाही के शव को पुलिस जवान के साथ सा सम्मान सरकारी वाहन से गृह जनपद सोनभद्र भेजा गया। विनीता चार बहन एक भाई में तीसरे नंबर पर थी भाई ने बताया कि पिता किसान है विनीता पढ़ने में तेज थी दिनरात मेहनत करके पुलिस में भर्ती हुई थी बहुत खुशी थी।हम लोगो का सहारा छिन गया।



## जनपद में हुये दर्दनाक हादसा में वीरेन्द्र सरोज फौजी ने पीड़ित परिवार को बंधाया ढांढस

**स्वतंत्र भारत कौशाम्बी।** जनपद के मंझनपुर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत पूरब पश्चिम शरीरा के दूनी तिवारी का पूरा गांव में बीती रात आए तेज आंधी-तूफान ने एक परिवार की खुशियां उजाड़ दीं। तेज तूफान के दौरान घर पर विशाल पेड़ गिर जाने से एक ही परिवार के तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक मासूम बच्चा गम्भीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में मातम पसरा है। मृतकों में मंगल सरोज की पत्नी माया देवी, 5 वर्षीय मासूम श्वेता और 3 वर्षीय अनुभव शामिल हैं। वहीं 7 वर्षीय आकाश गम्भीर रूप से घायल हो गया है, जिसका उपचार जारी है। घटना की जानकारी मिलते ही समाजसेवी एवं जनप्रिय नेता वीरेन्द्र सरोज फौजी तत्काल पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। इसके बाद वह पोस्टमार्टम हाउस भी पहुंचे, जहां उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। वीरेन्द्र सरोज फौजी ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता और घायल बच्चे के समुचित इलाज की मांग की। उन्होंने कहा कि इस दुःख की घड़ी में पूरा क्षेत्र पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है।



## अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह को दी गई भावभीनी विदाई

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो कौशाम्बी।** दिनांक 27.05.2026 को जनपद कौशाम्बी में अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह के गैर जनपद स्थानान्तरण होने पर आज एक गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी सत्यनारायण द्वारा उन्हें स्मृति चिन्ह/ प्रतिमा भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों द्वारा राजेश कुमार सिंह के जनपद में कार्यकाल की सराहना की गई तथा उनके द्वारा कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने, अपराध नियन्त्रण एवं प्रशासनिक कार्यों में दिये गये योगदान को उल्लेखनीय बताया गया। अधिकारियों ने उनकी कर्तव्यनिष्ठ, अनुशासित एवं जनोन्मुखी कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में पुलिस एवं प्रशासन के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित हुआ, जिससे जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई। इस अवसर पर नवागन्तुक अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी श्रीमती अमिता सिंह, समस्त क्षेत्राधिकारीगण सहित अन्य अधिकारियों द्वारा भी अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति उपहार भेंट कर शुभकामनाएं दी गयीं। सभी अधिकारियों द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक को उनके भावी दायित्वों हेतु शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।



# प्रयागराज मण्डल कार्यालय में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत किया गया वृक्षारोपण

**स्वतंत्र भारत प्रयागराज।** मण्डल रेल प्रबन्धक/प्रयागराज, रजनीश अग्रवाल के मार्गदर्शन में प्रयागराज मंडल में दिनांक 15 मई, 2026 से 5 जून, 2026 तक 'क्लाइमेट चेंज' थीम पर 'विश्व पर्यावरण दिवस' अभियान चलाया जा रहा है । इस अभियान के दौरान पर्यावरण अनुकूल उत्पादों, वृक्षारोपण, जल संरक्षण, स्वच्छता और प्लास्टिक मुक्त रेलवे परिसरों के निर्माण की दिशा में अभियान चलाये जा रहे हैं ।

इसी क्रम में आज दिनांक 29 मई, 2026 को प्रयागराज मण्डल कार्यालय में अपर मण्डल रेल प्रबन्धक/सामान्य, दीपक कुमार ने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर वरिष्ठ माडल कार्मिक अधिकारी, वैभव कुमार गुप्ता एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरित वातावरण को बढ़ावा देना है।





विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के अवसर पर भारतीय रेल द्वारा चलाये जाने वाले अभियान के क्रम में प्रयागराज मण्डल में 15 मई से 5 जून 2026 तक व्यापक पर्यावरण संरक्षण एवं जन-जागरूकता अभियान निरंतर जारी हैं। इन अभियानों के अंतर्गत रेलवे स्टेशनों, कॉलोनियों एवं कार्यालय परिसरों में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, प्लास्टिक उन्मूलन, जल एवं ऊर्जा संरक्षण तथा सतत जीवनशैली को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की रहे हैं । 'मिशन लाइफ' एवं 'विश्व पर्यावरण दिवस -2026' थीम के अंतर्गत जागरूकता अभियान चलाकर पोस्टर, बैनर एवं डिजिटल संदेशों के माध्यम से जलवायु परिवर्तन, सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभाव तथा पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है । यात्रियों एवं कर्मचारियों को पुनः उपयोग योग्य बोतलों, बैग एवं कंटेनरों के उपयोग तथा डिजिटल टिकटिंग एवं पेपरलेस यात्रा के लिए प्रेरित किया जा रहा है ।

विश्व पर्यावरण अभियान के अंतर्गत रेलवे स्टेशनों एवं आसपास के क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता अभियान के साथ साथ कचरा पृथक्करण एवं उचित निस्तारण के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा रहे है । IRCTC एवं अन्य संबंधित एजेंसियों के सहयोग से जैव-अवक्रमणीय एवं गैर-प्लास्टिक सामग्री के उपयोग को प्रोत्साहित किया जा रहा है । रेलवे परिसरों में प्लास्टिक बोतल क्रशिंग मशीनों की समीक्षा, जल पुनर्भरण केन्द्रों का निरीक्षण तथा यात्रियों को अपनी पानी की बोतल साथ रखने और पुनः भरने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही, रेलवे स्टेशनों पर विक्रेताओं एवं सेवा प्रदाताओं को सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर प्रतिबंध का पालन सुनिश्चित करने हेतु संवेदनशील बनाया जा रह है।

प्रयागराज मण्डल के विभिन्न स्टेशनों पर 'एक पेड़ माँ के नाम' पहल के अंतर्गत वृक्षारोपण अभियान के साथ रेलवे स्टेशनों, कॉलोनियों एवं पार्कों में हरित एवं स्वच्छ वातावरण बनाए रखने हेतु विशेष प्रयास जारी हैं । 'वन स्टेशन वन प्रोडक्ट' योजना के अंतर्गत कपड़े एवं जूट के बैग तथा पर्यावरण-अनुकूल उत्पादों को बढ़ावा दियाजा रहा है। इसके अतिरिक्त जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन, जल पुनर्चक्रण, ऊर्जा संरक्षण, LED के उपयोग तथा अनावश्यक विद्युत उपकरणों को बंद रखने के प्रति भी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

# जीवन रेखा मेडिकेयर को अल्ट्रासाउंड में अनियमितता की विडियो को रफा-दफा करने में जुटा स्वास्थ्य विभाग

**स्वतंत्र भारत कोरांव प्रयागराज।** कोरांव जनपद प्रयागराज से 100 किमी दूर स्थित यूपी एम पी की सीमा से सन्निकट है, जहां स्वास्थ्य विभाग के रहमो करम पर यहां प्राईवेट अस्पतालो व झोलाछाप डॉक्टरों सहित मेडिकल स्टोरों की अच्छी खासी मंण्डी फल फूल रहीं हैं। जहां अधिकांश तर प्राइवेट नर्सिंग होमो में पंजीकृत डाक्टरों के स्थान पर नामी-गिरामी डाक्टरो के नाम की पट्टियां टांगकर अच्छी खासी धनराशि वसूली का केंद्र साबित हो रहा है। ऐसा नहीं कि इस काले कारनामे की जानकारी सी एम ओ प्रयागराज को नहीं है नहीं शासन को आज भी स्वास्थ्य विभाग में बाबूओं का रैकेट अधिकारियों पर पूरी तरह हावी है। और स्थानांतरण नीति की खुलेआम धज्जियां उड़ाते हुए लम्बे समय से प्रयागराज में डटे हुए हैं। जिनके रहमो करम पर बगैर डिग्री धारक डाक्टरो की अच्छी खासी फौज जमुना पार में तैयार हो गई है और तों और हद तो तब हो जाती है जब यह फौज कभी-कभी खुद सर्जरी भी करने लगतीं हैं, जिससे लोगों को समय से पूर्व ही काल का शिकार होना पड़ता है।

हालही में एक नामी गिरामी प्राइवेट नर्सिंग होम में अल्ट्रासाउंड करने वाले ऐसे डाक्टर की विडियो चर्चा का विषय ही नहीं बनी बल्कि पूरी तरह से वायरल हो गई।

आनन फानन में उपजिलाधिकारी कोरांव आकांक्षा सिंह ने तत्काल उक्त नर्सिंग होम का निरिक्षण किया जहां अनियमितता की विडियो भी दिखीं। जिसके जांच रिपोर्ट की जिम्मेदारी उपजिलाधिकारी कोरांव ने अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव डा के बी सिंह से दो दिन में मांगी थीं। किन्तु रिपोर्ट को जमीन निगल गई या आसमान यह सोचने का विषय है। इस सम्बन्ध में सी एम ओ प्रयागराज व अधीक्षक डॉ के बी सिंह से बात करने पर मोबाइल नहीं उठाया गया।

वहीं जिलाधिकारी प्रयागराज द्वारा निरन्तर स्वास्थ्य विभाग को सुधारने का सराहनीय कदम जहां चर्चा का विषय बना हुआ है। वहीं लोगों की मांग है कि कोरांव में प्राइवेट अस्पतालों में चल रहे अल्ट्रासाउंड केंद्रो के रेडियो लाइजिस्टो का समय निर्धारित कर लिखा जाए कि वह कब कब किस समय बैठते हैं। और फिर टीम द्वारा औचक निरीक्षण कराया जाय तो जिससे प्रकरण की सच्चाई साफ हो सकें। और फर्जी ढंग से दर्जनों से अधिक चल रहे अल्ट्रासाउंड केंद्रो के निगरानी समिति का गठन हो तथा नियमों की अनदेखी करने वाले सभी अल्ट्रासाउंड केंद्रो को बन्द कराया जाय। किन्तु यह तब तक सम्भव नहीं है जब तक लम्बे समय से प्रयागराज में कुंडली मारकर बाबू लोग पटल पर डटे रहेंगे।

## अधीक्षक की देखरेख में अल्ट्रासाउं केंद्रो की भरमार

**स्वतंत्र भारत प्रयागराज।** कोरांव तहसील में प्राइवेट नर्सिंग होमो में लगातार अनाधिकृत रूप से अल्ट्रासाउंड केंद्रो की भरमार है,ऐसा नहीं कि प्रकरण की जानकारी अधीक्षक को नहीं है। वावजूद इसके खामोश होकर अपनी जेब भरने में जुटे हैं,जिसका ज्वलंत उदाहरण तत्कालीन उप जिलाधिकारी आकांक्षा सिंह ने एक प्राइवेट अस्पताल का वायरल विडियो का जांच अधीक्षक के साथ किया। जहां रेडियोलॉजिस्ट नहीं था, बगैर रेडियोलॉजिस्ट के अल्ट्रासाउंड नहीं किया जा सकता है। जिसकी पुष्टि वहां मौजूद महिलाओं ने करते हुए बताया कि अल्ट्रासाउंड अस्पताल का मालिक खुद करता है, और रिपोर्ट नहीं देता पूछने पर सब कुछ ठीक होने की बात कहता है। तथा अल्ट्रासाउंड के नाम पर 500 से 800तक की वसूली सरेआम की जाती है। इस पर उपजिलाधिकारी आकांक्षा सिंह ने अधीक्षक से जांच कर रिपोर्ट मांगी पर अधीक्षक ने नहीं रिपोर्ट सौंपी बल्कि सूत्रों की मानीं जाय तो मिल बैठकर बन्दर बांट कर मामले को रफा-दफा कर दिया गया।

## 16 यूपी बटालियन एन.सी.सी. प्रयागराज के नेतृत्व में 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-63 संपन्न

**प्रयागराज।** प्रयागराज एन सी सी ग्रुप मुख्यालय प्रयागराज के तत्वावधान में 16 यूपी बटालियन एन.सी.सी. प्रयागराज के नेतृत्व में आयोजित 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-63 का समापन बी.बी.एस. विद्या मन्दिर, कादिलपुर, प्रयागराज में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर में प्रयागराज ग्रुप की विभिन्न इकाइयों के सैकड़ों कैडेट्स ने सैन्य अनुशासन, उत्साह एवं समर्पण के साथ सहभागिता की भीषण गर्मी एवं विपरीत मौसम परिस्थितियों के बावजूद कैडेट्स एवं पी.आई. स्टाफ पूरे शिविर अवधि में दृढ़ संकल्प एवं उच्च मनोबल के साथ अपने दायित्वों पर डटे रहे। शिविर के दौरान कैडेट्स को ड्रिल, हथियार प्रशिक्षण, फील्ड क्राफ्ट, मैप रीडिंग, आपदा प्रबंधन, अग्निशमन, प्राथमिक उपचार एवं नेतृत्व विकास से संबंधित विविध सैन्य एवं सामाजिक प्रशिक्षण प्रदान किए गए।शिविर में खेलकूद प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम, समूह गतिविधियां एवं व्यक्तित्व विकास से संबंधित कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जिनमें कैडेट्स ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। सांस्कृतिक संध्या एवं समूह प्रस्तुतियों ने शिविर वातावरण को उत्साह एवं देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत कर दिया।समापन अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को मेडल एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कैम्प कमांडेंट कर्नल निशांत बरियार द्वारा प्रेरणादायी समापन भाषण के साथ शिविर गतिविधियों का औपचारिक समापन हुआ। उन्होंने कैडेट्स को राष्ट्रसेवा, अनुशासन एवं नेतृत्व के मूल्यों को जीवन में आत्मसात करने हेतु प्रेरित किया तथा शिविर के सफल संचालन में योगदान देने वाले पी.आई. स्टाफ एवं अधिकारियों की सराहना की। इस अवसर पर डिप्टी कैम्प कमांडेंट मेजर संतोष जायसवाल, कैम्प एस.एम. सीताराम सहित पी.आई. स्टाफ एवं अन्य सैन्य अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण शिविर युवाओं में राष्ट्रभक्ति, सेवा भावना, नेतृत्व क्षमता एवं अनुशासन विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने की प्रेस कॉन्फ्रेंस : भाजपा सरकार के सभी विधायकों और मंत्रियों की संपत्तियों की जांच की मांग

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो कौशाम्बी।** जनपद में कांग्रेस पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने कांग्रेस पार्टी प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के आवाहन पर प्रेस वार्ता कर भाजपा सरकार के सभी पूर्व और वर्तमान विधायकों और मंत्रियों की संपत्तियों की जांच की मांग की है।

कांग्रेस पार्टी जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने बताया कि महोबा की एक दलित छात्रा का अपहरण कर 16 दिनों तक बंधक बनाकर रखा गया, उसके साथ न सिर्फ दुष्कर्म किया गया बल्कि नरभक्षीय व्यवहार किया गया। भाजपा सरकार का कोई नुमाइंदा पीड़िता के घर नहीं पहुँचा, जब उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय पीड़िता का दुख साझा करने उसके घर जा रहे थे तो उन्हें रोकने की हर सम्भव कोशिश की गई मगर वह पीड़िता के घर पहुँच गये।

उन्होंने बताया कि यह संवेदनहीन सरकार जो खुद तो पीड़िता का दुख साझा करने की संवेदना नहीं रखता वह कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के जाने से इतना व्याकुल हो गया कि पूरे प्रदेश में सरकार की सह पर भाजपा कार्यकताओं द्वारा उनके इस मानवीय और मार्मिक कार्य के विरोध ने अजय राय खिलाफ धरना प्रदर्शन शुरू हो गये। कार्यकर्ता तो कार्यकर्ता सरकार के मंत्री और विधायक भी आगे आकर प्रदेश अध्यक्ष का विरोध करने लगे। बौखलाई सरकार के नुमांइदों ने अजय राय के खिलाफ उनकी संपत्ति की जांच की मांग की है।



उन्होंने बताया कि बड़ा हास्ययास्पद है कि आकण्ठ और भ्रष्टाचार में डूबी यह भाजपा सरकार और उनके मंत्री और विधायक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की संपत्तियों की जांच की मांग कर रहें हैं जबकि उनका सारा सार्वजनिक जीवन खुली किताब की तरह है।

उन्होंने कहा कि हम राहुल गांधी के सिपाही हैं, हम सार्वजनिक जीवन में पूरी तरीके से सुचिता बरतते हैं, जिस एजेंसी से चाहिए हमारी जांच करा लीजिये मगर शर्त यह है कि उन्हीं एजेंसियों से भाजपा सरकार के मंत्रियों और विधायकों की भी जांच होनी चाहिये।

इस दौरान प्रदेश सचिव राम बहादुर त्रिपाठी,जिला महासचिव श्याम सिंह भदौरिया,उपाध्यक्ष आशीष मिश्रा, हेमन्त रावत,मीडिया प्रभारी सचिन पांडे,प्रियांशु त्रिपाठी मौजूद रहे।

## एक दिवसीय रोजगार मेला आज

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो कौशाम्बी।** जिला सेवायोजन कार्यालय कौशाम्बी, राजकीय आई.टी.आई. एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक-30 मई, 2026 को पं0 गोकरन प्रसाद त्रिपाठी संस्कृत विद्यालय, जुगराजपुर, कनैली, कौशाम्बी के परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। यह जानकारी जिला सेवायोजन अधिकारी प्रवीण कुमार यादव ने देते हुए बताया कि इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की कम्पनियों के माध्यम से चयन की कार्यवाही की जायेगी। इस रोजगार मेले में हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, आई.टी.आई., डिप्लोमा, कौशल प्रशिक्षण प्राप्त सभी योग्यता के अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं।

# गयादीन विश्वकर्मा इण्टर कॉलेज में ग्रीष्मावकाश में विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क कक्षाओं के संचालन की पहल

**स्वतंत्र भारत थरवई प्रयागराज।** थरवई क्षेत्र के गयादीन विश्वकर्मा इण्टरमीडिएट कालेज भिदिउरा में ग्रीष्मावकाश में विद्यार्थियो के लिए निःशुल्क कक्षाए संचालित करने की पहल की गई इसका मुख्य उद्देश्य कमजोर व मेधावी विद्यार्थियो को निःशुल्क कक्षाए चला कर अगामी होने वाली परीक्षाओ मे गुणवत्तापूर्ण बनाना है। ग्रीष्मावकाश के दौरान विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क विशेष कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है।विद्यालय के प्रधानाचार्य अरविन्द कुमार ने बताया कि कक्षा 9, 10, 11 एवं 12 के विद्यार्थियों हेतु गणित, अंग्रेजी, विज्ञान सहित विभिन्न विषयों की कक्षाएं प्रतिदिन प्रातः 6:00 बजे से 9:00 बजे तक संचालित की जा रही हैं। 21 मई से प्रारम्भ हुई इन कक्षाओं में किसी भी विद्यालय के छात्र-छात्राएं प्रतिभाग कर सकते हैं।इन विशेष कक्षाओं का संचालन अनुभवी विषय विशेषज्ञों एवं प्रतिष्ठित संस्थानों से आए अतिथि शिक्षकों द्वारा किया जा रहा है, जो ग्रामीण अंचल की प्रतिभाओं को निखारने एवं उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। विद्यालय के प्रबन्धक तीर्थराज विश्वकर्मा के प्रेरणादायी एवं सराहनीय प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्र के अनेक विद्यार्थी लाभान्वित हो रहे हैं। यह पहल शिक्षा के माध्यम से समाज में जागरूकता, आत्मविश्वास एवं प्रगति की महत्वपूर्ण मिशाल पेश कर रही है।



स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## महंगाई का संकट

दो हफ्तों से भी कम समय में चौथी बार पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी ने तीन दिनो के अंदर ही असर दिखाना शुरू कर दिया। इनके महंगा होने से ढुलाई की दरें बढ़ीं। नतीजन ज्यादातर वस्तुओं की कीमतें और बढ़ गईं। हर बार की दाम बढ़ोतरी के बाद ऐसा ही हुआ। जिस तेजी से चारों बार दाम बढ़े, उससे यह शक होता है कि यह सिलसिला कहीं और आगे न चला जाए। अब जब करीब-करीब हर शहर में पेट्रोल के दाम सौ रुपए लीटर से ज्यादा हो चुके हैं तो आम उपभोक्ता की चिंता स्वाभाविक है। कुछ समय पहले पेट्रोल के कम और सीमित इस्तेमाल की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील के पीछे कारण यह माना गया था कि पश्चिम एशिया तनाव से उपजती जा रही विषम परिस्थितियों से निपटने की कोशिश के तौर पर उन्होंने यह कदम उठाया है। लेकिन अब यह लगता है कि शायद उनको भी दाम बढ़ोतरी का अंदाजा हो गया था। ध्यान रहे कि बिजली की तरह ही पेट्रोल और डीजल ऐसी जरूरत बन चुके हैं जिनके इस्तेमाल में ज्यादा कमी नहीं की जा सकती। ये आज का चलन हो चुकी हैं। ऐसे में ले-देकर जाकर निगाहें सरकार की तरफ ही उठती हैं कि आखिरी समस्या से निपटने के लिए वह क्या कर रही है या क्या कर सकती है। उसके पास एक ही रास्ता है वैकल्पिक उपायों पर काम करने का। हालांकि सरकार दावा भी यही करती रही है कि ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोत तैयार किए जा रहे हैं लेकिन दो हफ्तों में पेट्रोल डीजल और सीएनजी के दाम जिस तरह बढ़े हैं उससे तो सरकार की कोशिशें सफल होती नहीं दिखाई दे रही हैं। केवल इस दाम बढ़ोतरी के कारण चौतरफा महंगाई बढ़ने का सबसे ज्यादा असर समाज के उसे वर्ग पड़ रहा है जो आर्थिक रूप से कमजोर है और अपनी मूलभूत ज़रूरतें पूरी करने के लिए पूरे दिन संघर्ष करता है। अगर स्थिति को और विषम होने से बचाना है तो सरकार के लिए जरूरी है कि वैकल्पिक रास्ते तैयार करने तथा महंगाई से निपटने के लिए ठोस कदम उठाने की दिशा में प्रयासों को और तेज करे। यह इसलिए भी जरूरी है क्योंकि पश्चिम एशिया में संघर्ष खत्म होने की संभावना नहीं दिखाई दे रही है जिसकी वजह से ऊर्जा संकट लगातार गहरा रहा है।

## बच्चों का विकास

जीवन में पठन-पाठन का बड़ा महत्व है। इसीलिए बचपन से ही इसकी आदत विकसित करने पर घर और विद्यालय दोनों जगहों पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाता है। बच्चा चूंकि आयु की वजह से चंचल होता है तो इसके लिए विशेष प्रयत्न करने होते हैं। उसमें पढ़ने की संस्कृति विकसित करना बहुत जरूरी होता है। स्कूलों में इस पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाना आवश्यक होता है क्योंकि बच्चों का ज्यादातर समय वहीं गुजरता है तो पढ़ाई में उनका ध्यान भी वहीं केंद्रित होता है। यह शुभ लक्षण है कि प्रदेश सरकार इस बात के लिए पूरी तरह से सजग है और इस पर विशेष रूप से ध्यान दे रही है। नए शैक्षिक सत्र की शुरुआत के साथ ही विद्यालयों में इसके लिए अभियान तेज कर दिया गया है। सरकार का मानना है कि नियमित पठन से ही विद्यार्थियों की भाषा क्षमता, संवाद कौशल और विश्लेषण शक्ति स्वतः विकसित होती है तो इसके लिए स्कूलों में रीडिंग ऑवर, समाचार पत्र पठन और ड्रॉप एवरीथिंग एंड रीड अभियान को असरदार तरीके से लागू किया जा रहा है। इसके साथ ही लेखन गतिविधियों को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसमें लेखन प्रतियोगिताएं, पुस्तक समीक्षा, कहानी लेखन और समाचार आधारित लेखन कार्यक्रम आयोजित होंगे। वास्तव में पढ़ाई के साथ इन गतिविधियों में भी बच्चों को संलग्न रखने उनकी अकादमिक क्षमता तो तेजी के साथ विकसित होगी ही, उनके व्यक्तित्व का संपूर्ण विकास भी हो सकेगा। यहां यह बात भी ध्यान रखी जानी चाहिए कि जब विद्यालयों में इस तरह की गतिविधियों को संचालित किया जाने वाला है तो बच्चों के घरों पर उनके माता-पिता को भी इसके लिए प्रयास किए जाने चाहिए ताकि विद्यालय में सीखने के साथ ही घर पर भी इनकी प्रैक्टिस हो सके। ऐसा होने पर वे इनमें तेजी के साथ पारंगत हो सकेंगे। सरकार का यह कार्यक्रम सराहनीय है और उम्मीद की जानी चाहिए कि स्कूलों में इसे सही ढंग से लागू किया जाएगा।

# पढ़ाई और परीक्षा के बुरे दिन

**- अजीत द्विवेदी**

इन दिनों पढ़ाई और परीक्षा के बुरे दिन चल रहे हैं। प्राथमिक विद्यालयों से लेकर उच्च शिक्षण संस्थानों तक शिक्षा की गुणवत्ता गिर गई है और बोर्ड परीक्षा से लेकर दाखिले व नौकरी के लिए होने वाली प्रतियोगिता परीक्षाओं पर संकट है। अगर पढ़ाई की बात करें तो कोविड महामारी के बाद हुए कई सर्वेक्षणों से पता चला कि बच्चों के सीखने की प्रक्रिया यानी लर्निंग प्रोसेस में गड़बड़ी हुई है। प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा की स्थिति यह है कि छठी या सातवीं के बच्चे हिंदी की 10 पंक्तियों का शुद्ध पाठ नहीं कर पाते हैं। अपने दर्जे से कई क्लास नीचे के गणित के सवाल हल नहीं कर पाते हैं।

दूसरी ओर उच्च शिक्षा का हाल यह है कि पांच साल तक एमबीबीएस की पढ़ाई करने के बाद डॉक्टर लोग एमडी की डिग्री के लिए नीट पीजी की परीक्षा देते हैं तो उनको माइनस 40 तक मार्क्स आ रहे हैं। दो सौ सवाल और आठ सौ अंकों की परीक्षा में इस साल काउंसिलिंग के लिए क्वालिफाइंग परसेंटाइल शून्य कर दिया गया था। चार अंक लाने वालों का तो मेडिकल कॉलेज में दाखिला हुआ, एमडी की पढ़ाई के लिए। समझ सकते हैं कि प्राथमिक कक्षाओं से लेकर मेडिकल की पढ़ाई तक की क्या स्थिति है।

पढ़ाई के साथ साथ परीक्षा के भी बुरे दिन चल रहे हैं। इस साल हुई तीन परीक्षाओं में हुई ग़डबड़ी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि सरकार किस तरह से परीक्षा को तदर्थ ढंग से ले रही है और उसका कितना बड़ा नुकसान किशोर व युवा उम्र के छात्रों को भुगतना पड़ रहा है। सबसे ताजा मामला सीबीएसई की 12वीं की परीक्षा का है। इस बार सीबीएसई ने कॉपी जांचने के लिए ऑन स्क्रीन मार्किंग यानी ओएसएम पद्धति अपनाई। इसके तहत 17 लाख से ज्यादा छात्रों की कॉपियों के लाखों पन्ने स्कैन किए गए और उन्हें सिस्टम पर अपलोड किया गया और जांचने वालों ने स्क्रीन पर उन स्कैन की गई कॉपियों को देख कर मार्किंग की। इतना ही नहीं इस बार ऑन स्क्रीन मार्किंग के साथ साथ मार्किंग के तरीके में भी बदलाव किया गया। पता नहीं किस भावना के तहत यह तय किया गया कि इस बार कॉपी जांचने में सख्ती होगी और मामूली गड़बड़ी पर भी नंबर काटे जाएंगे। जैसे किसी छात्र ने आठ की बजाय छह स्टेप में गणित का सवाल हल कर दिया या सभी स्टेप सही हैं परंतु जवाब में गड़बड़ी है या जवाब सही है और स्टेप्स ठीक नहीं हैं तो उनको बहुत कम अंक मिलें हैं। पहले शिक्षक इसमें थोड़ा लचीला रुख रखते थे। इस बार ऐसा नहीं है। इसको अकादमिक फैसला मान कर स्वीकार किया जा सकता है। माना जा सकता है कि अब सीबीएसई बहुत शुद्धतावादी और कट्टर रुख रखेगा।

परंतु इसके अलावा जो गड़बड़ियां हुई हैं वह व्यवस्थागत हैं। मिसाल के तौर पर लाखों पन्नों को स्कैन करके उन्हें अपलोड करते समय बहुत तरह की गड़बड़ी हुई। कई छात्रों की कॉपी का पहला पन्ना तो उनका था परंतु बाकी पन्ने दूसरे छात्र की कॉपी के थे। कई छात्रों की कॉपी के एक ही पन्ने कई बार अपलोड हो गए थे और कई पन्ने छूट गए थे। कई छात्रों की कॉपी के पन्ने ठीक तरह से स्कैन नहीं हुए और धुंधली कॉपी ही अपलोड कर दी गई। इन सारी गड़बड़ियों के बीच शिक्षकों ने पूरी सख्ती से कॉपी जांची। नतीजे आए तो बच्चों और अभिभावकों के हाथ पांव फूल गए।


हजारों बच्चे ऐसे थे, जिन्होंने इंजीनियरिंग में दाखिले के लिए जेईई मेन्स की परीक्षा में 85 या 90 या उससे ज्यादा पर्सेंटाइल हासिल किया है और जेईई एडवांस के लिए क्वालिफाई कर गए लेकिन 12वीं में 75 फीसदी अंक नहीं आए, जिसकी वजह से वे आईआईटी में दाखिला के लिए जेईई एडवांस की परीक्षा नहीं दे सकेंगे। उनकी दूसरी मुश्किल यह है कि केंद्रीय विश्वविद्यालयों के अच्छे कॉलेजों में दाखिला लेने के लिए सीयूईटी की परीक्षा होती है। उसमें पर्सेंटाइल टाई होने पर 12वीं के अंक के आधार पर दाखिले में प्राथमिकता मिलती है।

तभी 12वीं बोर्ड की परीक्षा देने वाले छात्रों में से 25 फीसदी यानी चार लाख से ज्यादा छात्रों ने पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन किया। परंतु वह काम उनके लिए दुस्वप्न की तरह था। कई दिन तक पुनर्मूल्यांकन के आवेदन के लिए बनी वेबसाइट क्रैश होती रही। पहले तो छात्रों को उसका लिंक नहीं मिला। उन्हें सीबीएसई के ट्विट से लिंक खोलना पड़ रहा था। उसके बाद रजिस्ट्रेशन कराने और फीस जमा कराने के बीच साइट क्रैश हो रही थी। ऑनलाइन आवेदन के समय कई छात्रों से बहुत ज्यादा फीस मांगी गई, जिसे लेकर बोर्ड ने कहा कि उनकी साइट हैक कर ली गई थी। अब बच्चों के पैसे लौटाने की प्रक्रिया चल रही है। आग का दरिया पार करने जैसा काम करके बच्चों ने आवेदन कर दिया और जब कॉपी हाथ में आई तो पता चला कि उनके नाम के साथ दूसरे की कॉपी अपलोड कर दी गई है या खराब ढंग से स्कैन की गई कॉपी अपलोड की गई है या सही जवाब को भी गलत बता कर नंबर काट दिए गए हैं। सोचें, यह सारी तकलीफें जिन बच्चों से झेली है वे 17 या 18 साल के किशोर हैं। उनके कोमल मन पर हुए असर का सिर्फ अनुमान किया जा सकता है। हैरानी की बात है कि ओएसएम की पूरी प्रक्रिया बिना पायलट प्रोजेक्ट के शुरू की गई। शिक्षकों को कहा गया कि वे काम करते हुए सीखें यानी इस बैच के बच्चों को प्रयोग के लिए गिनी पिग बना दिया गया। इससे पहले मेडिकल में दाखिले के लिए नीट की परीक्षा हुई। तीन मई को परीक्षा हुई और अगले दिन पता चल गया कि पेपर लीक हो गया था। कई दिन की जांच के बाद नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए ने परीक्षा रद्द कर दी। इसके बावजूद जब एनटीए के चेयरमैन और डीजी की पेशी संसदीय समिति के सामने हुई तो उन्होंने कहा कि उनके सिस्टम से पेपर लीक नहीं हुआ। सोचें, प्रश्न पत्र तैयार करने वाले लोग पेपर लीक में शामिल थे और सीबीआई ने उनको गिरफ्तार किया है। पर एनटीए के अधिकारी कह रहे हैं कि उनके सिस्टम से पेपर लीक नहीं हुआ। क्या प्रश्न पत्र तैयार करने वाले लोग एनटीए के सिस्टम के नहीं थे? असल में नीट यूजी परीक्षा की पूरी व्यवस्था ही तदर्थ है और ठेके पर चल रही है। अब 21 जून को फिर लाखों छात्र नए सिरे से परीक्षा देंगे। ये करीब 23 लाख छात्र भी किशोर व युवा उम्र के हैं और उनके मन पर क्या बीत रही होगी इसका भी अंदाजा लगाया जा सकता है।

तीसरी परीक्षा यूपीएससी की सबसे प्रतिष्ठित परीक्षा है। रविवार, 24 मई को इसकी प्रारंभिक परीक्षा हुई। इसमें ऐसे सवाल पूछे गए हैं, जिससे सब हैरान हैं। कई सवाल तो ऐसे हैं, जिनको देख कर लग रहा है कि रट्टा मार कर पढ़ाई करने वालों को चुनने के लिए ये सवाल तैयार किए गए हैं। कई सवाल तो पूरे के पूरे पन्ने के हैं और उनके विकल्पों को देख कर लग रहा है कि किसी ने इतना लंबा सवाल लिख कर विकल्प तैयार करने में दिमाग नहीं लगाया। कहा जा रहा है कि कोचिंग सेंटर वाले जैसी पढ़ाई कराते हैं उससे अलग सवाल पूछा गया ताकि बच्चों का कोचिंग से मोहभंग हो। क्या इससे भी मूर्खतापूर्ण कोई तर्क हो सकता है? क्या यूपीएससी को पता नहीं है कि जैसा सवाल पूछा जाएगा, कोचिंग वाले वैसी पढ़ाई कराने लगेंगे? क्या उसे यह पता नहीं है कि आईएएस, आईपीएस बनने के लिए छात्र कोचिंग करेंगे ही, चाहे कुछ भी हो जाए? बहरहाल, पढ़ाई और परीक्षाओं को लेकर जिस तरह की घटनाएं हो रही हैं वह सरकार के तदर्थ रवैए को दिखाती हैं। ऐसा लग रहा है कि सरकार को इनकी परवाह नहीं है। ऐसी मानसिकता दिख रही है कि शिक्षा की गुणवत्ता गिरती है तो गिर जाए और परीक्षा में गड़बड़ियां होती हैं तो हो जाए। न तो स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय और न परीक्षा कराने वाली एजेंसियां संरचनागत कमियों को समझ रही हैं और न उन्हें दूर करने की कोशिश कर रही हैं।



## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### अथैकादशोऽध्यायः

(गतांक से आगे

जैसे पतंगा नष्ट होने के लिये ही प्रज्वलित अग्नि में अतिवेग से प्रवेश करते हैं, वैसे ही ये सब प्राणी भी अपने नाश के लिये आपके मुखों में अत्यन्त बढ़े हुए वेग से प्रवेश कर रहे हैं।

लेलिह्यसे ग्रसमानः समन्ता-
ल्लोकान्समग्रान्वदनैर्ज्वलद्भिः।
तेजोभिरापूर्य जगत्समग्रं भासस्तवोग्राः प्रतपन्ति विष्णो।।30।।

आप उन समस्त लोकों को प्रज्वलित मुखों द्वारा सब ओर से निगलते हुए चाट रहे हैं, उनका आस्वादन कर रहे हैं। हे व्यापनशील परमात्मन् ! आपकी उग्र प्रभा सम्पूर्ण जगत् को अपने तेज से व्याप्त करके तपा रही है। तात्पर्य यह है कि पहले आसुरी सम्पद् परमतत्त्व में विलीन हो जाती है, उसके पश्चात् दैवी सम्पद् का कोई प्रयोजन नहीं रह जाता इसलिये वह भी उसी स्वरूप में विलीन हो जाती है। अर्जुन ने देखा कि कौरव-पक्ष, तदनन्तर उसके अपने पक्ष के योद्धा श्रीकृष्ण के मुखों में विलीन होते जा रहे हैं। उसने पूछा-

आख्याहि मे को भवानुग्ररूपो नमोऽस्तु ते देववर प्रसीद।
विज्ञातुमिच्छामि भवन्तमाद्यं न हि प्रजानामि तव प्रवृत्तिम् ।।31।।

मुझे बताइये कि भयंकर आकारवाले आप कौन हैं? हे देवों में श्रेष्ठ ! आपको नमस्कार है, आप प्रसन्न हों। आदिस्वरूप! मैं आपको भली प्रकार जानना चाहता हूँ (जैसे, आप कौन हैं? क्या करना चाहते हैं?); क्योंकि आपकी प्रवृत्ति अर्थात् चेष्टाओं को नहीं समझ पा रहा हूँ। इस पर योगेश्वर श्रीकृष्ण बोले-

श्रीभगवानुवाच-
कालोऽस्मि लोकक्षयकृत्प्रवृद्धो लोकान्समाहर्तुमिह प्रवृत्तः ।
ऋतेऽपि त्वां न भविष्यन्ति सर्वे येऽवस्थिताः प्रत्यनीकेषु योधाः ।।32।।

क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**आत्मवर्गं परित्यज्य परवर्गं समाश्रितः।**
**स्वयमेव लयं याति यथा राजात्यधर्मतः।।**

जिस प्रकार कोई राजा अपने अधर्माचरण के कारण नष्ट हो जाता है, उसी प्रकार अपनों को छोड़कर दूसरों को अपनाने वाला व्यक्ति भी अपने आप नष्ट हो जाता है।

♦♦♦

# हीटवेव का खतरा और ग्लोबल वॉर्मिंग की चेतावनी



**- सुनील कुमार महला**

आज ग्लोबल वार्मिंग का दौर है और ग्लोबल वार्मिंग के इस दौर में बढ़ती गर्मी अब केवल मौसम का सामान्य बदलाव नहीं रह गई है, बल्कि यह एक गंभीर आपदा का रूप ले चुकी है। कहना ग़लत नहीं होगा कि लगातार बढ़ता तापमान, हीटवेव और जल संकट लोगों के स्वास्थ्य, कामकाज और दैनिक जीवन पर गहरा असर डाल रहे हैं। खासकर उत्तर भारत इस समय भीषण गर्मी की चपेट में है, जहां कई राज्यों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका है। बहरहाल, यहां पाठकों को बताता चलूं कि हाल के दिनों में उत्तर प्रदेश का बांदा देश का सबसे गर्म शहर माना गया, जहां तापमान लगभग 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। इसके अलावा महाराष्ट्र का ब्रह्मपुरी क्षेत्र भी अत्यधिक गर्मी के कारण चर्चा में रहा, जहां तापमान 47 डिग्री सेल्सियस से अधिक रिकॉर्ड किया गया। राजस्थान के श्रीगंगानगर और बाड़मेर, हरियाणा के सिरसा और रोहतक, तथा उत्तर प्रदेश के प्रयागराज और झांसी जैसे शहर भी भीषण गर्मी का सामना कर रहे हैं। लगातार बढ़ती गर्मी और हीटवेव का मुख्य कारण ग्लोबल वार्मिंग, कम होती हरियाली और बढ़ता प्रदूषण माना जा रहा है। इससे लोगों के स्वास्थ्य, जल संकट और सामान्य जनजीवन पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। बढ़ती गर्मी के कारण दिन के समय सड़कों पर सन्नाटा दिखाई देने लगा है और आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। मजदूर, किसान, रिक्शा चालक और खुले में काम करने वाले लोग सबसे अधिक परेशान हैं। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोगों में डिहाइड्रेशन, चक्कर आना, हीट स्ट्रोक और अन्य बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है।

पाठक जानते होंगे कि भारत इस समय दुनिया के सबसे गर्म देशों में शामिल हो गया है। देश की लगभग 76 प्रतिशत आबादी सामान्य से अधिक गर्मी का सामना कर रही है। हर साल बढ़ती गर्मी अब केवल मौसम की समस्या नहीं, बल्कि एक बड़ा सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट बनती जा रही है। अस्पतालों में गर्मी से प्रभावित मरीजों की संख्या बढ़ रही है। बच्चों, बुजुर्गों और पहले से बीमार लोगों के लिए यह स्थिति और अधिक खतरनाक बन गई है। इसी गंभीरता को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कैबिनेट बैठक में सभी मंत्रालयों को हीटवेव से लोगों की सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकारों के साथ-साथ आम नागरिकों से भी मिलकर काम करने की अपील की है, ताकि गर्मी से होने वाले नुकसान को कम किया जा सके।



देश के अधिकांश शहर पहले से ही प्रदूषण, कम हरियाली और खराब शहरी योजना जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। महानगरों में तेजी से बढ़ते कंक्रीट के जंगल, वाहनों की अधिकता और बढ़ती आबादी के कारण गर्मी और अधिक महसूस होती है। शहरों में पेड़ों की कटाई और खुले स्थानों की कमी ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। गांवों की तुलना में शहरों में तापमान अधिक रिकॉर्ड किया जा रहा है। यही कारण है कि लोग रात के समय भी गर्मी से राहत महसूस नहीं कर पा रहे हैं। ये शहर देश की अर्थव्यवस्था के प्रमुख केंद्र हैं, इसलिए लोगों का बाहर निकलना और काम करना जरूरी होता है, जिसके कारण वे हीटवेव का सबसे ज्यादा प्रभाव झेलते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, दुनिया में 65 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की गर्मी से होने वाली मौतों में तेजी से वृद्धि हुई है। वास्तव में, गर्मी का असर केवल स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका प्रभाव जल संकट, खेती और बिजली व्यवस्था पर भी दिखाई दे रहा है। कई क्षेत्रों में जलस्तर लगातार नीचे जा रहा है और लोगों को पीने के पानी के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है। नदियां, तालाब और जल स्रोत सूखते जा रहे हैं। किसानों के लिए भी यह समय बेहद कठिन बनता जा रहा है, क्योंकि अत्यधिक गर्मी फसलों की उत्पादकता को प्रभावित कर रही है। दूसरी ओर बढ़ती गर्मी के कारण बिजली की मांग तेजी से बढ़ रही है, जिससे कई क्षेत्रों में बिजली कटौती की समस्या भी सामने आ रही है।

अब आवश्यकता इस बात की है कि गर्मी को उतनी ही गंभीरता से लिया जाए, जितनी बाढ़, भूकंप या तूफान जैसी प्राकृतिक आपदाओं को दी जाती है। हीटवेव को भी राष्ट्रीय आपदा की तरह समझने और उससे निपटने के लिए व्यापक तैयारी करने की जरूरत है। लोगों को दोपहर के समय अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचना चाहिए, अधिक पानी पीना चाहिए और जरूरतमंद लोगों, पशु-पक्षियों तथा बुजुर्गों की सहायता करनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने भी लोगों से अपील की है कि वे गर्मी से होने वाली समस्याओं को नजरअंदाज न करें और दूसरों की मदद के लिए आगे आएं।

## काँव-काँव

♦♦♦

**गर्मी से बचाव के लिये लोग पियें खूब पानी-मोदी**
खाने की चीजों पर बढ़ी महंगाई कम रुलायेगी!

**एसआईआर कराना चुनाव आयोग का अधिकार**
सैकड़ों बीएलओ यूंही शौकिया मर गये हुजूर!

**गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ा रहा है प्रदूषण**
हरे पेड़ काटने वाले लोग लैंड डेवेलपर्स हो गये!

**सार्वजनिक वितरण प्रणाली होगी आधुनिक-केंद्र**
राशन में अब केक पिज्जा खाने को मिलेगा!

**बिल्कुल भरोसे के लायक नहीं है अमेरिका-ईरान**
ऐसे घटिया देश से लड़ने की क्या जरूरत है?

**समुद्र के रास्ते ड्रग्स तस्करी की कोशिश नाकाम**
नेपाल से नैमिषारण्य पहुंचें,कैरियर तैयार हैं!

♦♦♦

## प्रेरक प्रसंग
## खुशियों की खोज

रवि एक छोटे से शहर में रहने वाला युवक था, जिसके पास सिर्फ एक सपना था खुद को खुश देखना। उसने कभी नहीं सोचा था कि यह सपना उसको एक अद्वितीय सफर पर ले जाएगा।

एक दिन, वह अपने दोस्तों के साथ शहर की लाइब्रेरी घूमने गया। लाइब्रेरी में उसका काफी मन लगा, और वह वहीं ठहर गया। वहां उसे एक पुरानी पुस्तक मिली जिसमें अत्यंत खुशी की खोज के बारे में लिखा था।

रवि ने उस पुस्तक को खोला और पढ़ा, और फिर उसने तय किया कि वह खुशी की खोज करेगा। उसके दोस्त विचलित रहे, लेकिन उसकी उम्मीद और संवाद के जादू ने उन्हें भी अपने साथ ले लिया।

वे तीनों एक अनोखी यात्रा पर निकल पड़े, खुशी की खोज में। उन्होंने अलग-अलग लोगों से बात की, विभिन्न स्थलों का अन्वेषण किया, और नई चुनौतियों का सामना किया। इस सफर में, उन्होंने जीवन के असली मतलब को समझा और खुशी को अपने अंदर पाया।

कुछ सालों बाद, वे तीनों वापस अपने गाँव लौटे, लेकिन तब सब बदल गया था। अब वे खुद को खुश और संतुष्ट महसूस करते थे और उनकी खुशियां उनके चारों ओर के लोगों को प्रेरित कर रही थीं।

इस प्रेरक प्रसंग से हमें यह सिखने को मिलता है कि खुशी की खोज हमारे अंदर होती है, और हमें किसी खास स्थान पर जाने की आवश्यकता नहीं होती। हमें सिर्फ अपनी आंतरिक यात्रा पर निकलना होता है, और हम अपने जीवन को सजाने के लिए अपने अंदर के संसाधनों का सही तरीके से उपयोग कर सकते हैं।

## आपका पत्र मिला

### पीएम की अपील पर प्रेरणा की मिसाल पेश हो

समाचार पत्रों के पृष्ठों पर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, मंत्रियों व नेताओं की तस्वीरे प्रकाशित हो रही है कि पेट्रोलियम पदार्थों की बचत के लिए भारी भरकम काफिले की जगह इक्का-दुक्का गाड़ियों, सामूहिक वाहनों व साइकिल पर सफर कर रहे हैं।यह सब देखकर सुकून का एहसास हुआ। लेकिन यह सुकून राहत देने वाला जब होगा तब यह सामूहिक सफर क्षणिक नहीं दीर्घकालिक हो। केवल चार दिन की चांदनी, फिर अंधेरी रात की उक्ति चरितार्थ करने वाला सामूहिक सफर न हो। यह तो जगजाहिर है कि अमेरिका इजरायल व ईरान के बीच महासंग्राम चल रहा है। इसके चलते तेल का वैश्विक संकट छाया हुआ है। इस संकट से भारत भी अछूता नहीं है। भारत अपनी जरूरत का कच्चा तेल 88 प्रतिशत के लगभग दूसरे देशों से आयात करता है। जिसका भुगतान भी बहुमूल्य डॉलर में करना होता है। लेकिन युद्ध के कारण सप्लाई चैन प्रभावित हो रही है। ऐसी विषम परिस्थितियों का सामना करने के लिए पेट्रोलियम पदार्थ की बचत करना एक मात्र विकल्प है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी यही शुभ संदेश दिया है। आम हो या खास, राजा हो या प्रजा, अधिकारी हो या कर्मचारी सभी को आपातकालीन स्थितियों में ही पेट्रोलियम पदार्थों से चलने वाले वाहनों का उपयोग करना चाहिए। सामान्य स्थिति में सार्वजनिक साधनों या साइकिल का उपयोग करना चाहिए, यह भी देशभक्ति का नायाब नमूना हैं। ये जो तस्वीरें प्रकाशित हो रही है, यह महज कुछ समय के लिए नौटंकी/ दिखावा न हों।

**हेमा हरि उपाध्याय 'अक्षत'**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।
**संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrab-harat77@gmail.com*

# दूध नहीं पीता बच्चा तो उसकी जगह खिलाएं ये आहार



दूध को सम्पूर्ण आहार माना जाता है क्योंकि इसमें प्रोटीन भी है, कैल्शियम भी है, कार्बोहाइड्रेट, फैट और विटामिन जैसे कई ऐसे पोषक तत्व है जो हमारी बॉडी के लिए बहुत जरूरी होते हैं इसलिए तो कहा जाता है कि दूध जरूर पीएं। तो चलिए इस बारे में आपको बताते हैं- दूध की दगह इन चीजों को करें बच्चे की डाइट में शामिल- जैसे दूध की जगह बच्चे को दही दें। हंग कर्ड बनाकर दे सकते हैं। पनीर बहुत हैल्दी होता है। दूध को पनीर के रूप में बच्चों की डाइट में शामिल कर सकते हैं। योगर्ड स्मूदीज बनाकर दे सकते हैं। आप दूध की ऑप्शन में कुछ और हैल्दी फूड भी शामिल कर सकते हैं जिसमें दूध जैसे ही न्यूट्रिशंस मिलते हैं, जैसे - ब्रोकली खानें को दें। कॉकोनेट मिल्क, बादाम मिल्क या सोया मिल्क उनकी डाइट में शामिल कर सकते हैं। यह भी दूध जैसे ही पोषण देते हैं। टोफू अगर आपके बच्चे को टेस्टी लगता है तो इसे शामिल करें। बीन्स और दालें उनकी डाइट में शामिल करें। क्योंकि बीन्स और दालों में प्रोटीन, फाइबर और विटामिन भरपूर होते हैं। अगर बच्चा अभी 1 साल से छोटा है तो दाल का पानी और इनकी प्यूरी बना कर दी जा सकती है। जो बच्चों को नॉन-वेज खिलाने के इच्छुक रहते हैं। वह फिश उनकी डाइट में शामिल कर सकते हैं। चिकन-अंडा उनकी डाइट में शामिल कर सकते हैं। हालांकि इसे कैसे, कब और कितनी मात्रा में देना है इस बारे में एक्सपर्ट या डॉक्टर की राय जरूर लें। हंग कर्ड को आप घर पर आसानी से तैयार कर सकते हैं। इसे रेडी करने के लिए दही को मलमल के कपड़े में बांधकर टांग दिया जाता है ताकि इसका सारा पानी निकल जाए। जब सारा एक्सट्रा पानी निकल जाता है तो इससे गाढ़ा दही मिलता है। इस तैयार दही को ही हंग कर्ड कहते हैं


# बच्चों को खुद करने दें समस्या को हल, बढ़ेगा आत्मविश्वास

*अक्सर प्यार में हम बढ़ते बच्चों का हर काम कर देते हैं और उनकी सुविधा के लिए उनका हर संभव प्रयास हम बिना बोले करते जाते हैं। कई बार हम उन्हें प्रॉब्लम से बचाने के लिए वह बातें भी सिखाना शुरू कर देते हैं, जो शायद वे अपने एक्सपीरियंस से खुद सीख सकते हैं। क्या आप जानते हैं कि अगर आप उन्हें हर बात न सिखाएं और खुद अपनी समस्याओं का हल निकालने दें, तो इससे उन्हें क्या फायदा मिलेगा और उनकी पर्सनैलिटी डेवलपेंट पर क्या असर पड़ेगा? जानिए फायदे।*



-जब बच्चे समस्याओं का समाधान खुद खोजते हैं, तो उनके अंदर आत्मनिर्भरता का विकास होता है। इसलिए उन्हें अपने तरीके से चीजों को आजमाने का अवसर दें, जिससे वे अपने निर्णय खुद ले सकें।
-बच्चों को यह समझने का मौका दें कि उन्हें अपने विचारों पर विश्वास करना चाहिए। इससे उनकी सोचने और तर्क करने की क्षमता बढ़ती है। मसलन, अगर वे पजल नहीं सॉल्व कर पा रहे तो खुद बना देने के बजाय उन्हें हिंट्स दें। -जब बच्चे अपने निर्णय खुद लेते हैं और उनके परिणामों का सामना करते हैं तब वे जिम्मेदार बनते हैं। उन्हें अपनी गलती से सीखने दें, जिससे वे भविष्य में और बेहतर निर्णय ले सकें। -बच्चों की जिज्ञासा को जीवित रखना जरूरी है। अगर वे कुछ पूछें तो तुरंत जवाब देने से बेहतर होगा कि उन्हें उस विषय पर सोचने और और जवाबों की खोज करने के लिए मोटिवेट करें। जिससे नए विषयों और अवधारणाओं के प्रति रुचि विकसित कर सकें। -यह बात समझने का प्रयास करें कि जब बच्चे समस्याओं का सामना करते हैं, तो उन्हें सही समाधान ढूंढने का अवसर मिलता है। इसलिए अपनी बातें या समझ उन पर थोपने की बजाय बिना किसी हस्तक्षेप के उन्हें चुनौती का सामना करने दें। -उन्हें सीखने के प्रोसेस में जानें दें। बच्चों को समय दें कि वे सीखें और अभ्यास करें। अगर आप उन्हें जल्दी करने की सलाह देंगे तो वे अपने अनुभवों से सीख नहीं सकेंगे। -जब बच्चे खुद समाधान खोजते हैं, तो उन्हें सेल?फ मोटिवेशन मिलता है। यह उन्हें आत्म-सम्मान और संतोष प्रदान करता है। इस तरह वे हाइपर एक्टिविटीज से दूर रहते हैं और शांति से अपना काम करते हैं। इन बातों को ध्यान में रखें तो बच्चे अच्छी सोच समझ रखने वाले, प्रॉब्लम सॉल्वर और सक्रिय इंसान बनते हैं। अपने बच्चों को स्वतंत्रता दें, जिससे वे जीवन की चुनौतियों का सामना कर सकें और अपने सपनों को साकार कर सकें।

# रेड, येलो और ग्रीन ट्रैफिक लाइट्स




कहानी

एक बार की बात है, सिग्नल टाउन नाम का एक छोटा-सा शहर था जहाँ ट्रैफिक लाइट्स सिर्फ गाड़ियों को नहीं, बच्चों को भी सीख देती थीं। इस टाउन में रहती थीं तीन ख़ास लाइट्स - रेड दीदी, येलो भैया और ग्रीन छोटी। ये तीनों हर दिन स्कूल के बाहर लगी रहती थीं, बच्चों को सिग्नल देतीं, लेकिन एक दिन उन्होंने कुछ नया करने की सोची।

**● रेड दीदी – रुको और सोचो**

रेड दीदी बहुत शांत थीं। जब भी कोई बच्चा जल्दी में होता या गलती करने वाला होता, वो चमक उठतीं और कहतीं - रुको! पहले सोचो, फिर आगे बढ़ो।
एक दिन, एक बच्चा - विशाल बिना देखे सड़क पार कर रहा था। तभी रेड दीदी ने तेज़ चमककर कहा, विशाल! अगर तुम सोचोगे नहीं, तो चोट लग सकती है। विशाल रुक गया और देखा कि एक तेज बाइक आ रही थी। उसने रेड दीदी का धन्यवाद किया और समझा कि ज़िंदगी में भी कई बार रुकना ज़रूरी होता है।

**● येलो भैया – तैयार रहो**

येलो भैया बहुत समझदार थे। उनका काम था बच्चों को चेतावनी देना कि आगे कुछ बड़ा होने वाला है। विशाल एक बार स्कूल में क्रिकेट खेलने जा रहा था। उसका मन नहीं लग रहा था, लेकिन येलो भैया ने धीरे से कहा - विशाल, तैयार हो जाओ। जो आने वाला है, वो तुम्हारे लिए खास हो सकता है।
विशाल ने ध्यान दिया, और अगले ही पल उसे टीम में ओपनर बना दिया गया! उसने शानदार बैटिंग की और उसकी टीम जीत गई।

**● ग्रीन छोटी – आगे बढ़ो**

ग्रीन छोटी सबसे चुलबुली और पॉजिटिव लाइट थीं। जब भी कोई बच्चा डरता या हिचकिचाता, वो ग्रीन हो जातीं और कहतीं - चलो! अब आगे बढ़ने का समय है। विशाल एक बार स्कूल में भाषण देने से डर रहा था। तभी ग्रीन छोटी मुस्कराई और बोलीं, विशाल, डर छोड़ो। अब समय है चमकने का! विशाल ने हिम्मत जुटाई, स्टेज पर गया, और पूरे स्कूल ने उसके भाषण पर तालियाँ बजाई। विशाल को अब समझ आ गया था


**● रेड दीदी सिखाती हैं – रुकना ज़रूरी है।**

**● येलो भैया बताते हैं – पहले से तैयार रहो।**

**● ग्रीन छोटी कहती हैं – समय आने पर डरना नहीं, आगे बढ़ो।**

अब वो हर दिन ट्रैफिक लाइट्स की बातों को याद करता और ज़िंदगी के हर मोड़ पर सोच-समझकर निर्णय लेता।
**सीख–** ट्रैफिक लाइट्स की कहानी हमें सिखाती है कि सही समय पर रुकना, सोच-विचार करना और फिर पूरे आत्मविश्वास से आगे बढ़ना - यही जीवन की असली ट्रिक है।

# लाडलों की हैं गर्मी की छुट्टियां, आपकी नहीं कैसे बनाएं काम और परिवार में संतुलन



बच्चों को गर्मी की छुट्टियों का बेसब्री से इंतजार रहता है। छुट्टियों में उन्हें पूरा आराम और खेलने का मौका मिल जाता है, वहीं माता पिता के लिए खासकर वर्किंग पेरेंट्स की जिम्मेदारी अधिक बढ़ जाती है। उनके लिए दफ्तर और परिवार के बीच संतुलन बनाना चुनौती होती है।जहां गर्मी की छुट्टियों में बच्चे अपने माता पिता का ध्यान, परवाह और साथ चाहते हैं तो वहीं काम के साथ बच्चों पर पूरा ध्यान दे पाने के लिए माता पिता को भी काफी प्रयास करने पड़ते हैं। इस लेख में कुछ टिप्स दिए गए हैं जिसे अपनाकर माता पिता बच्चों और काम दोनों को साथ में मैनेज कर सकते हैं।
**पहले से करें छुट्टियों की प्लानिंग**–गर्मियों की छुट्टियों की तारीखें पहले से तय होती हैं। ऐसे में अपने ऑफिस वर्कलोड को प्लान करें। अगर संभव हो तो एक-दो छुट्टियां बच्चों के साथ बिताने के लिए रखें।
**बच्चों के लिए बनाएं डेली रूटीन**– बच्चों के लिए एक टाइम टेबल बनाएं जिसमें खेल, पढ़ाई, क्रिएटिव एक्टिविटी और आराम शामिल हो। इससे वे व्यस्त रहेंगे और आपको भी अपने काम के लिए समय मिलेगा।
**बच्चों की लें मदद**– बच्चों को छोटा-मोटा काम देकर उन्हें व्यस्त और जिम्मेदार बनाएं। जैसे, डेस्क की सफाई, पानी की बोतल भरना, अपने खिलौने समेटना आदि। इससे बच्चे व्यस्त भी रहेंगे और आपको काम में मदद भी मिल जाएगी।
**वीकेंड बनाएं खास**–अगर सप्ताह की शुरुआत में आप व्यस्त हैं तो वीकेंड पर बच्चों के साथ क्वालिटी टाइम बिताने की योजना बनाएं। हर वीकेंड पर उनके साथ पार्क जाएं या साथ में किचन में कुछ बनाएं, मूवी देखें या गेम्स खेलें आदि।
**परिवार की मदद लें**–अगर आपके पास दफ्तर का बहुत अधिक काम है तो परिवार के दूसरे सदस्यों, अपने पार्टनर या दोस्तों की मदद लेने में हिचकिचाएं नहीं। बच्चे को उसके नाना नानी या दादा दादी संग वक्त दें ताकि उनकी छुट्टियां भी मजेदार गुजरें और आपका काम भी हो सके।

# कम उम्र में ही बच्चों को सिखाएं ब्रश करने का सही तरीका



अक्सर पेरेंट्स बच्चों की ओरल हाइजीन को इग्नोर कर देते हैं। जिसकी वजह से अक्सर उनके दांत खराब होने लगते हैं। ऐसे में बच्चों के मुंह की सफाई का खास ख्याल पेरेंट्स को रखना चाहिए। यहां हम बता रहे हैं बच्चे को ब्रश करवाने का सही तरीका और उनके लिए सही टूथ ब्रश कैसे चुनें। **बच्चों को ऐसे सिखाएं ब्रश करने का तरीका :** 6 महीने की उम्र से ही बच्चों के दांत निकलने लगते हैं। ऐसे में पेरेंट्स को हाइजीन का खास ख्याल रखना चाहिए। बच्चे को दिन में दो बार ब्रश करवाएं। बच्चे के मुंह में जोर से रगड़कर साफ करने की बजाए हल्के हाथों से ब्रश को घुमाएं। शुरुआत में बच्चे को रोज एक ही जगह पर बिठाकर ब्रश करवाएं। उन्हें सुबह जगते ही ब्रश करवाएं। इसी के साथ रात में खाना खाने के बाद भी बच्चे को ब्रश जरूर करवाएं। इससे दातों में सड़न की समस्या नहीं होगी।
**बच्चे के लिए कैसे चुनें टूथब्रश**
बच्चों के लिए ब्रश खरीदते समय आपको कुछ बातों को ध्यान में रखना चाहिए। जैसे बच्चों का टूथब्रश सॉफ्ट और नर्म होना चाहिए। बच्चों को रोजाना ब्रश करवाना मुश्किल हो सकता है। ऐसे में एक ऐसा ब्रश चुनें जो कलरफुल हो जो बच्चों को अट्रैक्ट करे। अगर ब्रश आकर्षित होगा तो इससे बच्चों का ब्रश करने का मन होगा। कई बार पेरेंट्स बच्चों को साल भर तक एक ही ब्रश का इस्तेमाल सालभर के लिए करते हैं। ऐसे में आपको इस बात का ध्यान रखना होगा की बच्चों का ब्रश 3 महीने के बाद बदलना चाहिए।

# अपने घर पर पड़े वेस्ट से बेस्ट चीजें बनाने के मजेदार तरीके

घर पर ऐसी कई चीजें पड़ी होती हैं जिनका उपयोग किया जा सकता है। आप अपने घर को सजाने के लिए बेकार चीजों का उपयोग कर सकते हैं। हम प्रोजेक्ट बनाने के लिए इन चीजों का उपयोग कर सकते हैं। हम कई चीजों को बनाने के लिए बेकार चीजों का फिर से उपयोग कर सकते हैं। **वेस्ट चीजें अलग-अलग प्रकार की हो सकती हैं :-** **आर्गेनिक वेस्ट:** जैसे कि रसोई वेस्ट, सब्जियों, फूलों, पत्तियों, फल। **टॉक्सिक वेस्ट:** जैसे कि पुरानी दवाएँ, पेंट, रसायन, जूता पॉलिश, बल्ब, बैटरी। **फिर से इस्तेमाल किया जाने वाला वेस्ट :** जैसे कागज, कांच, प्लास्टिक। बेकार चीजों का उपयोग करके आप किस प्रकार की चीजें बना सकते हैं? बेकार चीजों का फिर से इस्तेमाल करना और उसमें से नई चीजें बनाना एक अच्छा विचार है। हम बेकार चीजों से बहुत सारी उपयोगी चीजें बना सकते हैं और इन चीजों का उपयोग करके अपने घर को सजा सकते हैं। आप अपने बच्चों के लिए खिलौने जैसी चीजें बना सकते हैं। जब हम बेकार चीजों का सही तरीके से उपयोग करते हैं तो यह हमारे और हमारे आसपास के लिए बहुत अच्छा हो सकता है। यह आपके घर में बने कचरे को कम करने का एक अच्छा तरीका है। यह आपके बच्चों को बेकार की चीजों से नई चीजें बनाने में व्यस्त रखने का सबसे अच्छा तरीका है। क्राफ्ट्स को बनाने और अपने बच्चों को व्यस्त रखने के लिए घर के वेस्ट को उपयोगी बनाने के 27 तरीके यहां दिए गए हैं। **मोज़े का स्नोमैन :** कभी-कभी आपका बच्चा एक मोजा खो देता है और उसकी जोड़ी बेकार हो जाती है। एक तरीका है ताकि आप उसको एक स्नोमैन में बदल सकें।

# बनाएं अपने बच्चों को इमोशनली स्ट्रांग

पेरेंट्स इस बात को लेकर परेशान रहते हैं कि उनके बच्चे को छोटी सी भी बात बर्दाशत नहीं होती है। वो बहुत जल्दी रोने लगता है। लेकिन इसके लिए उनको दोषी ने ठहराएं, उनकी कोई गलती नहीं है। ऐसा पेरेंटिंग स्टाइल में कमी होने की वजह से होता है कि बच्चे इमोशनली स्ट्रॉग नहीं बन पाते हैं और बात- बात में रोने लगते हैं। इसके पीछे की वजह स्कूल में उसकी किसी परेशानी का झेलना भी हो सकता है। ऐसे में उन्हें डांटने के बजाए, उनकी परेशानी को समझने की कोशिश करें, ताकि वो मेंटली स्ट्रॉग बने। **बच्चों की बात सुनें :** जब वो आपसे कुछ कहे तो उसे ध्यान से सुनें। उनकी बातों को अहमियत दें। ऐसे में वो सम्मानित महसूस करेंगे और उन्हें लगेगा की कोई उन्हें सुन और समझ रहा है। इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा और मानिसक तौर पर वो मजबूत बनेंगे। **सिखाएं समस्या का सामना करना :** किसी मुश्किल में फंसने पर उन्हें खुद पर विश्वास करके इससे निकलना सिखाएं। इसके लिए आप उसे फेवरेट हॉबीज में डालें, उसके अंदर प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल डेवलप करें। इससे उनका हौसला बढ़ेगा और वो किसी समस्या से डरेंगे नहीं। **भावनाओं के बारे में करें बात :** उसे समझाएं कि हर किसी को अलग-अलग भावनाएं होती हैं और इसमें कुछ भी बुरा नहीं है। इससे वो दूसरों की भावनाओं को भी समझेंगे। **छोटी- छोटी बातें से सिखाएं खुशी ढूंढना :** छोटी- छोटी सफतलाओं पर भी खुश हो। इससे वो सीखेगा कि हर कदम महत्वपूर्ण है। **बच्चों को भी दें बोलने का अधिकार :** अक्सर यह देखा गया है कि जो बच्चे अपनी बात या अपनी भावनाओं को एक्सप्रेस करना नहीं सीख पाते वे जीवनभर इमोशनली वीक रह जाते हैं। इसलिए अपने बच्चे को अपनी हर बात बोलने का अधिकार दें और उन्हें अपने इमोशन को शो करने का तरीका बताएं। **दें गलती करने का आजादी :** बच्चे को गलती करने की आजादी दें। अगर आप बात बात पर टोकते हैं और उसे गलत करने से मना करते हैं तो इस तरह वह चीजों को सीख नहीं पाएगा और उसका आत्मविश्वास और भी घट जाएगा।

# बच्चों की ग्रोथ जानने के लिए कराएं ये जरूरी टेस्ट

हर माता-पिता की यह चाहत होती है कि उनका बच्चा सेहतमंद, तंदुरुस्त और अपनी उम्र के हिसाब से अच्छे से विकास करे। बच्चे का कद, वजन, मानसिक विकास और शारीरिक क्षमता सही दिशा में बढ़ रही है या नहीं, यह जानना बहुत ज़रूरी होता है। केवल बाहरी लक्षणों को देखकर अंदाज़ा लगाना हमेशा सही नहीं होता। कई बार बच्चों की ग्रोथ धीमी हो रही होती है लेकिन मां-बाप को इसका पता देर से चलता है। ऐसे में समय-समय पर कुछ ज़रूरी मेडिकल टेस्ट करवा लेना बहुत फायदेमंद साबित हो सकता है। डॉक्टर भी सलाह देते हैं कि बच्चों की सही ग्रोथ जानने और किसी परेशानी की पहचान करने के लिए कुछ बेसिक हेल्थ टेस्ट ज़रूर करवाए जाने चाहिए। ये टेस्ट पोषण, ग्रोथ हार्मोन और शरीर के बाकी ज़रूरी फंक्शन को समझने में मदद करते हैं।

**आइए जानते हैं बच्चों की ग्रोथ चेक करने के लिए कौन-से 5 टेस्ट जरूरी हैं**

**ग्रोथ हार्मोन लेवल टेस्ट**–यह टेस्ट यह पता लगाने के लिए किया जाता है कि बच्चे के शरीर में ग्रोथ हार्मोन सही मात्रा में बन रहा है या नहीं। अगर ग्रोथ हार्मोन की कमी हो जाए, तो बच्चे की हाइट रुक सकती है और ओवरऑल ग्रोथ भी धीमी हो सकती है। इस टेस्ट से यह भी जाना जा सकता है कि बच्चा अक्सर थका-थका क्यों रहता है, मांसपेशियां कमजोर क्यों हैं और कद क्यों नहीं बढ़ रहा। अगर कोई दिक्कत मिले, तो सही समय पर इलाज शुरू किया जा सकता है।
**थायरॉइड फंक्शन टेस्ट**–थायरॉइड हार्मोन शरीर के विकास और दिमाग की ग्रोथ में बहुत अहम रोल निभाता है। अगर थायरॉइड में गड़बड़ी हो जाए, तो बच्चे की ग्रोथ रुक सकती है, वजन अचानक बढ़ या घट सकता है और बच्चा सुस्त पड़ सकता है। इस टेस्ट से यह भी पता लगाया जा सकता है कि बच्चा पढ़ाई में ध्यान क्यों नहीं दे पा रहा या हर समय थका-थका क्यों लगता है। बच्चों की हड्डियों की मजबूती के लिए विटामिन डी और कैल्शियम बहुत जरूरी हैं। अगर इनकी कमी हो जाए, तो बच्चे की हड्डियां कमजोर हो सकती हैं, चलने में देरी हो सकती है और बार-बार मांसपेशियों में खिंचाव या दर्द की शिकायत हो सकती है। इस टेस्ट से हड्डियों की हेल्थ का अंदाज़ा लगता है और जरूरत पड़ने पर सप्लीमेंट या डाइट में बदलाव किया जा सकता है।
**हीमोग्लोबिन और आयरन लेवल टेस्ट**–हीमोग्लोबिन और आयरन की कमी बच्चों में थकान, चिड़चिड़ापन और विकास में रुकावट का कारण बन सकती है। अगर बच्चा बार-बार बीमार पड़ता है, खाना नहीं खाता या ध्यान नहीं लगाता, तो यह टेस्ट जरूर करवाएं। यह टेस्ट पोषण स्तर और एनीमिया जैसी दिक्कतों की पहचान करता है ताकि सही इलाज शुरू हो सके। **ब्लड शुगर और मेटाबॉलिज्म प्रोफाइल**–यह टेस्ट यह बताता है कि बच्चे का शरीर खाने को कैसे पचा रहा है और ऊर्जा में कैसे बदल रहा है। अगर बच्चा मोटा हो रहा है, बार-बार प्यास लग रही है, कमजोरी महसूस कर रहा है या अचानक वजन बढ़ या घट रहा है, तो यह टेस्ट करवाना जरूरी है। इससे डायबिटीज या मेटाबॉलिज्म से जुड़ी समस्याओं का भी पता चलता है।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**
**शनिवार, 30 मई 2026**

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके 1948 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ प्रथम ज्येष्ठ मासोत्तमे शुक्ल पक्षे, चतुर्दशी तिथौ शनि वासरे 11/59/ विशाख नक्षत्रे 13/12/ शिव योग 29/11/ वणिज करणे 11/59/ वृश्चिक राशिगत चन्द्रमा घं.06मि.39पर।
**व्रत एवं त्यौहार-** भद्रा घं.11 मि. 59 से घं.25 मि.07 तक। व्रत की पूर्णिमा।

**मेष :** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी।

**वृष :** व्यस्तता बढ़ेगी। व्यावसायिक प्रगति होगी। जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। रचनात्मक कार्यों में प्रगति होगी।

**मिथुन :** आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। किसी कार्य के संबंध होने से प्रभाव बढ़ेगा। धन यश कीर्ति में वृद्धि होगी।

**कर्क :** पारिवारिक जीवन सुख में होगा। हनुमान जी की उपासना आपके लिए लाभदायक होगी। शासन सत्ता से सहयोग लेने में सफल रहेंगे।

**सिंह :** जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा। धन सम्मान में वृद्धि होगी। आय-व्यय में संतुलन आवश्यक है। आलस्य त्यागे।

**कन्या :** व्यर्थ की उलझन रहेगी। यात्रा की स्थिति सुखद एवं लाभकारी रहेगी। व्यस्तता अधिक होगी। आत्मबल में सुधार होगा।

**तुला :** वरिष्ठ परिजनों पर व्यय होगा। धर्म में आस्था बढ़ेगी। मनोमालिन्य दूर होगा। इच्छाशक्ति क्षीण रहेगी।

**वृश्चिक :** सुख में कमी रहेगी। कटु वचन ना कहें। यात्रा से लाभ। धैर्य बनाएं रखें। आर्थिक मामलों में जोखिम न उठाएं। व्यय भार बढ़ेगा।

**धनु :** शारीरिक सुख में वृद्धि होगी। परिवार में सुख साधन की वृद्धि होगी। दुर्गा जी की उपासना से लाभ होगा। असम्मान का भाव रहेगा।

**मकर :** बुद्धि चातुर्य से उत्तम धन लाभ होगा। संयम एवं धैर्य से कार्य के होने की संभावना है। यात्रा का योग।

**कुंभ :** निजी संबंध प्रगाढ़ होंगे। संबंधों में निकटता आएगी। पारिवारिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। यश धन कीर्ति में वृद्धि होगी।

**मीन :** यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद और लाभदाई होगी। संबंधों में निकटता आएगी।

# बच्चों का ब्रेन शार्प करने के लिए कराएं ये एक्टिविटी



हर माता-पिता अपने बच्चे को पढ़ाई-लिखाई में होशियार होने के साथ-साथ उन्हें हर क्षेत्र में आगे बढ़ते देखना चाहते हैं। बच्चों को फ्यूचर के लिए हमेशा तैयार और ऊंचे पोजीशन पर देखने के लिए जरूरी है कि बचपन से ही उन्हें सही गाइडेंस मिले। सिर्फ खेल-कूद या फिजिकली ही नहीं बल्कि जीवन के हर पड़ाव पर आने वाली मुश्किलों से लड़ने के लिए भी बच्चों को मेंटली मजबूत होना चाहिए। इसके लिए बेहद जरूरी है कि पैरेंट्स टीनएज से ही अपने बच्चों में कुछ एक्टिविटीज की आदत डालें, जिससे वह अपने लक्ष्य पर बेहतर तरीके से फोकस करने में सक्षम हो सके। ऐसा करने से फ्यूचर में सफलता प्राप्त करने की संभावना काफी हद तक बढ़ जाती है। तो चलिए जानते हैं कि पैरेंट्स को बच्चों में वो कौन सी आदत डालनी चाहिए, ताकि उन्हें फ्यूचर के लिए तैयार होने में मदद मिल सके। **रोजाना योग की आदत :** बच्चों को रोजाना कुछ यागासन या मेडिटेशन आदि करवाते रहना चाहिए। इससे न केवल फिजिकली बल्कि मेंटली स्ट्रॉन्ग होने में भी मदद मिलेगी। इसके अलावा उनमें बचपन से ही एरोबिक्स एक्टिविटी करने की आदत डलवाएं। यह बच्चे को लाइफटाइम के लिए हेल्दी बनाए रखने में मदद करता है। **ब्रेन एक्सरसाइज :** बच्चों की मेमोरी शार्प करने के लिए जरूरी है कि आप उन्हें ब्रेन एक्सरसाइज करवाते रहें। इसके लिए मार्केट में मिलने वाले गेम जैसे प्रॉब्लम सॉल्विंग पजल, सुडोकु का इस्तेमाल करवाएं। इससे बच्चे में क्रिएटिविटी क्षमता बढ़ेगी। साथ ही, आपका बच्चा मुसीबत आने पर प्रॉब्लम का सॉल्यूशन भी आसानी से ढूंढ पाएगा। **टीम वर्क की आदत :** टीम वर्क में काम करना हर व्यक्ति को आना चाहिए। तभी जीवन में सफलता मिलती है। सिर्फ खुद से मतलब रखने वालों को कभी भी सोशल बिहेवियर के बारे में समझ नहीं आता है। इसलिए जरूरी है कि बचपन से ही बच्चों में टीम वर्क की आदत डाल देनी चाहिए।

# मऊ जनपद के ताजोपुर में गूंजा विकास का शंखनाद




**स्वतंत्रभारत मऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को जनपद मऊ के ताजोपुर स्थित 'ग्रामीण सैनिक हॉस्पिटल' का भव्य उद्घाटन कर पूर्वांचल को अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं की बड़ी सौगात दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने देश के वीर जवानों, भूतपूर्व सैनिकों एवं ग्रामीण जनता के प्रति अपनी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि जिन्होंने अपना जीवन देश की सुरक्षा में समर्पित किया, उनके स्वास्थ्य और सम्मान की रक्षा करना सरकार का सर्वोच्च दायित्व है। मुख्यमंत्री ने अपने ओजस्वी संबोधन में कहा कि 'ग्रामीण सैनिक हॉस्पिटल' केवल एक चिकित्सालय नहीं, बल्कि राष्ट्रसेवा, समर्पण और सामाजिक उत्तरदायित्व का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के 'आत्मनिर्भर भारत' एवं 'स्वस्थ भारत' के विजन को साकार करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार गांव-गांव तक आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक समय ऐसा था जब मऊ और पूर्वांचल के लोगों को सीटी स्कैन, डायलिसिस और वेंटिलेटर जैसी सुविधाओं के लिए वाराणसी, लखनऊ या दिल्ली तक जाना पड़ता था, जिससे गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार आर्थिक रूप से टूट जाते थे। लेकिन आज ताजोपुर में स्थापित यह अस्पताल अत्याधुनिक आईसीयू, आधुनिक सीटी स्कैन, डिजिटल एक्स-रे और लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस जैसी सुविधाओं से सुसज्जित होकर क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था को नई दिशा देगा। उन्होंने अस्पताल के संस्थापक सेवानिवृत्त बिग्रेडियर पी. एन. सिंह की सराहना करते हुए कहा कि सेना में 33 वर्षों की गौरवशाली सेवा के बाद उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य, नर्सिंग और तकनीकी शिक्षा के माध्यम से समाजसेवा का जो मिशन शुरू किया है, वह अनुकरणीय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह संस्थान केवल स्वास्थ्य सेवा का केंद्र नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था और स्वावलंबन को मजबूती देने वाली आधारशिला भी है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सामाजिक समरसता पर बल देते हुए कहा कि छुआछूत जैसी कुरीतियां विदेशी गुलामी की मानसिकता का प्रतीक हैं, जिन्हें समाज से पूरी तरह समाप्त करने की आवश्यकता है। उन्होंने बिना भेदभाव सेवा और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने का आह्वान किया।स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता और सेवा भावना पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने चिकित्सकों और अस्पताल प्रशासन को स्पष्ट संदेश दिया कि चिकित्सा क्षेत्र में व्यवसायिकता से अधिक सेवाभाव आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मरीज के प्रति डॉक्टर का मधुर व्यवहार ही उसकी आधी बीमारी दूर कर देता है। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर जनता का शोषण, दवाओं की कालाबाजारी और लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार ने पूर्वांचल में विकास और इंफ्रास्ट्रक्चर के नए रास्ते खोले हैं। आज मऊ से लखनऊ मात्र तीन घंटे और वाराणसी डेढ़ घंटे में पहुंचने की बेहतर परिवहन व्यवस्था तैयार की गई है, जिसका लाभ आम जनता को मिल रहा है।उन्होंने सैन्य परंपरा और अनुशासन की प्रशंसा करते हुए कहा कि भारतीय सेना से मिली सेवा और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा का ही परिणाम है कि ताजोपुर में यह आधुनिक चिकित्सालय खड़ा हो सका है। अस्पताल में पूर्व सैनिकों, युद्ध वीरांगनाओं एवं उनके आश्रितों के लिए विशेष प्राथमिकता के साथ उपचार की व्यवस्था की गई है।कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि 'ग्रामीण सैनिक हॉस्पिटल' मऊ सहित आजमगढ़, बलिया और गाजीपुर जैसे आसपास के जनपदों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं का महत्वपूर्ण केंद्र साबित होगा। उद्घाटन के बाद उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डों एवं तकनीकी इकाइयों का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध जीवनरक्षक उपकरणों की जानकारी भी ली।इस अवसर पर राज्य सरकार के मंत्रीगण, स्थानीय जनप्रतिनिधि, सेना के वरिष्ठ सेवानिवृत्त अधिकारी तथा भारी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

# आंधी और बारिश से बाधित हुई बिजली आपूर्ति, घंटों परेशान रहे ग्रामीण

**सिरकोनी जौनपुर।** बीती रात तेज आंधी और बारिश के कारण कुद्दूपुर फीडर से जुड़े कई ग्रामीण क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। अचानक बिजली गुल होने से क्षेत्र के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। भीषण गर्मी के बीच बिजली न रहने से घरेलू कार्य प्रभावित हुए, वहीं पेयजल आपूर्ति और अन्य आवश्यक कार्यों में भी दिक्कतें उत्पन्न हो गईं। रातभर लोग बिजली आने का इंतजार करते रहे। आंधी और बारिश के चलते कई स्थानों पर विद्युत लाइनों में तकनीकी खराबी आ गई थी, जिसके कारण आपूर्ति बाधित हुई। सूचना मिलते ही विद्युत विभाग की टीम सक्रिय हो गई और लाइन प्रभारी गिरीश शुक्ला के नेतृत्व में कर्मचारियों ने खराबी को दूर करने का कार्य शुरू किया। लगातार प्रयास और मेहनत के बाद विद्युत व्यवस्था को पुनः सुचारु कर दिया गया, जिससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। इस संबंध में लाइन प्रभारी गिरीश शुक्ला ने बताया कि सरकार की मंशा के अनुरूप उपभोक्ताओं को बेहतर और नियमित विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं को रोकना संभव नहीं है, लेकिन विभाग पूरी तत्परता के साथ विद्युत व्यवस्था को बहाल करने का प्रयास करता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली उपलब्ध कराने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। बिजली बहाल होने के बाद क्षेत्र के लोगों ने विभागीय कर्मचारियों की तत्परता की सराहना की।

## खबर एक नजर

### मुख्य विकास अधिकारी एवं प्रभारी जिलाधिकारी ने ईवीएम का किया निरीक्षण

**स्वतंत्र भारत ग़ाज़ीपुर।** मुख्य विकास अधिकारी एवं प्रभारी जिलाधिकारी आलोक कुमार ने आज जिला निर्वाचन कार्यालय परिसर स्थित ईवीएम गोदाम का निरीक्षण कर वहां की सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों के सुरक्षित रख-रखाव, अभिलेखों के संधारण तथा सुरक्षा मानकों के अनुपालन की विस्तार से समीक्षा की। प्रभारी जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ईवीएम गोदाम की सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद रखी जाए तथा निर्धारित निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने गोदाम में स्थापित सीसीटीवी कैमरों, अग्निशमन उपकरणों तथा प्रवेश-निकास रजिस्टर की भी जांच की और सभी व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) वेद सिंह चौहान एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी देवी प्रसाद सिंह उपस्थित रहे। अधिकारियों ने गोदाम की वर्तमान स्थिति एवं सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी प्रभारी जिलाधिकारी को उपलब्ध कराई। प्रभारी जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए ईवीएम की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इसमें किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।

### पूर्वांचल विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग के संयुक्त तत्वावधान में दो राष्ट्रीय वेबिनार आज

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग, जौनपुर, कम्युनिकेशन टुडे तथा भारती विद्यापीठ इंस्टीट्यूट ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशंस एंड मैनेजमेंट (बीवीआईसीएएम), नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में 30 मई 2026 को दो राष्ट्रीय वेबिनार आयोजित किए जाएंगे। वेबिनार का आयोजन ऑनलाइन माध्यम से किया जाएगा, जिसमें देशभर के शिक्षाविद, पत्रकार, शोधार्थी और विद्यार्थी भाग लेंगे। पहले राष्ट्रीय वेबिनार का विषय ÷हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष ‒परंपरा, परिवर्तन और भविष्य÷ रखा गया है। इस सत्र की अध्यक्षता पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह करेंगी। मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार एवं दैनिक यशोभूमि के प्रधान संपादक श्री श्रीनारायण तिवारी तथा मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय जनसंचार संस्थान, नई दिल्ली के प्रो. प्रमोद कुमार अपने विचार व्यक्त करेंगे। इसी क्रम में आयोजित दूसरे राष्ट्रीय वेबिनार का विषय ÷नई पीढ़ी की नजर से हिंदी पत्रकारिता÷ रखा गया है। इस सत्र में एचडी यूनिवर्सिटी, रोहतक के पूर्व डीन प्रो. हरीश कुमार तथा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभागाध्यक्ष प्रो. राघवेंद्र मिश्रा विशेष वक्ता के रूप में संबोधित करेंगे। जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग के अध्यक्ष प्रो. मनोज मिश्र ने बताया कि वेबिनार का उद्देश्य हिंदी पत्रकारिता की समृद्ध परंपरा, उसके समकालीन स्वरूप और भविष्य की संभावनाओं पर सार्थक विमर्श को बढ़ावा देना है। उन्होंने शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों से अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी करने की अपील की है। कार्यक्रम के संयोजन का दायित्व प्रियंका सिंह निभा रही हैं, जबकि कम्युनिकेशन टुडे के संपादक प्रो. संजीव भनावत एवं भारती विद्यापीठ इंस्टीट्यूट ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशंस एंड मैनेजमेंट, नई दिल्ली के निदेशक प्रो. एम. एन. होडा आयोजन का मार्गदर्शन कर रहे हैं।

### शाहगंज रेलवे स्टेशन पर महिलाओं को किया जागरूक

**शाहगंज जौनपुर।** मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत शाहगंज रेलवे स्टेशन परिसर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। एसआई चंद्रभान यादव की देखरेख में महिला पुलिस टीम की सदस्य गीता देवी, राधिका एवं महिला कांस्टेबलों ने अपनी मृदुल व सहज शैली में महिला यात्रियों को उनके अधिकारों, सुरक्षा और आत्मविश्वास के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने महिलाओं से संवाद स्थापित कर उन्हें हर परिस्थिति में निडर होकर सहायता लेने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 तथा एंटी रोमियो स्क्वॉड की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# मधुबन की धरती से मुख्यमंत्री योगी की हुंकार



**स्वतंत्रभारत मऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को जनपद मऊ के मधुबन की ऐतिहासिक एवं शहीदी धरती से विकास और सुशासन का बड़ा संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए ?392 करोड़ से अधिक लागत की 114 जनकल्याणकारी परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इसके साथ ही विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, डेमो चेक एवं डेमो चाबी का वितरण भी किया गया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर लगाए गए विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया तथा गोद भराई एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम में भी सहभागिता निभाई।मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन की शुरुआत मऊ जनपद की गौरवशाली परंपरा और महान विभूतियों को नमन करते हुए की। उन्होंने महान क्रांतिकारी एवं साहित्यकार पंडित श्याम नारायण पांडेय, समाज सुधारक स्वामी सहजानंद सरस्वती, पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय कल्पनाथ राय तथा पूर्व राज्यपाल फागू चौहान को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया। साथ ही भारत रत्न की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि किसानों के हित में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकतंत्र की शक्ति पर जोर देते हुए कहा कि जब जनता अच्छे प्रतिनिधियों का चुनाव करती है, तभी विकासोन्मुख सरकार बनती है और ऐसी सरकार बिना किसी भेदभाव के समाज के हर वर्ग तक विकास पहुंचाती है। उन्होंने कहा कि सड़क, पुल, अस्पताल और बाढ़ सुरक्षा जैसी योजनाएं जाति या धर्म देखकर लाभ नहीं देतीं, बल्कि समूचे समाज को लाभान्वित करती हैं। इसके विपरीत गलत लोगों के सत्ता में आने पर जनता की गाढ़ी कमाई पर डकैती पड़ती है और कानून व्यवस्था ध्वस्त हो जाती है।उन्होंने डबल इंजन सरकार द्वारा मऊ जनपद में कराए जा रहे विकास कार्यों का विस्तृत उल्लेख करते हुए बताया कि 38 परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया, जिनमें प्रमुख सड़कें, पुल, पुलिस विभाग की अवस्थापना योजनाएं, ग्रामीण पेयजल योजनाएं, राजकीय पॉलिटेक्निक, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय एवं आईटीआई जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाएं शामिल हैं। वहीं 76 नई परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया गया, जिनमें ग्रामीण सड़कें, चिकित्सा, नगर विकास और पर्यटन से जुड़ी योजनाएं प्रमुख हैं। पूर्ववर्ती समाजवादी पार्टी सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2005 में मऊ को दंगों की आग में झोंकने का प्रयास किया गया था। उन्होंने कहा कि उस दौर में माफिया और गुंडों का बोलबाला था, व्यापारी भय के माहौल में जीते थे और बेटियों की सुरक्षा संकट में थी। उन्होंने आरोप लगाया कि तत्कालीन सत्ता माफियाओं के सामने नतमस्तक थी, जिसके कारण युवाओं को प्रदेश के बाहर अपनी पहचान छुपाने तक को मजबूर होना पड़ता था।मुख्यमंत्री ने सख्त लहजे में कहा कि वर्ष 2017 के बाद उत्तर प्रदेश की तस्वीर और परसेप्शन पूरी तरह बदल चुका है। अब किसी माफिया या अपराधी में यह साहस नहीं कि वह खुलेआम कानून को चुनौती दे सके। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी ने बेटियों, व्यापारियों या धार्मिक आयोजनों की सुरक्षा में सेंध लगाने का प्रयास किया, तो उसके खिलाफ कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में रामनवमी, जन्माष्टमी, शिवरात्रि और अन्य धार्मिक पर्व पूरे उल्लास और भव्यता के साथ मनाए जा रहे हैं। अगर कोई इन आयोजनों में व्यवधान डालने की कोशिश करेगा, तो उसे कानून का कठोर सामना करना पड़ेगा।मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के 'सबका साथ, सबका विकास' मंत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार के लिए गरीब, युवा, किसान और महिलाएं ही सर्वोच्च प्राथमिकता हैं। उन्होंने कहा कि यदि इन चार वर्गों का समग्र विकास सुनिश्चित हो जाए, तो भारत को विश्व की महाशक्ति बनने से कोई नहीं रोक सकता।उन्होंने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि पूर्व की सरकारों में गरीबों को आवास, शौचालय और मुफ्त राशन जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ता था, जबकि वर्तमान सरकार बिना किसी भेदभाव के योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचा रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में 10 करोड़ से अधिक जरूरतमंद लोगों को आयुष्मान भारत और मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत मुफ्त इलाज की सुविधा दी जा रही है। इसके अलावा मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना के तहत किसानों और बटाईदारों को ?5 लाख तक की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा, कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री , खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव, मधुबन विधायक रामविलास चौहान, विधान परिषद सदस्य बिच्छेलाल राजभर, विक्रांत सिंह ऋषु, जिला पंचायत अध्यक्ष मनोज राय,जिला कोऑपरेटिव चेयरमैन अखिलेश तिवारी क्षेत्रीय मंत्री बजरङ्गी सिंह बज्जू भाजपा जिलाध्यक्ष रामाश्रय मौर्य नगर चेयरमैन घोसी मुन्ना प्रसाद गुप्ता भाजपा नेता सतीश पाण्डेय विजय प्रकाश पाण्डेय, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# मधुमेह व हृदयाघात से बचाव के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन



**जौनपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर एवं पेनेसिया वेलफेयर एजुकेशनल सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को दीवानी न्यायालय परिसर स्थित मीटिंग हाल में मधुमेह एवं हृदयाघात मुक्त भारत विषयक जागरूकता कार्यक्रम तथा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता, पीएलवी एवं वादकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पेनेसिया वेलफेयर एजुकेशनल सोसायटी वाराणसी के विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. आशुतोष मिश्रा एवं डॉ. पल्लवी मिश्रा सहित मेडिकल स्टाफ ने प्रतिभाग किया। डॉ. आशुतोष मिश्रा ने मधुमेह रोग के कारणों, लक्षणों एवं बचाव के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि नियमित व्यायाम, संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर इस बीमारी पर काफी हद तक नियंत्रण पाया जा सकता है। उन्होंने लोगों से दैनिक दिनचर्या में सकारात्मक बदलाव लाने का आह्वान किया। वहीं डॉ. पल्लवी मिश्रा ने हृदयाघात की बढ़ती घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि आधुनिक खानपान और अनियमित जीवनशैली के कारण शरीर में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ रही है, जिससे हृदय रोगों का खतरा लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह समस्या अब केवल बुजुर्गों तक सीमित नहीं है, बल्कि युवाओं में भी तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने हृदयाघात की रोकथाम के लिए नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित भोजन और तनावमुक्त जीवन को आवश्यक बताया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सिविल जज (सीडी) सुशील कुमार सिंह, प्रधान न्यायाधीश श्रीमती प्रीति श्रीवास्तव, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार यादव, रणजीत कुमार सिंह, सुरेन्द्र प्रताप यादव, बार अध्यक्ष सुभाष चन्द्र यादव सहित समस्त न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। शिविर में 100 से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श भी प्रदान किया गया।

## कवि सम्मेलन में कविता, व्यंग्य और गीत-ग़ज़ल की बही रसधार

**शाहगंज जौनपुर।** सांस्कृतिक एवं साहित्यिक संस्था संस्कार भारती शाहगंज के तत्वावधान में आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन गुरुवार देर रात तक उत्साहपूर्ण एवं साहित्यिक वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में देश के विभिन्न स्थानों से पहुंचे कवियों एवं कवियित्रियों ने ओज, हास्य, व्यंग्य, गीत, ग़ज़ल एवं श्रृंगार रस से सराबोर रचनाओं की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को देर रात तक बांधे रखा। कार्यक्रम का शुभारंभ भुवनेश्वर मोदनवाल एवं आनंद प्रेमी के ध्येय गीत व शंखनाद से हुआ, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि वीरेंद्र सिंह बंटी , विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व नगर पालिका अधक्ष गीता प्रदीप जायसवाल, काशी प्रांत महामंत्री सुजीत श्रीवास्तव, शिव व्रत चिल्ड्रन एकेडमी के निदेशक शशांक सिंह, संगरक्षक अरविन्द अग्रहरी, दिनेश मोदनवाल, दिलीप एवं हनुमान प्रसाद मत्वपूर्ण रूप से उपस्थित रहे।

## सखी वेलफेयर फाउंडेशन ने चलाया जागरूकता अभियान

**जौनपुर।** विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस (मेंस्ट्रूअल हाइजीन डे) के अवसर पर सखी वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा महिलाओं और किशोरियों को जागरूक करने के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मरदानपुर स्थित सखी कार्यालय पर आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं एवं किशोरियों को मुफ्त सेनेटरी पैड (नैपकिन) का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित आईवीएफ विशेषज्ञ डॉ. वंदना मिश्रा ने माहवारी के दौरान साफ-सफाई और संतुलित खान-पान के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि हर साल 28 मई को ही मेंस्ट्रूअल हाइजीन डे मनाने के पीछे एक वैज्ञानिक कारण है। महिलाओं का मासिक धर्म चक्र (पीरियड साइकिल) सामान्यतः 28 दिनों का होता है, इसीलिए इस तारीख को चुना गया है। डॉ. मिश्रा ने कहा कि सही पोषण और नियमित दिनचर्या अपनाकर महिलाएं पीरियड की अनियमितता और इससे जुड़ी अन्य समस्याओं से आसानी से बच सकती हैं। संस्था की अध्यक्ष प्रीति गुप्ता ने महिलाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि मासिक धर्म कोई संकोच का विषय नहीं है, बल्कि यह एक सामान्य जैविक प्रक्रिया होने के साथ-साथ नारी के मातृत्व सुख के लिए एक ईश्वरीय वरदान है। इसके बिना सृष्टि की रचना की कल्पना भी नहीं की जा सकती। उन्होंने सभी से अपील की कि वे माहवारी के दौरान स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें और पोषण युक्त भोजन को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाएं। इस दौरान संस्था की सदस्य दिव्या साहू ने सखी वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा पूरे वर्ष मासिक धर्म स्वच्छता को लेकर ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में किए गए कार्यों की रिपोर्ट साझा की।

# 550 स्थानों पर अदा की गई अकीदत के साथ बकरीद की नमाज़

**स्वतंत्र भारत ग़ाज़ीपुर।** बकरीद का पर्व गुरुवार 28 मई को पूरी तरह शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। जनपद की 350 मस्जिदों और 150 ईदगाहों सहित कुल 550 स्थानों पर सरकारी गाइडलाइन के अनुसार नमाज़ अदा की गई। प्रशासन और पुलिस की कड़ी निगरानी में कहीं भी किसी प्रकार की अप्रिय घटना सामने नहीं आई। शहर के सबसे बड़े मुख्य ईदगाह पर जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला और पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा स्वयं मौजूद रहे। दोनों अधिकारियों ने नमाज़ के बाद बच्चों को टॉफियां वितरित कर बकरीद की शुभकामनाएं दीं और लोगों से भाईचारे एवं सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की। उल्लेखनीय है कि इस त्यौहार के मद्देनजर पिछले दिनों पुलिस और प्रशासन पीस कमेटी की बैठक और जनपद के हर भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाल कर लोगों से शांतिपूर्ण ढंग से बकरीद मनाने की अपील कर रखा था, बिजली के साथ साफ सफाई के इंतजाम पुख्ता दिखे, सड़क पर नमाज और खुले में कुर्बानी नहीं हुई जिसको लेकर पुलिस प्रशासन विशेष सतर्क था कि आवागमन न बाधित हो। गाजीपुर डीएम अनुपम शुक्ला ने कहा कि जनपद में सभी स्थानों पर नमाज़ शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई है। उन्होंने सभी नागरिकों को बकरीद की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता शांति और सौहार्द बनाए रखना है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई व्यक्ति माहौल खराब करने या कानून-व्यवस्था में बाधा डालने का प्रयास करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं एसपी डॉ. ईरज राजा ने बताया कि जनपद के सभी 26 थाना क्षेत्रों में स्थित प्रमुख ईदगाहों और मस्जिदों में नमाज़ सकुशल संपन्न हुई। त्योहार के दौरान पर्याप्त संख्या में पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारियों की तैनाती की गई थी। उन्होंने कहा कि कहीं भी सड़कों पर नमाज़ नहीं पढ़ी गई और यातायात व्यवस्था पूरी तरह सामान्य रही। इसके लिए यातायात पुलिस की विशेष ड्यूटी लगाई गई थी ताकि नमाज़ियों और आम नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। एसपी ने लोगों से एकबार फिर अपील की कि कुर्बानी खुले में न करें और अवशेषों का उचित निस्तारण करें, जिससे किसी की भावनाएं आहत न हों। उन्होंने कहा कि प्रशासन की ओर से इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। कुल मिलाकर गाज़ीपुर में बकरीद का त्योहार आपसी भाईचारे, सौहार्द और शांति के माहौल में सकुशल संपन्न हुआ।

# औद्योगिक क्षेत्र सतहरिया के विकास कार्यों की जिलाधिकारी ने की समीक्षा

**जौनपुर।** जिलाधिकारी एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, सीडा श्री सैमुअल पॉल एन. ने औद्योगिक क्षेत्र सतहरिया का भौतिक निरीक्षण कर विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इसके साथ ही उन्होंने सीडा कार्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न परियोजनाओं और निर्माण कार्यों की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने औद्योगिक क्षेत्र में सड़कों के निर्माण कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने निर्माण स्थलों पर पड़े मलबे को तत्काल हटाकर साफ-सफाई की व्यवस्था बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क एवं पार्क निर्माण कार्य गुणवत्ता मानकों के अनुरूप और निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किए जाएं। इसके अलावा पार्कों में पौधारोपण, बेहतर बैठने की व्यवस्था तथा उद्यमियों के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया। जिलाधिकारी ने पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त करने, औद्योगिक क्षेत्र के प्रवेश द्वार के निर्माण तथा प्रमुख चौराहों के सौंदर्यीकरण के निर्देश भी दिए। उन्होंने सड़कों पर स्पीड ब्रेकर बनाने और सड़क किनारे लगाई जा रही इंटरलॉकिंग को उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा करने को कहा। दक्षिणी सेक्टर के भ्रमण के दौरान रिमझिम पावर प्लांट से निकल रहे धुएं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित इकाई को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। वहीं निर्माणाधीन पंप हाउस और उत्तरी सेक्टर में बन रही बाउंड्रीवाल का भी निरीक्षण किया गया तथा कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। एनएच-31 के किनारे पुलिस चौकी के पास खड़े वाहनों को हटाने के लिए भी नोटिस जारी करने को कहा गया। निरीक्षण के दौरान प्रबंधक सीडा सीमा सिंह, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी आशुतोष सहाय पाठक, सहायक अभियंता तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# जर्जर बारजा गिरने से महिला व युवक गंभीर रूप से घायल



**खेतासराय जौनपुर।** कस्बे के पुरानी बाजार रोड स्थित गोलाबाजार मोड़ के सामने शुक्रवार तड़के एक बड़ा हादसा हो गया। घर का जर्जर बारजा अचानक भरभराकर गिर पड़ा, जिससे कूड़ा फेंकने आई महिला तथा नीचे बैठा एक युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। परिजनों व स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ उनका उपचार चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कस्बा निवासी निशा पत्नी जितेन्द्र पटवा, 35 वर्ष, शुक्रवार की सुबह रोज की तरह घर का कूड़ा फेंकने के लिए बारजे पर पहुँची थीं। बताया जाता है कि जैसे ही वह बारजे पर खड़ी हुईं, पुराना व जर्जर बारजा अचानक टूटकर नीचे गिर पड़ा। उसी समय मकान के नीचे विष्णु सेठ पुत्र दुर्गा सेठ, 22 वर्ष, बैठे हुए थे। बारजा गिरने से महिला सीधे नीचे आ गिरी और उसकी चपेट में आने से विष्णु सेठ भी गम्भीर रूप से घायल हो गए। हादसे की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुँच गए। स्थानीय लोगों और परिजनों ने मलबे के बीच से दोनों घायलों को बाहर निकाला तथा आनन-फानन में कस्बे के एक निजी अस्पताल पहुँचाया। स्थानीय लोगों का कहना है कि कस्बे में कई पुराने और जर्जर मकान हैं, जिनकी समय रहते मरम्मत नहीं कराई जाती, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। लोगों ने प्रशासन से जर्जर भवनों की जाँच कर आवश्यक कार्यवाही की माँग की है।

# निषाद समाज के प्रतिनिधि मंडल ने रक्षामंत्री से की मुलाकात

## गुप्तार घाट, निर्मली कुंड, जमथरा घाट के निषाद परिवारों को जमीन खाली करने की मिली नोटिस



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** पूर्व सांसद लल्लू सिंह के नेतृत्व में निषाद समाज के प्रतिनिधिमंडल ने नई दिल्ली स्थित रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के आवास पर मुलाकात कर अयोध्या के निर्मली कुंड, गुप्तार घाट और जमथरा घाट क्षेत्र के निषाद परिवारों की समस्याओं से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि रक्षा सम्पदा निदेशालय द्वारा इन क्षेत्रों में रहने वाले कई परिवारों को जमीन खाली करने की नोटिस जारी की गई है, जिससे लोगों में चिंता व्याप्त है। पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने रक्षामंत्री को इससे अवगत कराया। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि निषाद समाज के हितों की पूरी चिंता की जाएगी और किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने छावनी परिषद को इन क्षेत्रों के समुचित विकास के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि निषाद समाज सरयू नदी की परंपरा और संस्कृति से जुड़ा हुआ है। समाज के लोगों के हितों की रक्षा के लिए हर स्तर पर प्रयास किए जाएंगे। प्रतिनिधिमंडल में छावनी परिषद के उपाध्यक्ष राममिलन निषाद, पूर्व सभासद अमरजीत, भाजपा बूथ अध्यक्ष वीरेंद्र निषाद, शिवकुमार, राजेंद्र निषाद, राकेश निषाद, विनोद निषाद, फिरोज एवं सुनील कुमार चौरसिया सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# ईद-उल-अजहा बकरीद का त्यौहार कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में सम्पन्न



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** जनपद अयोध्या में ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पर्व हर्षोल्लास, भाईचारे एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर स्वयं मौके पर उपस्थित रहे तथा सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं की निगरानी की। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को सतर्क रहकर त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। शहर के सिविल लाइन क्षेत्र स्थित बस अड्डा ईदगाह में मुस्लिम समुदाय द्वारा अकीदत के साथ नमाज अदा की गई तथा देश एवं प्रदेश में अमन-चैन, खुशहाली एवं तरक्की की दुआ मांगी गई। त्यौहार के अवसर पर जनपदवासियों ने एक-दूसरे को बकरीद की शुभकामनाएं दीं और सामाजिक सौहार्द एवं भाईचारे का संदेश दिया। पूरे जनपद में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा यातायात एवं आमजन की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया। पर्व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ।

# कैक्टस की खेती से सुधरा मिट्टी का ऑर्गेनिक कार्बन : राज्यमंत्री




**स्वतंत्र भारत कुमारगंज (सं.)** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में चल रहे दो दिवसीय राष्ट्रीय समूह बैठक खरीफ-2026 का गुरुवार को समापन हो गया। इस मौके पर उत्तर प्रदेश राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष व राज्यमंत्री श्याम बिहारी गुप्ता व कुलपति डा. पी.एस. प्रमाणिक मुख्य रूप से मौजूद रहे। चारा अनुसंधान और प्रसार के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पंजाब कृषि विवि, लुधियाना और गोविंद बल्लभ पंत कृषि विवि, पंतनगर को सर्वश्रेष्ठ केंद्र के पुरस्कार से नवाजा गया। राज्यमंत्री श्याम बिहारी गुप्ता ने पशुधन संवर्धन और गोबर प्रबंधन के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मिट्टी में लगातार घटते ऑर्गेनिक कार्बन को सुधारने में कैक्टस की खेती बेहद असरदार साबित हुई है। यदि गोमूत्र और गोबर का सही संचयन कर इस्तेमाल किया जाए, तो देश में रासायनिक खादों की निर्भरता को बहुत कम किया जा सकता है। नई दिल्ली की वरिष्ठ वैज्ञानिक डा अंजली व इकार्डा प्रतिनिधि डा. शिवकुमार अग्रवाल ने चारा फसलें एवं उपयोगिता विषय पर अपने-अपने सुझाव दिए। वैज्ञानिकों ने वर्षभर किए गए शोध कार्यों एवं उपलब्धियों से वैज्ञानिकों को अवगत कराया। यह कार्यक्रम अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना व कृषि विवि अयोध्या के संयुक्त तत्वाधान में हुआ। विभागाध्यक्ष डा. संजीत कुमार व डा. प्रशांत बिसेन के संयोजन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. विनोद दूबे, डा. संजीव सिंह व डा. विक्रमजीत सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस मौके पर विवि के समस्त अधिष्ठाता, निदेशक, विभिन्न राज्यों से पहुंचे वैज्ञानिक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष ने कल्याण योजनाओं की बैठक कर की समीक्षा



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** अध्यक्ष राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने मंडलायुक्त राजेश कुमार, जिलाधिकारी अयोध्या शशांक त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी अयोध्या कृष्ण कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी बाराबंकी, संयुक्त विकास आयुक्त सहित मंडल एवं जनपद स्तर के समस्त संबंधित अधिकारी के साथ सर्किट हाउस में पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक के दौरान अध्यक्ष द्वारा पिछड़े वर्गों के शैक्षिक, सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान हेतु संचालित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने पूर्वदशम छात्रवृत्ति, दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनाओं की प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध ढंग से लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान पिछड़े वर्ग के निर्धन, असहाय एवं गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों हेतु संचालित शादी/विवाह अनुदान योजना पर भी चर्चा की गई। साथ ही छात्र-छात्राओं को तकनीकी एवं डिजिटल रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित 'ओ' लेवल एवं सी0सी0सी0 कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली गई। अध्यक्ष ने छात्र-छात्राओं के लिए छात्रावास सुविधाओं की उपलब्धता एवं संचालन व्यवस्था की भी समीक्षा करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से पहुंचना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित की जाए तथा पात्र लाभार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में अधिकारियों द्वारा विभिन्न योजनाओं की प्रगति एवं उपलब्धियों से संबंधित प्रस्तुतिकरण भी दिया गया।

# ग्राम प्रधानों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** सर्किट हाउस में विधायक वेद प्रकाश गुप्ता द्वारा आयोजित जनसुनवाई के दौरान सरायरासी-सनेथू संपर्क मार्ग पर स्थित मानव रहित रेलवे क्रॉसिंग को बंद किए जाने का मामला प्रमुखता से उठाया गया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सरायरासी रणधीर सिंह लल्ला एवं सनेथू प्रधान विजय कुमार ने विधायक को ज्ञापन सौंपकर बिना पूर्व सूचना एवं वैकल्पिक व्यवस्था के मार्ग बंद किए जाने पर ग्रामीणों की गंभीर समस्याओं से अवगत कराया। ज्ञापन में मार्ग पर अंडरपास अथवा अन्य वैकल्पिक व्यवस्था शीघ्र कराए जाने की मांग की गई। ज्ञापन में बताया गया है कि रेलवे क्रॉसिंग बंद होने से कई गांवों के लोगों का आवागमन प्रभावित हो गया है। विधायक ने इस विषय को लेकर उन्होंने रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से मिलने का समय लिया है। उन्होंने पत्र के माध्यम से भी रेल मंत्री को पूरे प्रकरण से अवगत कराया है। विधायक ने बताया कि रेल मंत्री से मुलाकात कर समस्या के समाधान के लिए अडंरपास अथवा रेलवे क्रासिंग स्थापित कराई जाएगी। जिससे जनपद के इस क्षेत्र में आम जनमानस की समस्या का समाधान हो सके।

# समाजसेवी को कमिश्नर, जिलाधिकारी ने किया सम्मानित



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** समाजसेवा के क्षेत्र में लगातार सक्रिय भूमिका निभा रहे समाजसेवी संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश यादव को एक बार फिर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला अधिकारी शशांक त्रिपाठी, कमिश्नर राजेश कुमार, ट्रैफिक अयोध्या प्रसाद सिंह ने समाजसेवी सुरेश यादव को सम्मानित करते हुए कहा कि समाजहित में किया जा रहा उनका कार्य लोगों के लिए प्रेरणा का विषय है। समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय सुरेश यादव लगातार जरूरतमंदों के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने हजारों बालिकाओं को साइकिल वितरित कर शिक्षा को बढ़ावा देने का काम किया है। इसी पहल के चलते जिले में उन्हें लोग साइकिल मैन के नाम से भी पहचानते हैं। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# जनगणना ड्यूटी पर जा रहे शिक्षक से मारपीट, अभियोग दर्ज

**स्वतंत्र भारत रुदौली (सं.)** कोतवाली रुदौली क्षेत्र में जनगणना ड्यूटी पर जा रहे एक शिक्षक के साथ मारपीट, अभद्रता और धमकी देने का मामला प्रकाश मे आया है। पीड़ित शिक्षक ने कोतवाली रुदौली में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम गनेशपुर थाना बाबा बाजार निवासी अर्जुन कुमार गुप्ता, जो रुदौली क्षेत्र मे ग्राम मखदूमी प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक के पद पर तैनात हैं, गत 28 मई की सुबह जनगणना ड्यूटी के लिए घर से रुदौली जा रहे थे। रास्ते में ग्राम सभा फिरोजपुर मखदूमी के पास स्थित एक होटल के पास पेशाब करने के लिए वह रुके ही थे कि इसी दौरान वहां आकर दो युवकों साहिल पुत्र मोहम्मद नईम तथा मो. अरमान पुत्र मोहम्मद मतीन आकर यह कहते हुए विवाद शुरू कर दिया कि यहां पेशाब क्यों कर रहे हो। पीड़ित शिक्षक का कहना है कि उन्होंने पेशाब भी नहीं किया था। आरोप है कि बिना किसी कारण के दोनों युवकों ने गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने शिक्षक के साथ मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। इतना ही नहीं, आरोपियों द्वारा उनकी मोटरसाइकिल को भी क्षतिग्रस्त किए जाने का आरोप लगाया गया है। दिनदहाड़े जनगणना जैसे महत्वपूर्ण सरकारी कार्य पर जा रहे शिक्षक के साथ हुई इस घटना ने क्षेत्र की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। घटना के बाद शिक्षकों में भय और नाराजगी देखी जा रही है। पीड़ित शिक्षक ने रुदौली पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। वहीं कोतवाल रुदौली संजय मौर्य ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है तथा मामले की जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से भेंट कर बतायी क्षेत्र की समस्या



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** पूरा बाजार विकासखंड क्षेत्र के सरायरासी -सनेथू मुख्य संपर्क मार्ग को रेलवे विभाग द्वारा बंद किए जाने का मामला अब मुख्यमंत्री दरबार तक पहुंच गया है। पिछले कई दिनों से क्षेत्र में चर्चा और विरोध का विषय बने इस मार्ग को लेकर ग्रामीणों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है। आवागमन बाधित होने से हजारों ग्रामीणों, छात्रों, व्यापारियों और मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों द्वारा लगातार जन प्रतिनिधियों से गुहार लगाए जाने के बाद अब इस मामले ने राजनीतिक और प्रशासनिक स्तर पर भी गंभीर रूप ले लिया है। इसी क्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर पूरे प्रकरण की जानकारी दी तथा ग्रामीणों की समस्याओं को विस्तार से रखते हुए ज्ञापन सौंपा। वहीं क्षेत्रीय ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री के हस्तक्षेप का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि जल्द ही मार्ग दोबारा शुरू कराया जाएगा अथवा वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे लोगों को राहत मिल सके।

# संस्थान शहर में स्वच्छता अभियान में करेगी सहभागिता



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** स्वच्छता और जनजागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अयोध्या पब्लिक सेवा संस्थान द्वारा एक रविवार, हर परिवार करे गंदगी पर प्रहार अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत 31 मई को सुबह 7.00 बजे से 7.30 बजे तक विभिन्न वार्डों में सफाई अभियान चलाया जाएगा। संस्थान की ओर से चित्रगुप्त नगर वार्ड उसरू सहित सभी स्थानीय नागरिकों से अपील की गई है कि वे अपने घरों और आसपास के क्षेत्रों की सफाई कर स्वच्छ वातावरण बनाने में सहयोग करें। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक राकेश श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष रामकुमार, मंडल अध्यक्ष प्रतिभा यादव, डॉ. नीति श्रीवास्तव, बबीता यादव, रत्ना जायसवाल, ओमप्रकाश दुबे, निखिल श्रीवास्तव, अरुण कुमार यादव, गौरव जायसवाल एवं आशुतोष श्रीवास्तव सहित संस्था के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहेंगे। संस्था ने लोगों से आह्वान किया है कि वे इस पहल को जनआंदोलन का रूप दें और अपने मोहल्ले, गली तथा सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

# चौ. चरण सिंह की मनी पुण्यतिथि



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी की 39वीं पुण्यतिथि पर राष्ट्रीय लोक दल कार्यकर्ताओं ने चौधरी चरण सिंह घाट अयोध्या एवं चौधरी चरण सिंह पंप कैनाल रौनाही पर माल्यार्पण एवं हवन कर श्रद्धा पूर्वक याद किया। इस मौके पर राष्ट्रीय लोकदल अवध क्षेत्र के अध्यक्ष चौधरी रामसिंह पटेल ने कहा कि चौधरी चरण सिंह जी को जब भी मौका मिला उन्होंने किसान हितों मे अनेकों काम किया नाबार्ड बैंक की स्थापना, चकबंदी कानून, जैसे तमाम किसान हित में कार्य उन्हीं की देन है। इस अवसर पर किसान प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष देवी शरण वर्मा, युवा जिलाध्यक्ष अनिल वर्मा, युवा प्रदेश सचिव सुरजीत वर्मा महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष डॉ. शांति देवी एडवोकेट, जिला सचिव राम जियावन वर्मा, युवा रालोद नेता गंगाराम राम वर्मा, समाजसेवी महेश नारायण पांडे, युवा प्रकोष्ठ के महानगर अध्यक्ष अयोध्या अमित पांडेय, जगन्नाथ वर्मा, मातादीन रावत, विजय सिंह सहित तमाम लोगों ने माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित किया।

# गैस सिलेंडर में ब्लास्ट से मचा हड़कम्प



**स्वतंत्र भारत मिल्कीपुर (सं.)** थाना इनायतनगर क्षेत्र के पूरे गंगा दूबे गांव स्थित न्यू रजिस्ट्री ऑफिस के निकट आस्था होटल के पास गुरुवार शाम 7.30 बजे गैस सिलेंडर से गैस रिसाव होने के कारण टिनशेड मकान में भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में सिलेंडर ब्लास्ट होने लगे और पूरे इलाके में अफरा तफरी मच गई। गनीमत रही कि घर में मौजूद महिलाएं, बच्चे और पुरुष समय रहते बाहर निकल आए, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। जानकारी के अनुसार गांव निवासी लखन मौर्य व सरवन मौर्य पुत्र रामचंद्र मौर्य के टिनशेड मकान में शाम करीब 7.30 बजे खाना बनाते समय गैस रिसाव से अचानक आग लग गई। सूचना पर पहुँचे उप जिलाधिकारी सुधीर कुमार,क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर पीयूष पाल एवं थाना प्रभारी रतन कुमार शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों और फायर ब्रिगेड कर्मियों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

# श्रीलक्ष्मी नारायण भगवान का किया गया महाभिषेक



**स्वतंत्र भारत अयोध्या (सं)।** अयोध्या धाम की प्रतिष्ठित पीठ अशर्फी भवन इन दिनों वेद मंत्रों से गुंजायमान है। अवसर है पावन पुरुषोत्तम मास का। जिसके उपलक्ष्य में सुप्रसिद्ध पीठ अशर्फी भवन में विविध धार्मिक अनुष्ठान चल रहा है। जिसे अशर्फी भवन पीठाधीश्वर जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी श्रीधराचार्य महाराज अपना सानिध्य प्रदान कर रहे हैं। इनके कुशल मार्गदर्शन एवं संयोजन में विविध अनुष्ठान, श्रीमद्भागवत का मूल पारायण 51 विद्वानों द्वारा, पंचनारायण महायज्ञ, चतुर वेद-आगम शास्त्र पारायण, भगवान श्रीलक्ष्मी नारायण का सपरिकर पुष्प यज्ञ महा अभिषेक एवं जगतगुरु स्वामी श्रीधराचार्य महाराज की वाणी से श्रीमद्भागवत कथा का दिव्य अनुष्ठान चल रहा है। जिसमें दाक्षिणात्य विद्वानों द्वारा भगवान विश्वक सेन का विशेष पूजन, अर्चन, अंकुरारोपण हवन यज्ञ में विशेष औषधि द्रव्यों द्वारा आहुति प्रदान की जा रही हैं। 108 रजत कलशों में सरयू जल, गौ दूध, दही, घी, शहद पंचामृत, सर्व औषधी, जल मधु, सुगंधित इत्र, फलों के रस द्वारा विधि विधान से महा अभिषेक किया गया।

# श्रीलालसाहेब दरबार में सजी सुभव्य फूलबंगला झांकी



**स्वतंत्र भारत अयोध्या (सं)।** रामनगरी की सुप्रसिद्ध पीठ श्रीलालसाहेब दरबार में दिव्य-भव्य फूलबंगला झांकी सजाई गई। जिसने सभी का मन मोह लिया। फूल बंगला महोत्सव को श्रीलालसाहेब दरबार के पीठाधिपति महंत रामनरेश शरण ने अपना सानिध्य व तपोवन मंदिर रांची झारखंड के महंत ओमप्रकाश शरण ने संयोजन प्रदान किया। महोत्सव में 10 कुंटल देशी-विदेशी फूलों का प्रयोग किया गया था। बुधवार की सायंकाल सर्वप्रथम मठ के गर्भगृह में विराजमान श्रीलालसाहेब सरकार का पूजन-अर्चन, वंदन कर फल-मिष्ठान समेत विविध पकवानों का भोग लगाया गया। उसके बाद भगवान की दिव्य, भव्य आरती उतारी। मंदिर में श्रीलालसाहेब सरकार की सुंदर एवं मनोरम फूलबंगला झांकी दर्शन का सिलसिला सायंकाल से शुरु होकर देररात्रि तक चलता रहा। भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें अयोध्या के नामचीन कलाकारों ने अपने गायन-वादन से फूलबंगला महोत्सव की शोभा बढ़ा दी। इससे उत्सव में चार-चांद लगा दिया, जिससे श्रोतागण मंत्रमुग्ध हो गए। श्रीलालसाहेब दरबार के पीठाधीश्वर महंत रामनरेश शरण और तपोवन मंदिर रांची झारखंड के महंत ओमप्रकाश शरण महाराज ने कलाकारों को न्यौछावर भी भेंट किया।




# न्याय मांगने वालों को डराने की कोशिश कर रही भाजपा सरकार : कौशल



**आजमगढ़ ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री श्री अजय राय के निर्देश पर आज जिला कांग्रेस कमेटी, आजमगढ़ द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता में भाजपा सरकार के मंत्रियों एवं विधायकों की संपत्तियों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग उठाई गई। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कौशल कुमार सिंह 'मुन्ना राय' ने कहा कि महोबा में एक दलित छात्रा के अपहरण और उसके साथ हुए अमानवीय व्यवहार ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया है। ऐसे संवेदनशील मामले में पीड़ित परिवार के साथ खड़े होने और उनका दुख साझा करने के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री अजय राय महोबा जाना चाहते थे, लेकिन भाजपा सरकार ने उन्हें रोकने का हरसंभव प्रयास किया। यह दर्शाता है कि सरकार पीड़ितों को न्याय दिलाने के बजाय अपनी विफलताओं को छिपाने में लगी हुई है।उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस पार्टी ने महोबा की बेटी को न्याय दिलाने की आवाज बुलंद की, तब भाजपा नेताओं ने मुद्दे से ध्यान भटकाने के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री अजय राय की संपत्तियों की जांच की मांग शुरू कर दी। कांग्रेस पार्टी इस चुनौती का स्वागत करती है। हम सार्वजनिक जीवन में पारदर्शिता के पक्षधर हैं और किसी भी निष्पक्ष जांच से नहीं डरते। लेकिन जांच का पैमाना सबके लिए समान होना चाहिए।मुन्ना राय ने कहा कि यदि भाजपा सरकार वास्तव में भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ना चाहती है तो उसे अपने मंत्रियों और विधायकों की संपत्तियों की भी स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच करानी चाहिए। जनता जानना चाहती है कि सत्ता में आने के बाद भाजपा नेताओं की संपत्तियों में हुई भारी वृद्धि का स्रोत क्या है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में विकास कार्यों, सरकारी योजनाओं, स्वास्थ्य सेवाओं तथा निर्माण परियोजनाओं में भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगातार सामने आ रहे हैं। सरकार विपक्ष की आवाज दबाने के बजाय इन सवालों का जवाब दे और पारदर्शिता का परिचय दे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री अजय राय के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी अन्याय, भ्रष्टाचार और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष कर रही है। महोबा की बेटी को न्याय दिलाने से लेकर प्रदेश के हर पीड़ित और वंचित व्यक्ति की आवाज उठाने तक कांग्रेस का संघर्ष लगातार जारी रहेगा।उन्होंने मांग की कि महोबा प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए तथा भाजपा सरकार अपने मंत्रियों एवं विधायकों की संपत्तियों की जांच कराकर जनता के सामने सच्चाई रखे। पत्रकार वार्ता में राजाराम यादव , राहुल राय , गिरीश चंद्र चतुर्वेदी , चंद्रपाल सिंह यादव , मुन्नू यादव , शीला भारती , प्रेमा चौहान , राम अवध ' प्रेमी' , संतोष सिंह , प्रदीप यादव , बृजेश पांडेय सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आईडी कार्ड बनाकर युवक से ठगी करने वाला गिरफ्तार



**आजमगढ़** जिले की कंधरापुर पुलिस को पुलिस को बड़ी सफलता मिली है, पुलिस ने नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले अभियुक्त अमित कुमार श्रीवास्तव उर्फ दीपक पुत्र विनोद कुमार श्रीवास्तव जिसका पता मकान नं0 5/35 क्क 2-क्क कमला नगर कालोनी थाना लालपुर पाण्डेयपुर जनपद वाराणसी को भंवरनाथ से गिरफ्तार किया है यह आरोपी फर्जी टी.टी. आईडी कार्ड बनाकर युवक से ठगी किया था बता दें किदिनांक 07.05.2026 को वादी जनार्दन यादव पुत्र स्व0 बहोर यादव निवासी ग्राम इसहाकपुर, थाना कन्धरापुर, जनपद आजमगढ़ द्वारा थाना स्थानीय पर तहरीर दी गयी कि उनके पुत्र अमन को टी.टी. के पद पर नौकरी दिलाने के नाम पर अभियुक्त अमित कुमार श्रीवास्तव उर्फ दीपक पुत्र विनोद कुमार श्रीवास्तव निवासी मकान नं0 5/35 क्क 2-क्ककमला नगर कॉलोनी थाना लालपुर पाण्डेयपुर जनपद वाराणसी द्वारा कुल 09 लाख 63 हजार 500 रुपये ले लिये गये। अभियुक्त द्वारा विश्वास में लेने हेतु फर्जी टी.टी. आईडी कार्ड भी तैयार कर दिया गया। जब वादी द्वारा अपना पैसा वापस मांगा गया तो अभियुक्त गाली-गलौज करने लगा। इस सम्बन्ध में थाना कन्धरापुर पर मु0अ0सं0-108/2026 धारा 319(2), 318(4), 338, 336(3), 340(2), 352, 351(3) बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत कर विवेचना की जा रही थी।आज दिनांक 29.05.2026 को उ0नि0 प्रमोद कुमार मद्धेशिया मय हमराह द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त अमित कुमार श्रीवास्तव उर्फ दीपक को भंवरनाथ-वाराणसी हाईवे तिराहा से समय करीब 08:10 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय भेजा गया।

## खबर एक नजर

### आकाशीय बिजली से युवक की मौत



**आजमगढ़** के महाराजगंज थाना क्षेत्र के कोलहटा कमाल ग्राम सभा में आकाशीय बिजली गिरने से युवक की मौत हो गई। युवक शुक्रवार की सुबह के समय घर के बाहर खेत में शौच करने के लिए गया हुआ था उसी समय बादलों की गड़गड़ाहट शुरू हुई और तेजी से बिजली चमकने लगी। उसी की चपटे में धर्मराज राजभर आ गए इनकी उम्र लगभग 50 वर्ष बताई जा रही है7मृतक के चार बच्चे थे जिसमें दो लड़के और दो लड़कियां है अभी तक किसी की शादी नहीं हुई है घर का इकलौता कमाने वाले यही थेयुवक के ऊपर बिजली गिरते ही किसी व्यक्ति ने देखा घर वालो को इसकी सूचना दी आनंद फलन में घर वाले दौड़ते हुए गए बिजली इतनी तेज गिरी थी कि उनका शरीर पूरी तरह से झुलस गयाघर के लोग युवक को नजदीकी एक अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने मृतक घोषित कर दिया युवक की मौत के बाद परिवार में मातम पसर गया। मौके पर महाराजगंज थाने की पुलिस घटना स्थल पर गई और पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया

### महोबा घटना को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष ने सरकार पर बोला हमला



**स्वतंत्र भारतदेवरिया।** महोबा की दलित छात्रा के साथ हुई घटना को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष विजय शेखर मल्ल रोशन ने प्रदेश सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि घटना के बाद भी सरकार का कोई प्रतिनिधि पीड़िता के घर तक नहीं पहुंचा, जिससे सरकार की संवेदनहीनता उजागर होती है। टाउन हाल स्थित पार्टी कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री मल्ल ने कहा कि महोबा में दलित छात्रा का अपहरण कर 16 दिनों तक बंधक बनाकर रखा गया और उसके साथ दुष्कर्म व अमानवीय व्यवहार किया गया। इसके बावजूद सरकार की ओर से पीड़ित परिवार कीसुधि नहीं ली गई। जब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय पीड़िता के परिवार से मिलने जा रहे थे, तब उन्हें रोकने का प्रयास किया गया। इसके बावजूद अजय राय पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और उनका दुख साझा किया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेताओं की सक्रियता और संवेदनशीलता से भाजपा घबराई हुई है, इसलिए विरोध प्रदर्शन कराए जा रहे हैं। प्रश्नों के जवाब में उन्होंने प्रदेश सरकार की भ्रष्टाचार और दमनकारी नीतियों के जरिए जनता का ध्यान मूल मुद्दों से भटकाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सड़कों, अस्पतालों, मनरेगा और विभिन्न योजनाओं में व्यापक अनियमितताएं हो रही हैं। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि यदि सरकार वास्तव में भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करना चाहती है तो मंत्रियों और विधायकों की संपत्तियों की भी निष्पक्ष जांच कराई जाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सार्वजनिक जीवन में पारदर्शिता और शुचिता की पक्षधर है तथा किसी भी जांच से पीछे हटने वाली नहीं है। प्रेस वार्ता में भरत मणि और मीडिया प्रभारी संजीव मिश्रा भी मौजूद रहे।

# महिला के शव का शिनाख्त कर हत्या का किया सफल अनावरण



**बलिया।** बताया जाता है कि पुलिस अधीक्षक श्री ओमवीर सिंह* के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिये चलाये जा रहे अभियान में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी बलिया श्री संजय वर्मा के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर श्री मो0 उस्मान के कुशल नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस टीम को मिली सफलता।उल्लेखनीय है कि दिनाँक 24.05.2026 को थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत शिवपुर दियर के पास 01 अज्ञात महिला का शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई थी, सूचना पर थाना स्थानीय पुलिस द्वारा शव को कब्जा पुलिस में लेकर शिनाख्त का प्रयास किया तथा थाना स्थानीय पर पंजीकृत गुमशुदगी की कार्यवाही में परिजनों द्वारा महिला के शव को परिजनों द्वारा शिनाख्त किया गया । परिजनों द्वारा प्रार्थना पत्र देकर शिकायत किया गया कि मैं अपनी लड़की प्रीती की शादी वर्ष 06.03.2025 में चुन्नीलाल प्रजापति पुत्र मुटुर प्रजापति निवासी रेवती नगर पंचायत वार्ड नं0-13 थाना रेवती से की थी, इन लोगों द्वारा शादी के बाद से ही मेरी बेटी को दहेज के लिए मारा पीटा जाता था और पैसे के लालच में दिनांक-22.05.2026 को बताया कि आपकी पुत्री कहीं चली गयी, तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0-187/26 धारा 85,80(2), 238,3(5) बीएनएस व धारा 4 डीपी एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम बनाकर लगातार प्रयास किया जा रहा था। इसी क्रम में दिनांक 28.05.2026 को थाना कोतवाली पुलिस टीम के उ0नि0 अरुण कुमार सिंह मय हमराह उ0नि0 विनोद कुमार सरोज मय हमराह थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 187/26 धारा 85,80(2), 238,3(5), बीएनएस व धारा 4 डीपी एक्ट में रेवती थाना क्षेत्र में आकर मामूर थें कि जरिये मुखबीर खास की सूचना के आधार पर मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित 02 नफर वांछित अभियुक्तगण *1. अभियुक्ता शोभा चौरसिया पुत्री स्व0 रामजी चौरसिया निवासी रेवती नगर पंचायत वार्ड नं0-07 थाना रेवती जनपद बलिया उम्र 21 वर्ष को अभियुक्ता के घर पास से समय लगभग 17.20 बजे गिरफ्तार किया गया तथा 2.अभियुक्त चुन्नीलाल प्रजापति पुत्र मुट्टुर प्रजापति निवासी रेवती नगर पंचायत वार्ड नं0- 13 थाना रेवती जनपद बलिया उम्र करीब 25 वर्ष को रेवती पावर हाउस बभनौली के बगल में खंडहर नुमा घर के पास से समय लगभग 17.50 बजे* गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के निशानदेही पर घटना के पास से मृतका का 01 अदद पीली धातु का कान सुई धागा , एक अदद सफेद धातु तोडिया (पायल), 10 अदद नीली कांच कि चुडिया, 02 अदद प्लास्टिक के कंगन (रंग पीला लाल गुलावी कथई ), 01 अदद सिंदूरी ब्लाउज व 01 अदद चैन दार मटमैला रंग का पर्स जिसमें 1355 रुपये बरामद हुआ ।

# देवरिया डिपो में संविदा चालक भर्ती हेतु आवेदन प्रक्रिया शुरू

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** देवरिया डिपो में संविदा चालक पदों पर भर्ती हेतु आवेदन प्रक्रिया 2 जून 2026 से प्रारंभ हो गई है। वर्तमान में डिपो में संविदा चालक के कुल 50 पद रिक्त हैं, जिनके लिए इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक, देवरिया डिपो कपिलदेव प्रसाद ने बताया कि बसों की उपलब्धता के अनुसार रिक्त पदों की संख्या में आवश्यकतानुसार वृद्धि अथवा कमी की जा सकती है। भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर निर्धारित तिथियों में भर्ती कैम्प आयोजित किए जाएंगे।उन्होंने बताया कि 2 जून को मेहरौना पुलिस चौकी के बगल में, 5 जून को घाटी चौराहा, 9 जून को रामपुर कारखाना (प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्र के पास), 12 जून को बंगरा बाजार, 16 जून को धुसवां चौराहा, 19 जून को पकहां बस स्टॉप, 22 जून को डरैला बाजार (बिहार बॉर्डर), 24 जून को बनकटा शिव मंदिर परिसर, 27 जून को डिघवा पटवा नहर के पास, 30 जून को सहजौर चौराहा तथा 3 जुलाई को सेवायोजन कार्यालय देवरिया (आईटीआई परिसर) में भर्ती कैम्प आयोजित किए जाएंगे। संविदा चालक पद हेतु अभ्यर्थी के पास भारी वाहन चलाने का कम से कम दो वर्ष पुराना वैध ड्राइविंग लाइसेंस होना अनिवार्य है। अभ्यर्थी न्यूनतम आठवीं उत्तीर्ण होना चाहिए। आवेदन के समय आधार कार्ड, शैक्षिक प्रमाण पत्र एवं दो पासपोर्ट साइज फोटो प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। इसके अतिरिक्त अभ्यर्थी की आयु न्यूनतम 23 वर्ष 6 माह तथा लंबाई कम से कम 5 फीट 3 इंच निर्धारित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथियों पर आवश्यक अभिलेखों सहित संबंधित कैम्प में उपस्थित होकर आवेदन कर सकते हैं।

## सात साल साथ रहने के बाद महिला थाने में हुई शादी, बच्चों संग पति-पत्नी को किया गया विदा

**स्वतंत्र भारतदेवरिया।** जिले के रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के परारी गांव निवासी सीमा यादव और मुकेश यादव सात वर्षों से साथ रह रहे थे। इस दौरान दोनों के दो बच्चे भी हुए, लेकिन दोनों ने शादी नहीं की थी। मामला तब सामने आया जब सीमा यादव अपने ससुराल पहुंची तो परिजनों ने उसे घर में रहने से मना कर दिया। इसके बाद पीड़िता ने महिला थाने में प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई।महिला थाना प्रभारी सुश्री पूनम यादव ने दोनों पक्षों को बुलाकर कई बार काउंसलिंग की। काउंसलिंग के दौरान युवक मुकेश यादव को समझाया गया कि बिना शादी के लंबे समय तक साथ रहना और बच्चों के भविष्य को असुरक्षित छोड़ना उचित नहीं है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि रजिस्टर्ड शादी के बिना मामले का निस्तारण नहीं किया जाएगा और आवश्यक होने पर कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। महिला थाना पुलिस की पहल और समझाइश के बाद मुकेश यादव कोर्ट मैरिज के लिए तैयार हो गया। दोनों ने न्यायालय में विधिवत कोर्ट मैरिज की और प्रमाण पत्र महिला थाने में प्रस्तुत किया। इसके बाद महिला थाने में दोनों ने एक-दूसरे को माला पहनाई और मिठाई खिलाकर अपने रिश्ते को सामाजिक स्वीकृति दी। महिला थाना पुलिस ने पति-पत्नी और उनके बच्चों को साथ में विदा किया। इस दौरान थाना परिसर में भावुक माहौल देखने को मिला। इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष सुश्री पुनम यादव, पाराविधिक स्वंय सेवक / पीएलवी श्रीमती सुमन पाण्डेय, पाराविधिक स्वंय सेवक / पीएलवी ज्योति सिंह और म. आ. गुड़िया यादव ने खास भूमिका निभाई।

# डीएम ने पीएचसी भाटपाररानी एवं कस्तूरबा गांधी विद्यालय का किया औचक निरीक्षण



**स्वतंत्र भारत देवरिया।**जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने शुक्रवार को सुबह बारिश के बीच भाटपाररानी तहसील क्षेत्र अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भाटपाररानी एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं, साफ-सफाई, दवा वितरण, उपस्थिति एवं छात्राओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया।जिलाधिकारी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण लगभग 08.03 बजे किए। इस दौरान उन्होंने उपस्थिति पंजिका, दवा वितरण पंजिका, वार्ड, ओपीडी एवं अन्य अभिलेखों का अवलोकन किया। उन्होंने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने तथा मरीजों का उपचार सुचारु रूप से सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय अधिकांश स्वास्थ्य एवं संविदा कर्मी अनुपस्थित पाए गए तथा आरबीएसके टीम भी मौके पर उपस्थित नहीं मिली। इस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को कठोर चेतावनी देते हुए कहा कि अगली बार निरीक्षण में सुधार स्पष्ट रूप से दिखाई देना चाहिए, अन्यथा कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।निरीक्षण के दौरान एक गर्भवती महिला प्रसव हेतु अस्पताल आई हुई थी, जिसके साथ आशा कार्यकर्ता भी मौजूद थीं। आशा द्वारा प्रस्तुत मदर-चाइल्ड प्रोटेक्शन (एमसीपी) कार्ड अधूरा पाया गया। इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि इससे स्पष्ट होता है कि आशा कार्यकर्ताओं को एमसीपी कार्ड के संबंध में पर्याप्त प्रशिक्षण नहीं दिया गया है अथवा नियमित मॉनिटरिंग नहीं हो रही है। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि अनुपस्थित कर्मियों से तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाए तथा संबंधित नोडल अधिकारी/अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को प्रभावी अनुश्रवण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए जाएं। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय भाटपाररानी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छात्राओं से संवाद कर पठन-पाठन एवं विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने नामांकन के सापेक्ष छात्राओं की उपस्थिति बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को लिखते हुए निर्देशित किया कि सभी कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में अभिभावक-शिक्षक बैठक नियमित रूप से आयोजित कराई जाए।

# वन में समाधि लगाकर काम को हराना कोई विशिष्ट बात नहीं : स्वामी जगदीशानन्द



**स्वतंत्र भारतदेवरिया।** शहर के साकेत नगर मुहल्ले के शुभम वाटिका में हो रहे श्रीमदभागवत व महापुराण सप्ताह ज्ञानकथा के छठवे दिन की कथा का रसपान कराते हुए तीर्थराज प्रयाग से आये कथा व्यास स्वामी जगदीशानन्द महाराज ने महारास गोपी प्रसंग की व्याख्या करते हुए बताए कि यह काम लीला नहीं है यह काम विजय लीला है वन में समाधि लगाकर काम को हराना कोई विशिष्ट बात नहीं है।श्रीकृष्ण की तरह गोपियों के मध्य में रहकर काम को जीतो। उन्होंने कहा कि साधन सिद्धा, ऋषिरूपा, श्रुति रूपा, अन्य पूर्वा, अनन्य पूर्वा, आदि, कई प्रकार की गोपियों थी भगवान की प्रियतम रास राजेश्वरी वृषभान नन्दिनी भी महारास में भगवान का अंधरामृत पान कर रही है। उन्होंने कहा कि जब हमारे मार्ग में कोई अवरोध आए तो हम सोपान की सीढी में पैर रखकर अवरोध को छलांग लगा दे गोपियों कहती है है प्रभु हमने समस्त विषयों को मन से हटाकर आपके चरणों का आश्रय लिया है. जब जीव के अन्दर ऐसी भावना आती है तभी परमात्मा उस जीव को वाहों से लगा लेता है।उन्होंने उद्धव, गोपी प्रसंग की व्याख्या करते हुए बताए कि जिसके मन में अहंकार हो और जीवन में वैराग्य हो उसे उद्धव कहते है और जिसके सामने ज्ञान में प्रेम हो जीवन में प्रेम हो उसे गोपी कहते हैं, उद्धव ज्ञानी है लेकिन प्रेम लक्षणा भक्ति से रहित है, मोह, एक पछी होता है प्रेम पारस्परिक होता है। उद्धव जी जैसे ही बज मंडल में प्रवेश किए तो देखते है वन की सघन कुन्ज विरान हो गई यमुना का जल नीला पड़ गया, गाय घास नहीं खाती है, माँ यशोदा नन्द की आँखे झील की तरह झरती है। उन्होंने कहा कि जब जीव कृष्ण विरह में अकुलाएगा और उसकी आँखे बरषेगी तब अन्दर की मलिनता धुलेगी, उसी समय परमात्मा भी जीव से मिलने को तड़प उठता है. उद्धव देखते है बज भूमि कितनी दिव्य प्रेम नगरी है यहां के पशु-पक्षी भी राधा कृष्ण को पुकारते है उद्धव जी गोपिकाओं के पास जाकर श्री कृष्ण का संदेश कहते हैं किन्तु गोपिकाएँ कहती है उद्धव तुम्हारा ज्ञान कोरा है, क्योंकि तुम्हें इतना पता नहीं है कि भगवान तो हर कण में है फिर क्यों तुम्हें भ्रम है। उद्धव प्रेम नगर में मग्न हो गए, कथा व्यास ने कहा कि रूविमणी भगवान का विवाह प्रसंग भी जन कल्याणकारी है। भगवान रुक्मिणी कृष्ण दोनों प्रेम की मूर्ति है। रूक्मिणी विवाह की झांकी का दर्शन कराकर श्रद्धालुओं को मन्त्रमुग्ध कर दिए।इसके पूर्व कथा शुभारम्भ पर पीबीपूजन मुख्य यजमान राकेश चन्द्र तिवारी, सुमित्रा तिवारी द्वारा किया गया। उक्त अवसर घर आचार्य दीपक पाहेय, अविनाश नायक, पुनीत मिश्रा, गोविंद मिश्रा, नारायण कश्यप राज श्रीवास्तव श्रीमती अर्चना श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।


## कार्यालय जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा), जनपद-श्रावस्ती।

संख्या : 05/डूडा/ई–टेण्डर/2026 दिनांक : 27 मई, 2026

**ई–निविदा सूचना (शुद्धि पत्र)**

समस्त ठेकेदारों/फर्मो को सूचित किया जाता है कि कार्यालय जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) श्रावस्ती से जारी ई–निविदा सूचना संख्या–03, 03(01)/डूडा/ई–टेण्डर/2026 दिनांक 23.05.2026 के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2025–26 में अनुदान संख्या–37 में मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित व मलिन बस्ती विकास योजनान्तर्गत स्वीकृत 06 निर्माण कार्यों की निविदाएँ **दिनांक 25.05.2026 से 15.06.2026 अपरान्ह 02:00 बजे** के मध्य आमन्त्रित किया गया था। उक्त ई–निविदाओं के खुलने की तिथि **दिनांक 16.06.2026 अपरान्ह 04:00 बजे** निर्धारित थी।

तकनीकी समस्याओं के कारण उपरोक्त कार्यों की निविदाएँ ई–टेण्डर पोर्टल पर प्रदर्शित नहीं की जा सकी है। अतएव, अब उपरोक्त कार्यों की निविदाएँ **दिनांक 01.06.2026 से 22.06.2026 अपरान्ह 02 बजे के** मध्य आमन्त्रित किये जाने व **दिनांक 23.06.2026 की अपरान्ह 01 बजे** निविदा खोलने हेतु एतद्वारा समय निर्धारित किया जाता है। कृपया समस्त सम्बन्धित सूचित हो।

नोट– शेष सभी नियम व शर्ते पूर्ववत है, जिसे वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है। निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी क्लाज के अनुसार परिशिष्ट/शुद्ध पत्र जारी करने का अधिकार प्राप्त है। समस्त बिडर्स नियमित रूप से पोर्टल देखते रहे।

**अवर अभियंता, (डूडा) श्रावस्ती।** **परियोजना अधिकारी, (डूडा) श्रावस्ती।**

# जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी ने उद्योग बंधु की बैठक कर सुनी समस्याएं

## निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का तत्काल समाधान करें अधिकारी

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बंधु एवं व्यापार मण्डल समिति की बैठक हुई। बैठक में उद्यमियों ने बिजली, पानी, सड़क, एनओसी और

■ औद्योगिक आस्थान में सड़कों को दुरुस्त करने के निर्देश

बैंक ऋण से जुड़ी समस्याएं रखीं। जिलाधिकारी ने निवेश मित्र पोर्टल की समीक्षा करते हुए पाया कि 69 प्रकरण विभिन्न विभागों में लंबित हैं। इसी प्रकार सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान योजना 2025-26 के अन्तर्गत बैंको को भेजे गए 973 आवेदन पत्र आनलाइन अग्रसारित किए गए जिसमें 136 स्वीकृत, 108 आवेदन पत्र वितरित तथा 314 आवेदन पत्र विभिन्न बैंको द्वारा निरस्त किए गए जबकि 620 आवेदन पत्र बैंको में स्वीकृति हेतु लम्बित है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि ÷ईज ऑफ डूइंग बिजनेस सरकार की प्राथमिकता है अतएव सभी लंबित एनओसी, अनापत्ति और स्वीकृतियां अविलम्ब जारी करते हुए वितरण की कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाए।

चुनार से तीन किलोमीटर आगे स्थित लगभग 10 ईकाईयो को जोड़ने वाले चुनार उदित नगर बड़ा गांव जर्जर मार्ग बनवाने तथा शहरी क्षेत्र में पेयजल की व्यवस्था हेतु खोदे गए गड्ढे को ठीक कराने, तहसील चैराहा से पाण्डेयपुर रोड मरम्मत पर चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियो को उपरोक्त कार्यो को 15 दिवस के अन्दर मुख्य मार्गो की मरम्मत पैचवर्क और नाली सफाई का कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बरसात से पहले सड़कें दुरुस्त हो जानी चाहिए, ताकि कच्चे माल व तैयार उत्पाद की आवाजाही में दिक्कत न हो। विद्युत विभाग को औद्योगिक फीडर पर ट्रिपिंग रोकने और 24 घंटे निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा गया। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को समयबद्ध तरीके से सहमति प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए। बैठक में औद्योगिक आस्थान चुनार मीरजापुर में पार्क का रेनोवेशन, राजकीय चीनी पात्र विकास केन्द्र, चुनार के बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य, जिला निर्यात समिति की बैठक समय से कराने तथा जनपद में स्थापित होने वाली औद्यागिक ईकाईयो (एमओयू) के आने वाले समस्याओं से उद्यमियो के द्वारा उठाया गया जिस पर जिलाधिकारी ने बिन्दुवार प्रकरण को गम्भीरता से लेते हुए अधिकारियो को समाधान कराने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, उपायुक्त उद्योग संदीप कुमार के अलावा मनोज खण्डेलवाल, मण्डल सचिव इंडियन इंडस्ट्रीस्ज एशोसिएशन आशीष बुधिया, मीरजापुर कार्पेट से मोहनदाल अग्रवाल, राहुल कुमार, अशोक पटेल, आरके यादव, आशीष कमार, अमित श्रीनेत्र, आशीष सिंह, मुकेश तिवारी, दुर्गा प्रसाद चौधरी, राधेश्याम हरकघा विभाग सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी व उद्यमी उपस्थित रहें।

## बीच सड़क गिरा नीम का पुराना पेड़

### बिजली आपूर्ति रही बाधित

**मीरजापुर।** नगर क्षेत्र के शुक्लहां मोहल्ले में विशालकाय नीम का पेड़ आंधी तूफान में धराशाई हो जाने से लोग बाल-बाल बचे हैं। हालांकि पेड़ की चपेट में आने से सड़क किनारे खड़े कई ई-रिक्शा सहित आस-पास के घरों दुकानों के सामान नष्ट होने के साथ बिजली का पोल भी टूटकर ज़मीन पर आ गये। जिसके चलते बिजली आपूर्ति कई घंटे तक बाधित रही है। मोहल्ले के लोगों सहित स्थानीय सभासद पति कमलेश मौर्या ने बताया कि उन्होंने इस संदर्भ में बिजली विभाग के अधिकारियों सहित संबंधित विभाग के जिम्मेदार मुलाजिमों को भी जर्जर पुराने पेड़ को कटवाने की मांग कि थी, लेकिन भविष्य में होने वाले हादसों को नकारते हुए इस पर कोई भी ध्यान नहीं दिया गया जिसका प्रतिफल यह रहा है कि आज यह हादसा हो गया।

# अवैध रूप से पेड़ों की कटाई कर लकड़ियों का किया गया भंडारण



**मीरजापुर।** एक तरफ सरकार वनों की सुरक्षा और उनकी देखभाल के लिए तमाम प्रयास कर रही है। लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही से जंगल में

■ ड्रमडगंज वनरेंज के भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव में मध्य प्रदेश के लकड़ी करोबारी द्वारा किया गया भंडारण, वन विभाग की मिलीभगत ट्रक से लादकर काटी गई लकड़ियों को भेजा जा रहा मध्य प्रदेश

स्थित हरे भरे पेड़ो की धड़ल्ले से कटाई की जा रही है। शुक्रवार को मध्य प्रदेश की सीमा पर स्थित भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव के गुलरिहा बस्ती में बबूल, जामुन,इमली तथा यूकेलिप्टस पेड़ों की लकड़ियां काटकर रखी गई लकड़ियों को ट्रक पर लादा जा रहा था। ग्रामीणों ने बताया कि वनविभाग की मिलीभगत से मध्यप्रदेश के हनुमना निवासी एक लकड़ी कारोबारी द्वारा भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव के जंगल से महज आधा किलोमीटर दूर विभिन्न प्रजातियों के पेड़ों की काटी गई लकड़ियों का कई महीनों से यहां अवैध रूप से भंडारण किया जा रहा है। वनविभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही से जंगल में स्थित पेड़ों का कटान होने जंगल वीरान होते जा रहे हैं जिससे सरकार के वनावरण बढ़ाने के मंसूबों पर पानी फिर रहा है।इस संबंध में वनरक्षक अनादि नाथ तिवारी ने बताया कि मध्यप्रदेश के एक लकड़ी कारोबारी द्वारा मध्यप्रदेश की काटी गई लकड़ियों का भैसोड़ बलाय पहाड़ में भंडारण किया गया है। वहीं डीएफओ मीरजापुर राकेश कुमार प्रजापति ने बताया कि मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। वनों का कटान करने वाले के विरुद्ध अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# कैनाल निर्माण में घटिया सामग्री लगाने का आरोप, जांच की मांग

**मीरजापुर।** जिले के विकास खंड छानबे क्षेत्र के भवरूपुर-अजगना हरगढ़ बाजार के पास कैनाल प्रथम पर चल रहे निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी और घटिया सामग्री इस्तेमाल किए जाने का मामला सामने आया है। निर्माण कार्य का विरोध करते हुए भाजपा नेता ने नहर विभाग के अधिकारियों से तत्काल जांच कर कार्रवाई की मांग की है। भाजपा नेता राम मनोहर का आरोप है कि निर्माण कार्य में निर्धारित मानकों के विपरीत सफेद बालू का प्रयोग किया जा रहा है, जबकि तकनीकी मानकों के अनुसार लाल बालू का उपयोग होना चाहिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता की पूरी तरह अनदेखी की जा रही है, जिससे सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है। उन्होंने बताया कि कैनाल में जब पानी छोड़ा जाता है तो तेज दबाव के साथ बहाव होता है। ऐसी स्थिति में घटिया सामग्री से किया जा रहा निर्माण अधिक दिनों तक टिक नहीं पाएगा और कुछ ही समय में बह जाने की आशंका है। इससे निर्माण कार्य का उद्देश्य ही समाप्त हो जाएगा। क्षेत्रीय लोग भी निर्माण की गुणवत्ता को लेकर चिंतित हैं। यदि समय रहते विभागीय अधिकारी ध्यान नहीं देते हैं तो भविष्य में बड़ा नुकसान हो सकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से मौके पर पहुंचकर निर्माण सामग्री की जांच कराने तथा मानक के अनुरूप कार्य सुनिश्चित कराने की मांग की है।

# बढ़नी में अज्ञात वाहन की टक्कर से व्यक्ति गंभीर घायल



**बढ़नी, सिद्धार्थनगर।** नगर क्षेत्र के बढ़नी बस स्टाप निवासी संजय कसौधन (45 वर्ष) पुत्र रामदीन शुक्रवार को एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार संजय कसौधन मंदिर से अपने घर जा रहे थे, तभी रास्ते में किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में संजय के सिर में गंभीर चोट आई है तथा हाथ की हंसुली (कॉलर बोन) भी टूट गई। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बढ़नी पहुंचाया गया, जहां चिकित्सक डॉ. सर्वन चौधरी ने उनका प्राथमिक उपचार किया। चोट की गंभीरता को देखते हुए डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के बाद परिजनों में चिंता का माहौल है। वहीं अज्ञात वाहन की पहचान और दुर्घटना की परिस्थितियों को लेकर जानकारी जुटाई जा रही है।

## दो फॉर्च्यूनर गाड़ियों में मिला करोड़ों रुपये से भरा बैग, शुरू हुई जांच

**मीरजापुर।** चील्ह थाना पुलिस को शुक्रवार को एक बड़ी सफलता मिली है पुलिस टीम को चेकिंग के दौरान दो फॉर्च्यूनर गाड़ियों में करोड़ों रुपये से भरा बैग मिला है। जिसकी नगर मजिस्ट्रेट के निगरानी में रुपयों की गिनती हो रही है। रूपयों को गिनने के लिए बाकायदा बैंक से मशीन मंगाई गई। कैश करोड़ों के ऊपर बताया जा रहा है। पुलिस जांच में जुटी है कि किसकी है फॉर्च्यूनर गाड़ी इसकी भी जांच हो रही है। नगर मजिस्ट्रेट के निगरानी में चील्ह थाना पर रुपयों की गणना हो रही है जहां आयकर विभाग सहित अन्य भी मौजूद रहे हैं।

## हैंडपंप है खराब, जल जीवन मिशन भी नाकाम, ग्रामीण पानी के लिए परेशान

**मीरजापुर।** जिले के विकास खण्ड जमालपुर के ग्राम मनऊर पुरब पट्टी आबादी में लगा हैंडपंप काफी दिनों से खराब पड़ा हुआ है तथा जल जीवन मिशन का पाइप लाइन गलियों में बिछें होने के बावजूद भी कनेक्शन नहीं दिये जाने से ग्रामीण पेयजल के लिए दर-दर भटक रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जब से जल जीवन मिशन के तहत गांवों में हर घर, जल नल योजना शुरू हुआ है तभी से गांवों में मौजूद पहले के जल स्रोतों पर ग्राम पंचायत सहित शासन के जिम्मेदार लोगों द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। पीने के पानी के लिए ग्रामीणों को दर-दर भटकना पड़ रहा है।बार-बार शिकायत के बाद भी जिम्मेदार लोगों द्वारा ध्यान नहीं दिये जाने से आजिज मनऊर पुरब पट्टी के ग्रामीणों द्वारा हैण्ड पंप के मरम्मत एवं जल जीवन मिशन पाइप लाइन से पानी का कनेक्शन दिए जाने की मांग को लेकर खराब हैण्ड पंप के पास खड़े होकर प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन करने वालों में अन्न दाता मंच के संयोजक चौधरी रमेश सिंह सहित दुर्गा शर्मा, भानु शर्मा, झारकंडे प्रजापति, बुद्धन प्रसाद, मेटी प्रजापति, राजेन्द्र बियार, विनोद गुप्ता, सुरज कुमार, संतोष शर्मा, रघुनाथ गुप्ता, लालचंद यादव, अनिरुद्ध प्रजापति, डोमन प्रजापति आदि लोग मौजूद रहे। आश्चर्य की बात है कि मिर्जापुर जिले के जमालपुर विकासखंड क्षेत्र के ही मूल निवासी प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह हैं, बावजूद इसके उन्हीं के ही पैतृक ग्रह गांव क्षेत्र में पेयजल की समस्या गंभीर बनी हुई है।


स्वतंत्र भारत वर्गीकृत

**सूचना**

मैने अपनी पुत्री मुस्कान के गलत आचरण के कारण अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। इनके किसी भी कृत्य के वे स्वंम जिम्मेदार होगें। मेरा व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नही होगी। संजय तिवारी S/oमदन लाल तिवारी, नि.434/134 करीमगंज की ढ़ाल कृष्णपुरी कालोनी लखनऊ।

**सी.आर.-405/ L-40**

**संबंध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र विकास को दुर्व्यवहार के कारण अपनी चलअचल सम्पत्ति से बेदखलकर सम्बन्ध-विच्छेद कर लिया है। उसके कृत्यों से मेरा कोई वास्ता न होगा। राजेंद्र पुत्र कालीचरन नि. चंद्रपुर पोस्ट बौरी तिलहर, शाहजहांपुर।

**सी.आर.-404/ D-28**

**सूचना**

मैं, लिंजू वेलायुधन, पत्नी आर्मी संख्या-14856583X, रैंक-हवलदार,नाम- श्रीकुमार के., यूनिट - 504 ए.एस.सी बटालियन,पिन -905504 सी/ओ - 56 एपीओ निवासी - ग्राम - कवासेरी पोस्टल ऑफिस - कवासेरी तहसील - अलाथुर,जिला - पलाकड़, राज्य-केरल पिन -678543 मेरे पति के सेवा रिकॉर्ड में मेरा नाम गलती से लिंजू श्रीकुमार दर्ज है, जबकि आधार कार्ड के अनुसार मेरा सही नाम लिंजू वेलायुधन है।

**सी.आर.-402/ D-49**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम HABEEBUN NISA था जो कि अब बदलकर HABEEBUN NISHA हो गया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। HABEEBUN NISHA W/O MOHAMMAD KALEEM KHAN ,SHAH JI KA PURA CHAK BABURA ALIMABAD NAINI PRAYAGRAJ U-P.

**सी.आर.-402/ D-33**

**सूचना**

मेरा पहले नाम मो0 अन्सार अली एच0के0 शाह पुत्र मोहम्मद खलील था जबकि आधारकार्ड सहित अन्य अभिलेखों में मेरा नाम मोहम्मद अन्सार अली शाह पुत्र खलील शाह (Mohammad Ansar Ali Shah s/o Khalil Shah) दर्ज है। दोनो नाम का एक ही व्यक्ति है। मोहम्मद अन्सार अली शाह पुत्र खलील शाह ग्रा0 चन्दापुर,पो0 दारीचौरा, उतरौला बलरामपुर।

**सी.आर.-403/ D-46**

**सूचना**

मेरा सही नाम राजकुमार यादव पुत्र दुर्योधन यादव ग्राम शेखपुरा पोस्ट बद्दोपुर थाना कोतवाली, जिला आजमगढ़। पीनकोड नंबर 2761 25 है, जबकि पासपोर्ट में गलत नाम राजा कुमार यादव हो गया है। मुझे मेरा सही नाम राजकुमार यादव के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**सी.आर.-400/ D-40**


# सत्यधाम आश्रम के वार्षिकोत्सव में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

## निज स्वरूप का ज्ञान ही परमबोध-सत्यसमदर्शी कविराजदेव



**सुलतानपुर।** जिले के कोइरीपुर रेलवे स्टेशन के समीप स्थित सिंहौली गांव के सत्यधाम आश्रम में वार्षिकोत्सव के अवसर पर दो दिवसीय संत समागम एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों से आए संत-महात्माओं और हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। आयोजन के दौरान आध्यात्मिक प्रवचन, सत्संग, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भंडारे का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ संतों के चरण प्रच्छलन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। सत्यधाम के गद्दीधीश आचार्य सत्यसमदर्शी देवेन्द्र कविराजदेव जी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि निज स्वरूप का ज्ञान ही परमबोध है। उन्होंने संत दर्शन, भक्ति, मुक्ति तथा जन-जीव कल्याण के महत्व पर प्रकाश डाला। समागम में गुरु मां उत्तम साहिब, संत निर्मल जी, संत शत्रुघ्न जी, संत कर्मेंद्र जी, संत लक्ष्मण दास, संत निर्मोही जी एवं स्वामी पारसनाथदास जी सहित कई संतों ने सत्संग के माध्यम से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक संदेश दिए। आश्रम में समय-समय पर गौसेवा, समाजसेवा, प्रतिभा सम्मान, सेवा शिविर, सत्संग तथा नैतिक, शैक्षिक और जनजागरण से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। भजन संध्या में लोकगायकों ने बांधा समां सांस्कृतिक संध्या के दौरान आयोजित भजन कार्यक्रम में वॉयस ऑफ अवध कीर्ति चौरसिया ने अवधी भजनों की प्रस्तुति देकर खूब सराहना बटोरी। वहीं धर्मेंद्र गोल्डन, शिवकुमार सूफी, अनमोल चौधरी, दिव्या तिवारी, अंजू यादव, दृष्टि सिंह एवं प्रदीप वर्मा समेत अन्य कलाकारों ने भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुधा देव ने की। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन निष्ठा तिवारी ने किया।


अदालती सूचना ता.पेशी 15.07.2026 इश्तहार मुजरिया न्यायालय सिविल जज जू.डि. तिलहर-शाहजहांपुर मूल वाद संख्या 223 वर्ष 2025 सुनीता देवी पत्नी रंजीत सिंह नि.ग्रा. फरीदापुर पर. व तह. तिलहर-शाहजहांपुर..वादिनी बनाम जनसाधारण..प्रतिवादीगण। अंतर्गत धारा भा. उ. द. अधि.सन् 1925ई.दरख्वास्त मुसम्मी सुनीता देवी वादिनी उक्त ने वास्ते हुसुल सर्टीफिकेट वसूल कर्जा किफलत हाय मुसम्मी स्व. रंजीत सिंह नि.ग्रा. फरीदापुर पर. व तह. तिलहर जिला शाहजहांपुर मुतवफी भारतीय हिन्दू उत्तराधिकार अधि.सन् 1925ई. हरगाह मुसम्मी सुनीता देवी वादिनी उक्त ने वास्ते हुसुल सर्टीफिकेट वतारीख 15.07.2026 वास्ते समाअत दरख्वास्त हाजा के मुकर्रर हुई है लिहाजा इश्तहार जारी किया जाता है कि जिस किसी को दरख्वास्त हाजा की निस्वत उजर हो तो स्वंय या वकील वतारीख 15.07.2026 पेश होकर उजर पेश करे दरसूरत इन्काजे तारीख मुकर्रर कोई उजर सुना नहीं जायेगा और मुनासिव हुक्म सादिर होगा। आज वतारीख 07.05.2026 को मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया। न्यायालय के आदेशानुसार मुन्सरिम सिविल जज (जू.डि.)/न्या. मजिस्ट्रेट तिलहर-शाहजहांपुर।

**सी.आर.- 404/D-CN**


# गोमती मित्र मंडल समिति होगी लखनऊ में सम्मानित

**सुल्तानपुर।** माय होम इंडिया परिवार द्वारा 30 मई दिन शनिवार को लखनऊ के छत्रपति शाहूजी महाराज भागीदारी भवन में आयोजित होने वाले स्वातंर्त्यवीर सावरकर जयंती महोत्सव में पर्यावरण एवं गोमती स्वच्छता के लिए किए गए व किये जा रहे उल्लेखनीय कार्यों के लिए विशिष्ट अतिथि पूर्व बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार प्रो.डॉक्टर सतीश द्विवेदी, मुख्य वक्ता पूर्व राष्ट्रीय सचिव भाजपा एवं संस्थापक माय होम इंडिया सुनील देवधर व कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कृपा शंकर सिंह पूर्व गृह राज्य मंत्री महाराष्ट्र की उपस्थिति में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार समाज कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश सरकार लखनऊ असीम अरुण करेंगे गोमती मित्र मंडल समिति कुशभवनपुर को सम्मानित, उपरोक्त कार्यक्रम में विशेष भूमिका का निर्वहन करने वाले आलोक रंजन द्वारा आयोजक मंडल को गोमती मित्र मंडल द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तार से चर्चा करने के बाद आयोजक मंडल द्वारा यह निर्णय लिया गया है। सम्मान प्राप्त करने गोमती मित्र मंडल के प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन गोमती मित्रों के साथ शनिवार 30 मई को लखनऊ पहुंचेंगे।

## कांपा गांव में नदी के किनारे अज्ञात शव मिलने से क्षेत्र सनसनी

**बल्दीराय/सुलतानपुर।** हलियापुर थाना क्षेत्र के कापा गांव में गोमती नदी किनारे अमेठी जनपद की सीमा के पास एक अज्ञात शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना डायल 112 के माध्यम से पुलिस को मिली, जिसके बाद पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी कर शव को कब्जे में ले लिया। शव की शिनाख्त कराने के लिए आसपास के जनपदों में डीसीआर के माध्यम से सूचना भेजी गई है। वहीं सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से भी पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।क्षेत्राधिकारी बल्दीराय आशुतोष कुमार ने बताया कि मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। फिलहाल मौके पर कानून व्यवस्था सामान्य बनी हुई है।

## संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत

**बल्दीराय।** बल्दीराय थाना क्षेत्र के ग्राम सझौंवा मजरे बहुरांवा में दोपहर एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही बल्दीराय पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार मृतका लक्ष्मी (27 वर्ष) पत्नी रविकुमार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस जब घटनास्थल पर पहुंची तब तक परिजन महिला को इलाज के लिए अस्पताल ले जा चुके थे। बल्दीराय पुलिस घटना स्थल का निरीक्षण के बाद अस्पताल पहुंच कर मृतका के शव का पंचनामा करवाने के बाद शव को पीएम के लिए मर्चरी हाऊस भेज दिया। **मृतका के भाई ने हत्या किए जाने की जताई आशंका-** कूरेभार थाना क्षेत्र के पूरे सागर मजरे पुरखीपुर निवासी मृतका के भाई कप्तान ने आरोप लगाया कि उसकी बहन की शादी करीब 15 वर्ष पूर्व रविकुमार के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग उसे प्रताड़ित करते थे। भाई का आरोप है कि बृहस्पतिवार को भी लक्ष्मी के साथ मारपीट की गई, जिसके चलते उसकी मौत हो गई। थाना प्रभारी महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। मृतका अपने पीछे दो मासूम बच्चों, पुत्र श्लोक कुमार (8 वर्ष) एवं पुत्री सृष्टि (4 वर्ष) को छोड़ गई है।


**सूचना**

सर्वसाधारण और संबंधित अधिकारियों को सूचित किया जाता है कि मेरी बेटी दिव्या नेभानी (रोल नंबर 23174657) की CBSE क्लास 10 की मार्कशीट (2025) में उसके माता-पिता के नाम में गलतियाँ हैं, जो स्कूल रिकॉर्ड भरते और वेरिफ़ाई करते समय हमारी गलती की वजह से हुई और इसके लिए न तो CBSE बोर्ड और न ही स्कूल ज़िम्मेदार है।

मेरा सही नाम अनिल कुमार सिंधी है (आधार नंबर 857627076313 के अनुसार), लेकिन मार्कशीट में यह गलती से अनिल नेभानी प्रिंट हो गया है।

इसके अलावा, मेरी पत्नी, जो दिव्या की माँ हैं, का नाम पूनम है (आधार नंबर 324285766960 के अनुसार), लेकिन मार्कशीट में यह गलती से कोमल नेभानी प्रिंट हो गया है। मेरी पत्नी के नाम में यह फ़र्क सिंधी समुदाय में एक रिवाज़ की वजह से है, जहाँ शादी के बाद एक महिला अपना नया नाम अपना लेती है। यह सुधार CBSE रिकॉर्ड में ऑफ़िशियल सुधार के लिए निवेदित है। मकान नंबर 456, पटेल नगर, पोस्ट ऑफिस- गोंडा, जिला- गोंडा

**सी.आर.- 401/L**

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक (इंजी0)/वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है। **कार्य का नामः** (1) थावेः एक स्टैबलिंग लाइन (सीएसएल 700 मी0) तथा एक रनिंग लाइन (सीएसएल 750 मी0) का प्रावधान (फेज-II) **ई-निविदा सूचना सं0:** एनईआर-बीएसबी-2026-70 **अनुमानित लागत (₹)** : 5,39,03,736/- **अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी) (₹)** : 10,78,100/- **निविदा बंद होने की तिथिः** 25.06.2026 **स्वीकृत जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 12 माह। **कार्य का नामः** (2) दुल्लहपुरः ट्रैक मशीन स्टाफ के लिए टाइप-II (6 यूनिट), टाइप-III (1 यूनिट) एवं टाइप-IV (1 यूनिट) आवास का प्रावधान। **ई-निविदा सूचना सं0:** एनईआर-बीएसबी-2026-71 **अनुमानित लागत (₹)** : 1,93,66,627/- **अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी) (₹)** : 3,87,300/- **निविदा बंद होने की तिथिः** 25.06.2026 **स्वीकृत जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 8 माह। • निविदा सूचना संख्या एनईआर-बीएसबी-2026-70 से एनईआर-बीएसबी-2026-71 दिनांक 25.06.2026 को 11:30 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

**मंडल रेल प्रबंधक (इंजी0) वाराणसी**

मुजाधि/डब्लू-129

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं0 11-DYCEGA-2026**

उप मुख्य इंजीनियर (गोरखपुर क्षेत्र), पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते हैः- **क्र0 सं0: 1 कार्य का विवरणः** गोरखपुर में महाप्रबंधक कार्यालय परिसर में 24 माह हेतु इण्डोर एवं उद्यान कार्य हेतु विकसित सजावटी पौधो की आपूर्ति एवं अनुरक्षण का कार्य। **अनुमानित लागत (रु. में) कुल योग** : 1,70,89,141.25/- **बयाने की राशि (रु0 में)** : 3,41,800.00 **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु0):** 0.00 **स्वीकृति पत्र जारी होने के तिथि से कार्य की समापन तिथि/समय** : 24 (माह) कुल योगः 1,70,89,141.25 1. ई-निविदा के खुलने की तिथि दिनांक 22.06.2026 को 11:00 बजे। 2. ई-निविदा की बिडिंग तिथि 08.06.2026 से 22.06.2026 समय 10.59 बजे तक। 3. उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तो का पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के वेबसाइट https://ireps.gov.in पर उपलब्ध है। 4. यदि निविदा सूचना के हिन्दी एवं अंग्रेजी संस्करण में अन्तर होता है तो निविदा सूचना के अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

**उप मुख्य इंजी./ गो0 क्षे.**

मुजाधि/डब्लू-133

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट / जोन | Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway |
| नीलामी सूची सं. | AUCTIONCatrgMPS |
| कार्य का विवरण | Allotment of Catering & MPS Stalls at various stations of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years. |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.05.2026 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लाट) | 08.06.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बंद करने की तिथि व समय | 08.06.2026 at 11:50 hrs. |
| वेबसाइट विवरण जहां पंजीकृत बोलिदातयों द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

Details of catering stalls to be auctioned are as under:-

| SN | Station | Lot No | Stall ID | Close Date/Time | Quota | Sub Quota |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | GAURIGANJ | Catg-LKO-GNG-GMU-71-24-1 | GNG/PF-1/18/ADDL | 08.06.2026 at 11:30 hrs. | GMU | WOMEN |
| 2 | AYODHYA DHAM | Catg-LKO-AY-SMU-195-26-1 | AY/PF-2/3/168 | 08.06.2026 at 11:40 hrs. | SMU | |
| 3 | AYODHYA DHAM | MPS-LKO-AY-MPS-17-25-1 | AY/1/20/MPS | 08.06.2026 at 11:50 hrs. | | |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1819/2026

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्यों के लिए "खुली" निविदा वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सा., पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है :

**निविदा सं. :** वमंविइ-लजं.-12-2026, **कार्य का विवरण :** पीजे, एमएसडब्ल्यू, जेएलडी और पीपीडब्ल्यू में महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग शौचालयों के साथ साझा प्रतीक्षा कक्ष की व्यवस्था, एलजेएन डिवीजन में दिव्यांगगंज के साथ यात्री शौचालय की व्यवस्था, एलजेएन डिवीजन के ऊपर यातायात सहायक पॉइंट्समैन के लिए 46 शेड की व्यवस्था, दूरसंचार उपकरणों की सुरक्षा के लिए आइसोलेशन ट्रांसफार्मर, बैटरी चार्जर, एसपीडी बॉक्स और अर्थिंग की व्यवस्था, और एलजेएन डिवीजन के ऊपर 8 एलसी गेटों के इंटरलॉकिंग की व्यवस्था, **अनुमानित लागत :** रु.84,18,680.61, **बयाना राशिः** रु.1,68,400.00, **निविदा मूल्य :** रु. 00.00, **कार्य सम्पादन की अवधि :** 06 माह। **निविदा सं. :** वमंविइ-लजं.-13-2026, **कार्य का विवरण :** एसटीपी-एसपीसी, बीवीएन-बीयूडब्ल्यू के बीच शेष विविध कार्यों को पूरा करने के लिए विद्युत कार्य, एसएसई/एसटीपी खंड में दोहरीकरण परियोजना, एलजेएन-डिवीजन के ऊपर बीवीएन, एलजेएन-डिवीजन के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर प्लेटफार्मों पर 30 और 70 प्रतिशत प्रकाश व्यवस्था का पृथक्करण, बीयूडब्ल्यू स्टेशन पर विद्युत डिपो कार्यालय का प्रावधान, सिदौली और आटरिया में यात्रियों की आवश्यकता के अनुसार यात्री सुविधाओं में सुधार और एमबीपी पर स्टेबलिंग लाइनों का प्रावधान, स्टेशन भवन का अग्रभाग कार्य और एलएमपी स्टेशन पर परिसंचार क्षेत्र में अन्य संबंधित विविध कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 1,74,61,309.86, **बयाना राशि :** रु. 3,49,200.00, **निविदा मूल्य :** रु. 00.00, **कार्य सम्पादन की अवधि :** 06 माह। **निविदा सं. :** वमंविइ-लजं.-14-2026, **कार्य का विवरण :** जेकेएनआई हॉल्ट स्टेशन पर यात्री सुविधाओं में सुधार से संबंधित विद्युत कार्य, पीएफ नंबर 2 और पीपी शेल्टर की ऊंचाई बढ़ाना जैसे प्रमुख सुधार कार्य, बीएलपी पर 50000 गैलन का आरसीसी ओएचटी और 1 गहरे ट्यूबवेल का प्रावधान, वैगन आरओएच डिपो के बुनियादी ढांचे का उन्नयन, जीडी क्षेत्र में सर्विस बिल्डिंग की रीवायरिंग, गोंडा जंक्शन पर आरओएच शेड का विस्तार, जीडी में 40 बिस्तरों वाला नया रनिंग रूम का निर्माण (कुल 40 बिस्तर), **अनुमानित लागत :** रु. 2,30,14,408.93, **बयाना राशि :** रु. 4,60,300.00, **निविदा मूल्य :** रु. 00.00, **कार्य सम्पादन की अवधि :** 06 माह। **उक्त निविदा बंद होने की अंतिम तिथि व समय :** 22.06.2026 को 15.00 बजे।

**नोट :-** इस निविदा के विरूद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु, कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट http://www.ireps.gov.in को देखें। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित शुद्धि पत्र (यदि कोई हो) को वेबसाइट पर संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सामान्य, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ**

मुजाधि/विद्युत-53

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**

स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***

फोन : 0522-4043151

swatantrabharat77@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।

**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।**

